


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

## होली मनाने पर लगी रोक तो बीजेपी महिला विधायक ने निकाली विशाल शोभायात्रा

कोलकाता,14 मार्च (एजेंसियां)। पूरे देश में शुक्रवार को रंगों का त्योहार होली बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। ऐसे में इस त्योहार से पहले पश्चिम बंगाल में राज्य सरकार द्वारा लगी प्रतिबंध पर जमकर हंगामा मचा हुआ। सरकार ने बीरभूम जिले के शांतिनिकेतन में लोकप्रिय सोनाझुरी हाट में होली के आयोजन पर यह कहते हुए रोक लगा दी कि इससे वन क्षेत्र के ग्रीन बेल्ट को नुकसान होगा। सोनाझुरी हाट विश्व भारती के शांतिनिकेतन कैंपस में स्थित है, जिसे यूनेस्को से हेरिटेज साइट का दर्जा प्राप्त है।

वर्ष-29 अंक : 352 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) चैत्र कृ. 1 2081 शनिवार, 15 मार्च-2025 प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर *पृष्ठ 16 मूल्य: 8 रुपये

# देशभर में होली का जश्न

## रामलला के हाथों में धनुष की जगह पिचकारी; संभल में मस्जिद के सामने से जुलूस निकला; बॉर्डर पर बीएसएफए जवानों ने खेली होली



अयोध्या में होली के मौके पर रामलला ने धनुष की जगह सोने की पिचकारी धारण की

**अयोध्या,14 मार्च (एजेंसियां)।**

देशभर में आज होली का त्योहार मनाया जा रहा है। अयोध्या में रामलला ने हाथों में धनुष की जगह पिचकारी धारण की। मध्य प्रदेश के उज्जैन में पुजारियों ने बाबा महाकाल और नंदी को गुलाल लगाया। वहीं ओडिशा के पुरी में सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने राधा-कृष्ण की तस्वीर के साथ होली का सैंड आर्ट बनाया। यूपी में सुबह से ही लोगों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाया। संभल में लोग जश्न मनाते हुए डीजे पर नाच रहे हैं। मस्जिद के सामने से शांतिपूर्वक जुलूस निकाला गया। राज्य में कई जिलों में पुलिस प्रशासन अलर्ट पर है। रंग से बचाने के लिए एहतियात के तौर पर कई जगहों पर मस्जिदों को तिरपाल से ढंका जा रहा है। सबसे ज्यादा 109 मस्जिदें यूपी के बरेली में ढंकी गई हैं। शाहजहांपुर में 67 और संभल में 10 मस्जिदों को ढंका गया है।

## शाहजहांपुर में होली जुलूस में उपद्रव

### लाठीचार्ज:युवकों ने पत्थर फेंके तो पुलिस ने दौड़ाकर खदेड़ा; सदर बाजार में भगदड

शाहजहांपुर,14 मार्च (एजेंसियां)। 64 साल बाद होली और रमजान का जुमा एक साथ पड़ा है। 4 मार्च 1961 यानी 64 साल बाद ऐसा मौका आया है। यूपी में किसी भी अव्यवस्था या हुड़दंग से बचने के लिए पुलिस हाई अलर्ट पर है। मस्जिदों के बाहर फोर्स तैनात है। जगह-जगह ड्रोन से निगरानी की जा रही है। शाहजहांपुर में होली पर लाट साहब का जुलूस निकल रहा था। पीछे-पीछे पुलिस चल रही थी। कुछ युवा जुलूस से काफी पीछे नाचते-गाते हुए झुंड बनाकर चल रहे थे। इनमें से कुछ लोगों ने पुलिस पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस ने उपद्रव कर रहे लड़कों को दौड़ाकर पीटा। करीब 10-15 मिनट बाद मामला शांत हो गया। पुलिस ने कहा-हुड़दंग करने वालों की पहचान कराई जा रही है। लाट साहब का जुलूस शांतिपूर्वक निकल गया। घटना सदर बाजार थाना क्षेत्र के खेरनीबाग इलाके की है। संभल में सीओ अनुज चौधरी ने फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया। कहा- लगातार पेट्रोलिंग की जा रही, स्थिति सामान्य है। मस्जिद के सामने से शांतिपूर्वक तरीके से होली का जुलूस निकाला गया। अलीगढ़ में पैरामिलिट्री फोर्स को लगाया है।

# अपने बयान पर अड़े तुषार गांधी



तिरुवनंतपुरम, कोच्चि, 14 मार्च (एजेंसियां)। महात्मा गांधी के पडपोते तुषार गांधी ने शुक्रवार को साफ कहा कि वह अपने हालिया बयानों को वापस नहीं लेंगे और न ही माफी मांगेंगे। उनके इस बयान के बाद भाजपा और आरएसएस ने उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। दरअसल, तुषार गांधी ने तिरुवनंतपुरम के नेय्यातिनकरा में गांधीवादी पी.गोपीनाथन नायर की प्रतिमा के अनावरण के दौरान भाजपा और आरएसएस को खतरनाक और छिपे हुए दुश्मन बताया था। उन्होंने आरएसएस को जहर भी कहा, जिसके बाद भाजपा-आरएसएस कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ नारेबाजी की और उनकी कार रोकने की कोशिश की।

शुक्रवार को कोच्चि के अलुवा में एक कार्यक्रम में तुषार गांधी ने कहा, 'मैंने जो कहा, उसमें कोई बदलाव नहीं करूंगा और न ही माफी मांगूंगा। इस घटना ने मेरी हिम्मत और बढ़ा दी है। हमें अब आजादी की लड़ाई से भी ज्यादा जरूरी लड़ाई लड़नी है। हमारा एक साझा दुश्मन है – संघ, जिसे बेनकाब करना जरूरी है।' उन्होंने आगे कहा कि उन्हें डर है कि 'मेरे पडदादा (महात्मा गांधी) के हत्यारों के वंशज कहीं गांधी जी की मूर्ति पर भी गोलियां न चला दें, क्योंकि वे यही करने के आदी हैं।'

**भाजपा का तुषार गांधी पर पलटवार**

भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन ने तुषार गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 'वह सिर्फ संयोग से गांधी परिवार में पैदा हुए हैं और महात्मा गांधी के नाम का इस्तेमाल कर रहे हैं।' इस दौरान उन्होंने तुषार गांधी की गिरफ्तारी की मांग भी की। उन्होंने यह भी कहा कि 'जो लोग तुषार गांधी को प्रतिमा अनावरण के लिए बुला रहे थे, शायद उन्हें उनके विचारों के बारे में पता नहीं था।'

**भाजपा कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी**

इस विवाद के बीच, केरल पुलिस ने बुधवार को नेय्यातिनकरा में तुषार गांधी के खिलाफ नारेबाजी करने वाले पांच आरएसएस-बीजेपी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ दंगा करने और गलत तरीके से रोकने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 189(2), 191(2), 190 और 126(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## राष्ट्रपति-पीएम ने दी बधाई



नई दिल्ली,14 मार्च (एजेंसियां)। आज पूरे देश में रंगों का त्योहार होली पूरे उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई हस्तियों ने देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से लेकर बंगाल तक लोग एक दूसरे को रंग और गुलाल लगा कर होली की बधाई दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश में ब्रज की होली भी दुनियाभर में चर्चित है। जानिए, आज देशभर में कैसे मनाई जा रही है होली,

# देशभर में होली के बीच जुमे की नमाज अदा

### बिहार में सड़क पर नमाज, हुडदंग से बचने के लिए देश भर में प्रशासन एलर्ट रहा



नई दिल्ली,14 मार्च (एजेंसियां)। देशभर में आज होली मनाई जा रही है। साथ ही रमजान के जुमे की नमाज भी पढ़ी गई। 4 मार्च 1961 यानी 64 साल बाद ऐसा मौका पहली बार आया है। किसी भी अव्यवस्था या हुड़दंग से बचने के लिए देशभर में पुलिस-प्रशासन अलर्ट है। संवेदनशील राज्यों में फ्लैग मार्च किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान के अति संवेदनशील इलाकों में ड्रोन-सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। उत्तर प्रदेश के बरेली, शाहजहांपुर, अलीगढ़, संभल समेत कई जिलों की मस्जिदों को तिरपाल से ढंक दिया गया है। ताकि होली के जुलूस के दौरान विवाद की स्थिति न बने। मध्य प्रदेश में इंदौर के महू में पुलिस ने मुस्लिम समुदाय से अपील की है कि यदि होली के रंगों से दिक्कत हो तो मस्जिदों को प्लास्टिक से कवर कर दें। छत्तीसगढ़ में जुमे की नमाज के समय में बदलाव किया गया है। होली के दिन मस्जिदों में दोपहर 1 बजे होने वाली नमाज अब 2 से 3 बजे के बीच होगी।

# होली के दिन येदियुरप्पा को बड़ी राहत

### पॉक्सो मामले में पेशी से हाईकोर्ट ने दी राहत

बंगलूरू,14 मार्च (एजेंसियां)। होली के पावन पर्व पर कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को बड़ी राहत मिली है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने वरिष्ठ भाजपा नेता को निचली अदालत के सामने पेश होने की अनिवार्यता से छूट दे दी है। दरअसल, येदियुरप्प को 15 मार्च को पॉक्सो मामले के सिलसिले में अदालत में पेश होना था। हालांकि, अब उच्च न्यायालय ने निचली अदालत की ओर से बीएस येदियुरप्पा को जारी समन पर रोक लगा दी है।

**क्या है मामला?**

इससे पहले पिछले महीने पॉक्सो मामले की अदालत ने येदियुरप्पा समेत अन्य आरोपियों को तलब किया था। अगली सुनवाई पहली फास्ट ट्रैक कोर्ट में होने की बात कही गई थी। कोर्ट ने सह-आरोपी वाईएम अरुणा, रुद्रेश और मारुलासिद्धैया जी। मरिस्वामी को भी समन किया था। इन सभी को पेश होने के लिए कहा गया था।

**हाईकोर्ट ने पॉक्सो मामले में अग्रिम जमानत दी थी**

हाईकोर्ट ने हाल ही में पूर्व सीएम येदियुरप्पा को पॉक्सो मामले में अग्रिम जमानत दी थी। बीएस येदियुरप्पा को बड़ी राहत देते हुए हाईकोर्ट ने येदियुरप्पा को गिरफ्तार न करने का निर्देश दिया था। मुकदमे में पहले उन्हें हाजिरी से छूट दी गई थी।

**हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा था**

इससे पहले कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा था। हाईकोर्ट ने एक नाबालिग से यौन उत्पीड़न के मामले में उनके खिलाफ दर्ज पॉक्सो केस को खारिज करने से मना कर दिया था और मामले को



ट्रायल कोर्ट में वापस भेज दिया था। हालांकि, इसके साथ ही कोर्ट ने येदियुरप्पा को आंशिक राहत देते हुए अग्रिम जमानत दे दी थी। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाया था। जस्टिस नागप्रसन्ना ने ही पहले येदियुरप्पा को गिरफ्तारी के खिलाफ अंतरिम संरक्षण दिया था।

**येदियुरप्पा पर क्या लगे हैं आरोप?**

बीएस येदियुरप्पा पर भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के साथ-साथ बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह मामला पिछले साल 14 मार्च को 17 वर्षीय एक लड़की की मां की शिकायत पर दर्ज किया गया था। महिला ने आरोप लगाया था कि येदियुरप्पा ने दो फरवरी को यहां डॉलर्स कॉलोनी में अपने आवास पर एक भेंट के दौरान उसकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया था। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने नाबालिग के यौन उत्पीड़न के लिए पोक्सो अधिनियम की धारा 8 और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 (ए) के तहत येदियुरप्पा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

# खनन घोटाले में आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की संलिप्तता

## बीजद नेता बद्री नारायण पात्रा का बड़ा आरोप

भुवनेश्वर,14 मार्च (एजेंसियां)। ओडिशा के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ बीजेडी नेता बद्री नारायण पात्रा ने राज्य के खनन घोटाले में एक आईएएस और एक आईपीएस अधिकारी के शामिल होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ये अधिकारी क्योंझर जिले में करोड़ों के अवैध खनन और परिवहन घोटाले को बढ़ावा देने में शामिल थे। यह आरोप तब सामने आया जब ओडिशा क्राइम ब्रांच की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बीजू युवा जनता दल (बीवाईजेडी) के उपाध्यक्ष सौम्य शंकर चक्र (राजा चक्र) को अवैध खनन में उनकी कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया। बीजद के वरिष्ठ नेता और छह बार विधायक रह चुके बद्री नारायण पात्रा ने कहा, 'मेरी जानकारी के अनुसार, उस समय के जिलाधिकारी (कलेक्टर)



और पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने राजा चक्र को पूरा संरक्षण दिया था। वे भी इस अवैध काम का हिस्सा थे और उन्हें भी खनिजों की लूट में हिस्सा मिलता था।'

उन्होंने आगे आरोप लगाया कि ये अधिकारी क्योंझर जिले में 5-6 साल तक तैनात रहे और इस दौरान बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं और घूसखोरी हुई। सूत्रों के मुताबिक, 2010 बैच के एक ओडिशा कैडर के आईपीएस अधिकारी क्योंझर जिले में लंबे समय तक पुलिस अधीक्षक के रूप में तैनात थे। राजा चक्र उसी दौरान अवैध खनन और परिवहन में सक्रिय था। इसी तरह, बद्री नारायण पात्रा ने 2011 बैच के एक महाराष्ट्र मूल के आईएएस अधिकारी का नाम लेते हुए कहा कि 'उन्होंने 2018 से 2024 तक क्योंझर के कलेक्टर के रूप में काम किया और अब भी राजा चक्र के अवैध पैसों में हिस्सा ले रहे होंगे।'

**मुख्यमंत्री कार्यालय को दी थी सूचना**

बीजद नेता ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने 2024 के चुनाव से पहले मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) में एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को गोपनीय रिपोर्ट सौंपी थी। उन्होंने उस रिपोर्ट में क्योंझर जिले में बड़े पैमाने पर हो रही अनियमितताओं की जानकारी दी थी। उन्होंने कहा, 'मैंने उस समय आगाह किया था कि यह घोटाला बीजेडी के चुनावी प्रदर्शन को नुकसान पहुंचा सकता है, और यही हुआ।' हालांकि, जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने इस बारे में तत्कालीन मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को बताया था, तो उन्होंने कहा, 'नहीं, मैंने उनसे कुछ नहीं कहा, लेकिन उनकी ऑफिस में रिपोर्ट जरूर दी थी।'

## 'आप यह क्यों सोचते हैं कि पूरी दुनिया को हिंदी ही बोलनी चाहिए?', कनिमोझी



नई दिल्ली,14 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को लेकर केंद्र सरकार और तमिलनाडु की डीएमके सरकार में ठनी हुई है। इस हफ्ते संसद में भी इस मुद्दे पर काफी बहस और तकरार दिखी। डीएमके क्यों एनईपी का विरोध कर रही है और क्यों डीएमके नेताओं का हिंदी को लेकर इतना विरोध है? इस मुद्दे पर एनबीटी की पूनम पाण्डे ने बात की डीएमके नेता और सांसद कनिमोझी करुणानिधि से। पेश हैं बातचीत के प्रमुख अंश- केंद्र सरकार को समझना होगा कि यह संघर्ष आज से शुरू नहीं हुआ है। यह 1930 के दशक में हिंदी थोपने के खिलाफ शुरू हुआ था।

तो इसे राजनीति कैसे कहा जा सकता है? और यह आंदोलन एम. के. स्टालिन ने नहीं शुरू किया था। यह आंदोलन विभिन्न क्षेत्रों, विचारधाराओं और राजनीतिक पृष्ठभूमि के नेताओं ने शुरू किया जो बाद में जनआंदोलन बन गया। तमिलनाडु ने इस संघर्ष में अपने लोगों की जान गंवाई है।

## 12 मंजिला मकान में आग, तीन लोगों की मौत; 40 का रेस्क्यू

राजकोट,14 मार्च (एजेंसियां)। गुजरात के राजकोट शहर में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां सुबह-सुबह 12 मंजिला एक आवासीय इमारत में भीषण आग लग गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया है। अधिकारियों की मानें तो घटना 150 फुट रिंग रोड इलाके में हुई। यहां एक 12 मंजिला इमारत में आग लग गई। हालांकि इस इमारत में फंसे लगभग 40 निवासियों को बचा लिया गया। इस दुखद हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत खराब है। सहायक पुलिस आयुक्त बी। जे। चौधरी ने कहा, ''सुबह लगभग साढ़े नौ बजे अटलांटिस अपार्टमेंट की छठी मंजिल पर एक फ्लैट में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।'



# दो वर्षीय बच्चे की हत्या के मामले में हाईकोर्ट का फैसला

## सजा को किया रद्द; सबूतों के अभाव में आरोपी रिहा



जम्मू,14 मार्च (एजेंसियां)। वर्ष 2013 में मामला दर्ज किया गया था। हाईकोर्ट के न्यायाधीश संजीव कुमार व मोक्षा खजूरिया काजमी की खंडपीठ ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि अभियोजन पक्ष यह स्थापित करने में सफल हो सकता है कि बच्चे की मृत्यु जहर दिए जाने के कारण हुई। फिर भी रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है, जिससे यह साबित हो सके कि अपीलकर्ता द्वारा जहर दिया गया था। बोतल में बचे हुए जहर की बरामदगी बिल्कुल भी साबित नहीं हुई है। हमारे लिए अभियोजन पक्ष की कहानी पर विश्वास करना मुश्किल है कि अपीलकर्ता ने बच्चे को जहर दिया, जिसे वह एक छोटी बोतल में लाया था। जहर देने के बाद अपीलकर्ता ने बचे हुए जहर वाली बोतल को खेतों में छिपा दिया। इसे अभियोजन पक्ष ने घटना के एक महीने से अधिक समय बाद बरामद किया।खंडपीठ ने कहा कि एक व्यक्ति जो किसी व्यक्ति को मारने के लिए जहर देता है, वह बचे हुए जहर को महीनों तक अपने पास नहीं रखेगा। पुलिस के आने और उसे उससे बरामद करने का इंतजार नहीं करेगा। ऐसे व्यक्ति का स्वाभाविक आचरण यह होता है कि वह अपने शिकार को जहर देने के बाद बचे हुए जहर को फेंककर सबूत नष्ट कर देता है। इन टिप्पणियों के साथ खंडपीठ ने ट्रायल कोर्ट द्वारा दर्ज किए गए दोषसिद्धि के फैसले को रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों के अनुरूप नहीं पाया। इन दलीलों के साथ ट्रायल कोर्ट का फैसला खारिज कर दिया।

# 'शरद खेमे में आने वाला है भूकंप

## जयंत पाटिल भी अजित पवार के साथ आएंगे', फडणवीस के मंत्री का दावा



मुंबई,14 मार्च (एजेंसियां)। एनसीपी (शरद) के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल को लेकर महाराष्ट्र के मंत्री और शिवसेना नेता संजय शिरसाट ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि एनसीपी (शरद) में भूकंप आने वाला है। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयंत पाटिल शरद पवार की पार्टी छोड़कर अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी में शामिल होंगे। दरअसल एनसीपी (शरद) के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने पिछले दिनों कहा था कि उनके बारे में कुछ भी निश्चित नहीं है। इसके बाद चर्चा तेज हो गई कि वह एनसीपी (एसपी) छोड़ सकते हैं। इसे लेकर शिरसाट ने कहा कि मैंने पहले भी यह कहा है कि जयंत पाटिल लंबे समय तक एनसीपी (एसपी) में रहने के मूड में नहीं हैं। शरद पवार की पार्टी में भूकंप आएगा। आप जयंत पाटिल को अजित पवार की एनसीपी (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) में शामिल होते देखेंगे। वहीं एनसीपी के मंत्री हसन मुश्रीफ ने कहा कि यह स्पष्ट है कि पाटिल परेशान हैं। उन्हें पता है कि राजनीति करना और अगले पांच साल तक एनसीपी (एसपी) को बरकरार रखना मुश्किल है। एनसीपी (शरद) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने शिरसाट के दावे को चापलूसी भरा बताया। उन्होंने कहा कि प्रतिद्वंद्वियों को अपनी बड़ी संगठनात्मक ताकत के बावजूद जयंत पाटिल की जरूरत है। कांग्रेस विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि पाटिल एनसीपी (एसपी) की राज्य इकाई के प्रमुख हैं। मैं उनकी टिप्पणी के पीछे के निष्कर्ष के बारे में निश्चित नहीं हूं। वह एक वरिष्ठ राजनेता हैं। आठ बार विधायक रह चुके हैं और जिम्मेदार पदों पर रह चुके हैं। शरद पवार द्वारा स्थापित एनसीपी 2023 में विभाजित हो गई थी, जब अजित पवार अपने समर्थकों के साथ पार्टी से बाहर चले गए और महायुति के साथ जुड़ गए।

**महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की हुई जीत**

राज्य में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला महायुति और महा विकास अघाड़ी गठबंधनों के बीच था। जिसमें महायुति ने बाजी मारते हुए 288 विधानसभा सीटों में से 230 सीटों पर जीत हासिल की है। इसमें भाजपा ने अकेले 132 सीट, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 और अजित पवार गुट की एनसीपी ने 41 सीटों पर जीत हासिल की है। महायुति गठबंधन के तीनों घटक दल भाजपा, शिवसेना और एनसीपी क्रमशः राज्य की शीर्ष तीन पार्टियां हैं।

# मणिपुर में पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

## चार उग्रवादियों को किया गिरफ्तार



इंफाल,14 मार्च (एजेंसियां)। मणिपुर में शांति स्थापित करने की कोशिशों में प्रशासन को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने बताया है कि इंफाल घाटी के विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के चार उग्रवादियों को अलग-अलग अभियानों में गिरफ्तार किया गया है। इन उग्रवादियों के पास से बड़ी संख्या में हथियार भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने शुक्रवार को इस पूरे ऑपरेशन के बारे में जानकारी साझा की है। मणिपुर पुलिस ने बताया है कि इंफाल पश्चिम जिले के सागोलबंद सयांग कुराओ माखोंग में गुरुवार को पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की एक सदस्य को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए उग्रवादी की पहचान 46 साल की थोकचोम ओंगबी अनीता देवी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्तौल, एक मैगजीन, 33 कारतूस, पांच सिम कार्ड और छह मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस ने भारत-म्यांमा सीमा के पास से प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ-के) के एक सदस्य को भी गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान इंफाल ईस्ट जिले के खुरई चैरेनथोंग की निवासी 22 साल की मोइरंगथम रिकी सिंह के रूप में हुई है। उसे तेनुगोपाल जिले में गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा प्रतिबंधित पीआरईपीएके के एक सक्रिय सदस्य को काकचिंग जिले के सेकमाइजिन निंगोलखोंग से गिरफ्तार किया गया है। इसकी पहचान 33 साल के बिशोरजीत मेइती के रूप में हुई है। मणिपुर पुलिस ने शुक्रवार को बताया है कि उन्होंने एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। इस शख्स पर लकड़ियों के परिवहन करने वाले वाहनों से जबरन रुपये वसूलने का आरोप लगा है।

# दिल्ली हवाई अड्डे के दो कर्मचारी यात्री के बैग से 2500 अमेरिकी डॉलर चुराने के आरोप में गिरफ्तार



नई दिल्ली,14 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली हवाई अड्डे के दो कर्मचारियों को एक यात्री के बैग से 2,500 अमेरिकी डॉलर चुराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डीआईएएल) के खोया-पाया विभाग के कनिष्ठ प्रबंधक गौरव कुमार (38) और ऑपरेटर प्रकाश चंद (59) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, कुमार और प्रकाश ने उनके कार्यालय में रखे एक बैग से पैसे चुराए और उसे बराबर-बराबर बांट लिया। एक अमेरिकी नागरिक और 'ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया' (ओसीआई) कार्डधारक रोशन पटेल 11 सितंबर, 2024 को दिल्ली पहुंचीं और उन्होंने पाया कि उनका बैग गायब है। बाद में बैग को ढूंढकर हवाई अड्डे के खोया-पाया विभाग में जमा करा दिया गया। पुलिस ने बताया कि बैग वापस लेने के बाद पटेल ने पाया कि उसमें से नकदी गायब है और उन्होंने मामले की शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद मामले में कुमार और प्रकाश की संलिप्तता पायी गई।

### पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई की नेहा से बात कर यूपी से रविंद्र लीक कर रहा था देश की जानकारी! यूपी एटीएस ने दबोचा

आगरा,14 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश स्थित आगरा में राज्य के आतंक निरोधी दस्ते ने ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में कार्यरत एक शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि फिरोजाबाद में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में कार्यरत रवींद्र कुमार समेत 1 और शख्स को गिफ्तार किया है। आरोप है कि यह दोनों पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई तक संवेदनशाली जानकारियां साझा कर रहे थे। यूपी एटीएस ने आगरा से रविंद्र कुमार और उसके साथी को गिरफ्तार किया है।पकड़ा गया रविंद्र ऑर्डिनेंस फैक्ट्री फिरोजाबाद में चार्जमेन के पद पर है। पकड़े गए रविंद्र कुमार के मोबाइल से फिरोजाबाद के हजरतपुर में स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के कई महत्वपूर्ण जानकारियां, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की डेली प्रोडक्शन रिपोर्ट जिसमें ड्रोन, गगनयान प्रोजेक्ट व अन्य गोपनीय जानकारी, स्क्रीनिंग कमेटी का कॉन्फिडेंशियल लेटर, पेंडिंग रिक्यूजिशन लिस्ट आईएसआई के लिए जासूसी कर रही महिला को भेजी थी।

# मीरवाइज उमर फारूक को नजरबंद किया गया

## जामिया मस्जिद में सामूहिक नमाज की अनुमति नहीं



जम्मू,14 मार्च (एजेंसियां)। कश्मीर में हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक को नजरबंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है। मीरवाइज को जामिया मस्जिद में सामूहिक नमाज अदा करने की अनुमति नहीं दी गई है। अधिकारियों के मुताबिक, मीरवाइज उमर फारूक को श्रीनगर के निगीन इलाके में स्थित उनके आवास पर हिरासत में रखा गया है।

**जामिया मस्जिद जाने वाले थे फारूक**

दरअसल, केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक सामूहिक नमाज अदा करने के लिए नौहट्टा इलाके में जामिया मस्जिद जाने वाले थे। बता दें कि वह ऐतिहासिक मस्जिद में धार्मिक संबोधन देते हैं। हालांकि, उन्हें उनके आवास पर नजरबंद कर दिया गया।

**फारूक की अवामी एक्शन कमेटी पर प्रतिबंध**

इससे पहले इस सप्ताह की शुरुआत में केंद्र सरकार ने मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाली अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) और शिया नेता मसरूर अब्बास अंसारी के नेतृत्व वाली जम्मू कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन (जेकेआईएम) पर 5 साल का प्रतिबंध लगा दिया है। इन पर कथित राष्ट्रविरोधी गतिविधियों, आतंकवाद का समर्थन करने और अलगाववादी गतिविधियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है।

**अंजुमन औकाफ जामा मस्जिद ने निंदा की**

हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक को नजरबंद करने की घटना की जामिया मस्जिद की प्रबंध संस्था 'अंजुमन औकाफ जामा मस्जिद' ने निंदा की है। जारी किए गए बयान में कहा गया- ''अधिकारियों का यह मनमाना और अनुचित कदम रमज़ान के पवित्र महीने के दौरान आता है, जो दुनियाभर में मुसलमानों के लिए अत्यधिक आध्यात्मिक महत्व का महीना है।''

# रेलवे फाटक तोड़कर पटरी पर जा पहुंचा ट्रक, सामने से आ रही ट्रेन ने मारी जोरदार टक्कर; उड़े परखच्चे



जलगांव,14 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के बोदवल रेलवे स्टेशन के पास सुबह बड़ा हादसा होते-होते टल गया। एक अनधिकृत रेलवे क्रॉसिंग से गुजरते समय गेहूं से भरा ट्रक रेलवे फाटक तोड़ते हुए पटरियों पर पहुंच गया। इसी बीच तेज रफ्तार से आ रही अंबा एक्सप्रेस (मुंबई-अमरावती) ने ट्रक को टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में ट्रक के दो टुकड़े हो गए और उसका आगे का हिस्सा रेलवे इंजन से चिपक गया। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन रेलवे को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा। इस हादसे के बाद मध्य रेलवे के मुंबई-कोलकाता मार्ग पर ओवरहेड इलेक्ट्रिक वायर क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे इस रूट पर रेल यातायात बाधित हो गया। रेलवे प्रशासन के अनुसार, घटना सुबह 4:30 बजे हुई थी। फिलहाल इस रूट पर मरम्मत का काम तेजी से किया जा रहा है। रेलवे की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक थोड़ी देर के भीतर रेलवे ट्रैक को बहाल कर दिया जाएगा और यातायात सुचारू रूप से शुरू हो सकेगा। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक ने नियमों की अनदेखी करते हुए जबरन रेलवे क्रॉसिंग पार करने की कोशिश की, जिससे यह हादसा हुआ। रेलवे प्रशासन ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है और ट्रक चालक की लापरवाही को लेकर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। ऐसी ही एक घटना सोमवार को ओड़िशा के रायगढ़ा-मलकानगिरी-कोरापुट रेल लाइन पर हुई थी। जानकारी के अनुसार, यहां सिकरपाई और भालुमास्का स्टेशनों के बीच एक मालगाड़ी ने एक एंबुलेंस को टक्कर मार दी। इसके बाद भी ट्रेन नहीं रुकी और करीब 100 मीटर तक एंबुलेंस की घसीट दिया।

# फरीदकोट में मुठभेड़

## बंबीहा गैंग का शूटर गिरफ्तार, रुकने का इशारा करने पर पुलिस पर दागी थीं गोलियां

फरीदकोट,14 मार्च (एजेंसियां)। फरीदकोट में एटी गैंगस्टर टास्क फोर्स और सीआईए जैतो की संयुक्त टीम ने दविंदर बंबीहा गैंग के एक गुर्गे को गिरफ्तार किया है। एसएसपी फरीदकोट डॉ। प्रज्ञा जैन के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी मनप्रीत सिंह उर्फ मनी मोगा के गांव तलवंडी भंगेरिया का रहने वाला है। वह विदेशी गैंगस्टर गौरव उर्फ लक्की पटियाल और दविंदर बंबीहा गैंग का शूटर है। पुलिस को सूचना मिली थी कि मनप्रीत फरीदकोट के इलाकों में घूम रहा है। टीम ने गांव घूगियाना से सादिक रोड पर नाका लगाया। आरोपी मोटरसाइकिल पर आता दिखा। रुकने का इशारा करने पर उसने पुलिस टीम पर दो फायर कर दिए। इस दौरान उसका मोटरसाइकिल गिर गया। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी से .30 बोर की पिस्तौल और 4 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। उसकी मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई है। मनप्रीत मोगा के गांव कपूरा में 19 फरवरी को हुई एक हत्या में शामिल था। 26 फरवरी 2025 को जगराओं के राजा ढाबा पर हुई फायरिंग में भी इसका हाथ था।

### होली पर कॉस्टेबल-होमगार्ड समेत 3 की मौत, चंडीगढ़ में तेज रफ्तार कार ने कुचला

चंडीगढ़,14 मार्च (एजेंसियां)। होली के दिन चंडीगढ़ में भीषण सड़क हादसा हुआ है। यहां एक एक तेज रफ्तार कार ने तीन लोगों को कुचल दिया। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में एक पुलिस कांस्टेबल, एक होमगार्ड का जवान और एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस आरोपी कार चालक की तलाश में जुटी हुई है। चंडीगढ़-जीरकपुर बैरियर पर सुबह ये हादसा हुआ।एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार की टक्कर से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान चंडीगढ़ पुलिस के कांस्टेबल सुखदर्शन और होमगार्ड जवान राजेश के रूप में हुई है। वहीं, पुलिस तीसरे व्यक्ति की पहचान में जुटी हुई है। हादसे में दो अन्य कारें भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस की टीमें ड्राइवर की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस आसपास के इलाकों में तलाशी कर रही है। एक अधिकारी ने बताया कि मौके पर पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों के अलावा सीएफएसएल और फोरेंसिक टीम ने भी जांच की है।

## 'सीएमओ दिल्ली' को मिला ऑफिशियल एक्स हैंडल का कंट्रोल

# बीजेपी ने केजरीवाल पर लगाया था हाईजैक का आरोप



नई दिल्ली,14 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने गुरुवार को कहा कि उसका आधिकारिक एक्स हैंडल, जिसे तत्कालीन आम आदमी पार्टी सरकार ने सत्तारूढ़ होने वाली भाजपा सरकार को ''ठीक से नहीं सौंपा था'', अब बहाल कर लिया गया है। पिछले महीने तब एक विवाद खड़ा हो गया था जब पांच फरवरी को हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के कुछ ही दिन बाद 'सीएमओ दिल्ली एक्स हैंडल' का नाम बदलकर ''केजरीवालएटवर्क'' कर दिया गया था।

**बीजेपी ने केजरीवाल पर लगाया था आरोप**

8 फरवरी को घोषित नतीजों में भाजपा ने दिल्ली की 70 विधानसभा सीट में से 48 सीट जीतकर सत्ता हासिल कर ली थी। रेखा गुप्ता दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनीं। भाजपा ने आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर सीएमओ के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट को ₹हाईजैकर₹ करने का आरोप लगाया था और उपराज्यपाल वी के सक्सेना से हस्तक्षेप की मांग की थी। रेखा गुप्ता की अगुवाई वाले मुख्यमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हम दिल्ली के लोगों को सूचित करना चाहते हैं कि पिछली सरकार ने 'सीएमओ हैंडल' को ठीक से नहीं सौंपा था। 'एक्स' के नियमों के तहत, यह हैंडल अब मुख्यमंत्री कार्यालय के नियंत्रण में आ गया है। यह अब मुख्यमंत्री कार्यालय की महत्वपूर्ण जानकारी साझा करेगा।''

**सीएमओ ने 'एक्स' को लिखा था लेटर**

इससे पहले सीएमओ ने 'एक्स' को पत्र लिखकर उसका आधिकारिक हैंडल बहाल करने के लिए कहा था। भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ 'सीएमओ दिल्ली हैंडल' का नाम बदलकर केजरीवालएटवर्क करने और इसका इस्तेमाल अपने निजी पोस्ट के लिए करने को लेकर कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। पूर्व मुख्यमंत्री और आप नेता आतिशी ने इस कदम का बचाव करते हुए कहा था कि 'एक्स' के पास अकाउंट स्वामित्व के लिए स्पष्ट नीति और कानूनी दिशा-निर्देश हैं।

### अफसरों ने मशीनों की मरम्मत में बरती थी लापरवाही, चार अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा

भंडारा,14 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के भंडारा जिले में आयुध फैक्टरी में विस्फोट मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया है कि फैक्टरी के अधिकारियों ने मशीनों और उपकरणों की मरम्मत में लापरवाही बरती थी। यहां प्रशिक्षुओं को अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्रों में काम करने के लिए मजबूर किया जाता था। मामले में रक्षा उत्पादन इकाई के चार अधिकारियों के खिलाफ जवाहर नगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि पुलिस ने दुर्घटना के बाद गठित एक जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की है।

# 'जितने मामले दर्ज करने हैं कर लें लेकिन हम झुकेंगे नहीं', बीजेपी पर मनीष सिसोदिया का निशाना

नई दिल्ली,14 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आप नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। इस बीच आप नेता मनीष सिसोदिया की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि मेरे संज्ञान में आया है कि केंद्र सरकार ने स्कूल भवन और कक्षाओं के निर्माण के मामले में मेरे और सत्येंद्र जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

**हम बीजेपी के सामने नहीं झुकेंगे- सिसोदिया**

सिसोदिया ने कहा, मैं बीजेपी और केंद्र सरकार से कहना चाहता हूं- जितने मामले दर्ज करने हैं, दर्ज कर लें। चाहे वह मेरे खिलाफ हो, सत्येंद्र जैन के खिलाफ हो, आतिशी के खिलाफ हो, अरविंद केजरीवाल के खिलाफ हो या किसी और आप नेता के खिलाफ हो, हम बीजेपी के सामने झुकेंगे नहीं। लेकिन पहले यह जवाब दें कि कल होली है। आपने दिल्ली के परिवारों को जो मुफ्त सिलेंडर देने का वादा किया था, वह कहां है? बीजेपी ने दिल्ली की महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह देने वादा किया था, वह कब पूरा करेंगे?

**क्या है पूरा मामला?**


दरअसल, सेंट्रेल विजिलेंस कमिशन ने 17 फरवरी 2020 की रिपोर्ट में पीडब्ल्यूडी द्वारा दिल्ली सरकार के स्कूलों में क्लासरूम्स के निर्माण में गंभीर अनियमितताओं को उजागर किया था। 2000 करोड़ के कथित घोटाले में साल 2022 में दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय ने कथित घोटाले की जांच की सिफारिश की और मुख्य सचिव को एक रिपोर्ट सौंपी। जुलाई 2019 में बीजेपी नेता हरीश खुराना और कपिल मिश्रा ने इस कथित घोटाले में मामला दर्ज कराया था। कथित घोटाला करीब 12 हजार 748 क्लासरूम्स के निर्माण से जुड़ा है।

दिल्ली के लोगों से किए वाले पूरा करने में बीजेपी की दिलचस्पी नहीं- सौरभ भारद्वाज वहीं, आप नेता सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि बीजेपी अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ़ षडयंत्र रच रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी को दिल्ली के लोगों से किए गए वादों को पूरा करने में कोई दिलचस्पी या इरादा नहीं है। इनका एकमात्र एजेंडा लोगों की आवाज़ दबाने के लिए अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ़ षडयंत्र रचना है।

### फैक्टरियों से माल चुराकर बेचने वाली गैंग का खुलासा

नीमच,14 मार्च (एजेंसियां)। अडानी विल्मर प्लांट से 2150 कार्टन फॉर्च्यून तेल चोरी करने वाली अंतरराज्यीय गैंग का खुलासा हुआ है। नीमच पुलिस ने 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से एक टाटा मैजिक, मारुति स्विफ्ट कार, दो ट्रेलर, 760 लीटर फॉर्च्यून तेल और 5 लाख 31 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। 3 अक्टूबर को महावीर यादव ने थाना नीमच सिटी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि वह महावीर रोड लाइन्स के नाम से ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय करता है। अडानी विल्मर लिमिटेड से तेल भेजने के लिए ब्लैकबक ऐप के माध्यम से एक ट्रेलर बुक किया गया था। 29 सितंबर को 2150 कार्टन तेल ट्रेलर में लोड कर मुजफ्फरपुर के लिए रवाना किया गया,

# बिलासपुर में पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर चली गोलियां, शिमला रेफर, जीएसओ की हालत गंभीर



बिलासपुर,14 मार्च (एजेंसियां)। बिलासपुर में कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर कुछ अज्ञात लोगों ने गोलियां चला दी। वारदात उस समय हुई जब वह बिलासपुर में अपने आवास पर मौजूद थे। इस दौरान कुछ अज्ञात लोग वहां पर आए और बंदूक से उन पर गोलियां चला दी। गोलियां चलने के बाद बंबर को पहले किसी सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया था, पीएसओ को सीधे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन अब बंबर को भी अस्पताल पहुंचाया गया है। अब बंबर ठाकुर को आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया है, क्योंकि बंबर ठाकुर ने कहा कि उन्हें आईजीएमसी या पीजीआई रेफर करें उन्हें एम्स रेफर न करें। बंबर ठाकुर को टांग में गोली लगी है। उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक जिला अस्पताल मौके पर पहुंचे हैं। वहीं, पीएसओ को एम्स बिलासपुर रेफर किया गया है। पीएसओ की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि करीब 12 राउंड गोलियां चली हैं। पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर 23 फरवरी 2024 को रेल लाइन निर्माण कंपनी के कार्यालय के बाहर भी हमला हुआ था। इस दौरान 11 आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया था। इस हमले के बाद 20 जून 2024 को बंबर ठाकुर पर हमले के मुख्य आरोपी पर कोर्ट परिसर के बाहर गोलियां चलाई गई थी। इस मामले में पुलिस ने बंबर ठाकुर के बेटे सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

सुविचार

भगवान का बच्चा होने का अर्थ है-उनकी विशेषताओं को स्वयं से प्रत्यक्ष करना

# पोन्नम ने विरोध प्रदर्शन करने के लिए बीआरएस की आलोचना की



हैदराबाद, 14 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। परिवहन और बीसी कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने विधायक जगदीश रेड्डी के विधानसभा से निलंबन का विरोध करने के लिए बीआरएस नेताओं को फटकार लगाई है और उनके कार्यों को बेतुका बताया है। उन्होंने बताया कि जो लोग पहले लोकतंत्र को कमजोर करते थे, वे अब निलंबन को अलोकतांत्रिक करार दे रहे हैं। पोन्नम प्रभाकर ने बीआरएस पार्टी के लिए लोकतांत्रिक सिद्धांतों की बुनियादी समझ रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वे विधानसभा में अपेक्षित उचित आचरण को समझते हैं, लेकिन उनका जानबूझकर किया गया दुर्व्यवहार गलत इरादों को दर्शाता है, जिससे लोगों को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि विधानमंडल के दोनों सदन स्थापित परंपराओं और प्रोटोकॉल का पालन करते हैं। मंत्री ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह स्पीकर के बारे में सिर्फ इसलिए बेबुनियाद टिप्पणी कर रहे हैं, क्योंकि वह दलित नेता हैं। उन्होंने याद दिलाया कि बीआरएस पार्टी के सत्ता में रहने के दौरान उन्होंने विधान परिषद के चेयरमैन पर कागज फेंकने और विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने का सहारा लिया था, फिर भी उन्होंने उस समय लोकतंत्र के बारे में चिंता नहीं जताई। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विधानमंडल के सदनों में लोकतंत्र के नेता हैं, जबकि स्पीकर विधानसभा के प्रमुख हैं। पोन्नम प्रभाकर ने स्पीकर पर की गई टिप्पणी विधानसभा सिर्फ आपकी नहीं है की निंदा करते हुए इसे संसदीय अधिकारों का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि बीआरएस नेतृत्व ने यह नहीं कहा कि जगदीश रेड्डी के शब्द गलत थे।

# टीजीपीएससी ने ग्रुप-3 के नतीजे जारी किए



हैदराबाद, 14 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में ग्रुप-3 के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। तेलंगाना लोक सेवा आयोग (टीजीपीएससी) ने शुक्रवार को ये नतीजे घोषित किए, जिसमें पिछले साल नवंबर में परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों की सामान्य रैंक और अंक शामिल हैं। ग्रुप-3 परीक्षा के लिए अंतिम उत्तर कुंजी, मास्टर प्रश्न पत्र और ओएमआर शीट अब आधिकारिक वेबसाइट पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं। तेलंगाना राज्य में 1,365 ग्रुप-3 पदों के लिए कुल 5,36,400 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, लेकिन केवल 50.24 प्रतिशत ही परीक्षा में शामिल हुए, जो 17 और 18 नवंबर, 2024 को तीन पेपरों में आयोजित की गई थी।

# स्कूली लड़कियों को पोषण संबंधी सहायता के लिए समझौता

हैदराबाद, 14 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। बख्तरबंद वाहन निगम लिमिटेड (एवीएनएल), आयुध निर्माणी मेडक ने जिले में स्कूली लड़कियों के स्वास्थ्य और पोषण का समर्थन करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ), संगारेड्डी के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल के तहत, एवीएनएल अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के माध्यम से एमपीपीएस (गर्ल्स), कंडी मंडल, संगारेड्डी की छात्राओं को पोषण संबंधी पूरक खाद्य पदार्थ प्रदान करेगा।9.25 लाख रुपये मूल्य के इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य स्कूली लड़कियों के पोषण सेवन को बढ़ाना और उनके समग्र कल्याण को बढ़ावा देना है। समझौते के.सी. मोहन, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), एवीएनएल मेदक इकाई, और एस वेंकटेश्वरुलु, जिला शिक्षा अधिकारी, संगारेड्डी, दोनों संगठनों के अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। यह साझेदारी एवीएनएल के चल रहे सीएसआर प्रयासों में एक और मील का पत्थर है, जो इस क्षेत्र में सामाजिक जिम्मेदारी और शैक्षिक सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।



# राज्यपाल ने होली मनाया



हैदराबाद, 14 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने हैदराबाद में राजभवन परिसर में राजभवन के कर्मचारियों के बच्चों, अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ रंगों का जीवंत त्योहार होली मनाया। इस खुशी के अवसर पर राज्यपाल ने होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और तेलंगाना के लोगों को खुशियों, सद्भाव और एकजुटता की भावना से भरे इस मौसम की शुभकामनाएं दीं।

# मुझे मुख्यमंत्री बनने की कोई आकांक्षा नहीं

## सिंचाई मंत्री उत्तम के बयान से तन गईं लोगों की भौहें

हैदराबाद, 14 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी के इस बयान ने गुरुवार को राज्य की राजधानी में राजनीतिक पर्यवेक्षकों के बीच हलचल मचा दी कि वे अगले मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में नहीं हैं। मंत्री विधानसभा में अनौपचारिक बातचीत के दौरान मीडियाकर्मियों के एक सवाल का जवाब दे रहे थे। हुजूरनगर निर्वाचन क्षेत्र के लोकप्रिय नेता ने हालांकि खुद को इन अटकलों से दूर रखने की कोशिश की, लेकिन राजनीतिक हलकों में उनकी बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सका। अपनी बात को मजबूती से रखते हुए उन्होंने कहा कि बीआरएस प्रमुख और विपक्ष के नेता के चंद्रशेखर राव के बाद वह विधानसभा में सबसे



वरिष्ठ सदस्य हैं। भारतीय वायुसेना के पूर्व अधिकारी ने कहा कि मैं पहले ही इसी निर्वाचन क्षेत्र से सात बार चुनाव जीत चुका हूं। बीआरएस प्रमुख के चंद्रशेखर राव के बाद मैं सबसे वरिष्ठ सदस्य हूं। मुझे अगला मुख्यमंत्री बनने की कोई आकांक्षा नहीं है। जब एक पत्रकार ने बताया कि अगले चुनाव के बाद वह मुख्यमंत्री पद पर हो सकते हैं, तो उन्होंने यह कहते हुए सवाल टाल दिया कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के निर्देशों पर विचार करने के बाद चुनाव लड़ने पर फैसला करेंगे। सीएम पद पर सवाल जारी रहने पर उत्तम कुमार रेड्डी ने पत्रकारों से अपील की कि वे इस विषय को उजागर न करें, बल्कि हमारे द्वारा की जा रही सकारात्मक पहलों और कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। दिलचस्प बात यह है कि मुधोले से भाजपा विधायक रामा राव पटेल, जो सिंचाई मंत्री के कक्ष में गए थे, ने भी इच्छा जताई कि उत्तम कुमार रेड्डी मुख्यमंत्री बनें।

# अधिकारियों को सुस्ती के खिलाफ टीपीसीसी अध्यक्ष ने दी चेतावनी



हैदराबाद, 14 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। विवाद खड़ा करते हुए टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने गुरुवार को आईएएस अधिकारियों सहित सरकारी अधिकारियों को चेतावनी दी कि वे अपना व्यवहार सुधार लें, अन्यथा सरकार को "गंभीरता से सोचने" के लिए मजबूर होना पड़ेगा। गांधी भवन में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि निचले स्तर से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक में काम के प्रति सुस्ती है। इसके चलते कांग्रेस सरकार की छवि खराब हो रही है।

गौड़ ने कहा कि मीडिया के माध्यम से मैं अधिकारियों को चेतावनी दे रहा हूं। एमआरओ से लेकर आईएएस अधिकारियों तक कुछ अधिकारी अपने कर्तव्यों का पालन नहीं कर रहे हैं और इससे सरकार की छवि खराब हो रही है। वे सुस्त हैं। यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि राजनेता और अधिकारी चाहे जो भी हों, वे सभी लोक सेवक हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के खिलाफ कई शिकायतें की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मैं रिकॉर्ड पर एमआरओ या आईएएस अधिकारियों सहित अधिकारियों को चेतावनी दे रहा हूं कि अगर वे अपने कर्तव्यों को कुशलतापूर्वक पूरा करने में विफल रहते हैं, तो सरकार गंभीरता से विचार करेगी।

# हैदराबाद में नकली डेयरी का खतरा!

## दूध के खतरनाक विकल्पों पर प्रशासन ने की कार्रवाई

हैदराबाद, 14 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। डेयरी एनालॉग्स (दूध के अलावा अन्य विकल्प) की गुणवत्ता को लेकर चिंता और इस त्यौहारी सीजन के दौरान उनकी खपत में संभावित वृद्धि के कारण, हैदराबाद में खाद्य नियामकों को ऐसे उत्पादों पर निगरानी बढ़ाने के लिए सतर्क किया गया है। डेयरी एनालॉग्स गैर-दूध विकल्प हैं जिनका उपयोग दूध उत्पादों के स्थान पर किया जाता है।

सभी राज्यों में विनियामक प्राधिकरणों को मार्च महीने के दौरान डेयरी एनालॉग्स पर निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। इसका उद्देश्य त्यौहारों के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट और गलत लेबलिंग को रोकना है, जब ऐसे उत्पादों की मांग आसमान छूने की उम्मीद है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने अपने निर्देश में कहा कि त्योहारी सीजन के दौरान डेयरी उत्पादों की बढ़ती खपत को ध्यान में रखते हुए, इस महीने चल रही निगरानी डेयरी एनालॉग पर केंद्रित रहेगी।

# फसल नुकसान पर चिंता जताते हुए सड़कों पर उतरे किसान

हैदराबाद, 14 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य भर के विभिन्न जिलों में किसान गुरुवार को सड़कों पर उतरे और फसल के नुकसान पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सरकार से मुआवजे की मांग की। सूखे की स्थिति, पानी की कमी और अनियमित बिजली आपूर्ति के विनाशकारी प्रभावों के कारण वे एक गंभीर स्थिति का सामना कर रहे हैं। यादाद्री भुवनगिरी जिले में डेयरी किसान पिछले 4 महीनों से बकाया भुगतान न होने के कारण विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बार-बार अनुरोध करने के बावजूद भुगतान नहीं किया गया है। मल्लापुरम गांव के किसानों ने दूध संग्रह केंद्र पर विरोध प्रदर्शन किया और लगभग 30 किसानों को बकाया भुगतान तुरंत करने की मांग की। भुगतान में देरी के कारण उनके लिए अपने मवेशियों के लिए चारा खरीदना मुश्किल हो गया है, जिससे वे अनिश्चित स्थिति में हैं।

थुंगथुर्थी में किसानों ने पानी की कमी के कारण सूख चुकी फसलों के लिए प्रति एकड़ 25,000 रुपये मुआवजे की मांग की। बीआरएस के नेतृत्व में अन्नाराम गांव के किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। मुनुगोड़े मंडल कृषि अधिकारी पद्मजा ने किसानों को पानी की उपलब्धता के आधार पर फसल चुनने की सलाह दी और दालें, मक्का और सब्जियों जैसी वैकल्पिक फसलों का सुझाव दिया। उन्होंने सरकारी सब्सिडी के साथ पाम ऑयल की खेती को एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में प्रोत्साहित किया। जनगांव जिले में किसानों ने सूख चुकी धान और मक्के की फसलों के लिए प्रति एकड़ 50,000 रुपये मुआवजे की मांग की। सीपीआई-एम के तत्वावधान में जनगांव जिला कलेक्ट्रेट के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया। सीपीआई-एम के राज्य समिति सदस्य एमडी अब्बास ने राज्य सरकार की दूरदर्शिता और प्रशासनिक अनुभव की कमी की आलोचना की, जिसके कारण फसलें बर्बाद हो रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के 16 मार्च को संभावित रूप से जिले के दौरे से पहले मुरझा रही फसलों के लिए पानी छोड़ने की मांग की। जोगुलम्बा गडवाल जिले में कलेक्टर संतोष ने कृषि अधिकारियों के साथ केटी डोड्डी मंडल में सूखे पड़े खेतों का निरीक्षण किया। इस दौरे का उद्देश्य नुकसान की सीमा का आकलन करना और किसानों की चिंताओं का समाधान करना था।

# केटीआर ने सीएम की भाजपा नेताओं के साथ गुप्त बैठकों पर उठाए सवाल

हैदराबाद, 14 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि तेलंगाना संकट के दौर से गुजर रहा है और वे भाजपा नेताओं के साथ गुप्त रूप से मिलीभगत कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री अपने कथित पिछले दरवाजे के सौदों के बारे में सफाई दें और इसे जनादेश के साथ शर्मनाक विश्वासघात करार दिया। उन्होंने इस तरह के गुप्त सौदे की ज़रूरत पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर मुख्यमंत्री के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है, तो उन्हें यह बताना चाहिए कि भाजपा नेताओं के साथ ये गुप्त बैठकें किस बारे में हैं। उन्होंने रेवंत रेड्डी की आलोचना की कि वे भाजपा के साथ सौदे करने के लिए समय निकाल रहे हैं, जबकि किसान आत्महत्या, सूखती फसलें और गुरुकुल स्कूलों में दुखद छात्र मौतों जैसे गंभीर संकटों को संबोधित करने में विफल रहे हैं।

उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को रेवंत रेड्डी के खिलाफ कार्रवाई करने की चुनौती दी, खासकर तब जब भाजपा विधायक राजा सिंह की टिप्पणी से कांग्रेस-भाजपा के बीच कथित सांठगांठ का संकेत मिलता है। उन्होंने पूछा कि राहुल गांधी दावा करते हैं कि कांग्रेस में भाजपा के गुप्तचर हैं। अब जब यह उजागर हो गया है, तो क्या वह अपने ही मुख्यमंत्री



के खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत करेंगे? रामा राव ने कहा कि रेवंत रेड्डी की गुप्त बैठकें उनकी असुरक्षा को दर्शाती हैं, जिससे पता चलता है कि मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल अस्थिर है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि तेलंगाना समाज इस सस्ती राजनीति को बर्दाश्त नहीं करेगा।

# कुकटपल्ली में रेस्टोरेंट की रसोई में लगी आग



हैदराबाद, 14 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। कुकटपल्ली के विवेकानंद कॉलोनी में स्थित एक रेस्टोरेंट की रसोई में गुरुवार आधी रात को आग लग गई। हादसे के समय वहां ज्यादा ग्राहक मौजूद नहीं थे, इसलिए किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। एलपीजी गैस लीकेज की वजह से लगी आग को इसका कारण माना जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, होटल के कर्मचारियों ने रसोई से आग और धुआं निकलता देखा और दमकल विभाग और पुलिस को सूचित किया, जिन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। पुलिस टीम और होटल के कर्मचारियों ने खाना पकाने वाले क्षेत्र में रखे एलपीजी सिलेंडरों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। अधिकारियों ने बताया कि इससे संभवतः एक बड़ा हादसा और जानमाल का नुकसान टल गया। कुकटपल्ली पुलिस इस घटना की जांच कर रही है।

# अभिनेता बालकृष्ण के घर के पास कार ने मचाई तबाही

हैदराबाद, 14 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार सुबह अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण के जुबली हिल्स स्थित आवास के पास एक कार ने उत्पात मचा दिया। तेज गति से आ रही कार ने नियंत्रण खो दिया और जुबली हिल्स रोड नंबर 1 पर अभिनेता के आवास के सामने फुटपाथ से टकरा गई। तेज रफ्तार कार को देखकर राहगीर घबरा गए और अपनी जान बचाने के लिए भाग गए। हालांकि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन फेंसिंग और कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब कार माधापुर से



जुबली हिल्स रोड नंबर 45 होते हुए जुबली चेक पोस्ट की ओर जा रही थी। इस बीच, स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि दुर्घटना शायद इसलिए हुई क्योंकि गाड़ी चलाते समय चालक को झपकी आ गई थी।

# प्राणहिता नदी में डूब गया युवक

मंचेरियल, 14 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को गढ़चिरौली जिले के सिरोंचा तालुका के मुयाबोइनपेट गांव में होली का त्योहार मनाने के बाद नहाते समय वेमनपल्ली मंडल केंद्र का एक युवक प्राणहिता नदी में डूब गया। सूत्रों ने बताया कि वेमनपल्ली निवासी 20 वर्षीय डिग्री फाइनल ईयर का छात्र कम्पेला राज कुमार उस समय डूब गया जब वह अपने दोस्तों के साथ मुयाबोइनपेट गांव में प्राणहिता नदी में नहा रहा था। वह नदी में उतरा, हालांकि उसे तैरना नहीं आता था। राज कुमार के दोस्तों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। विशेषज्ञ गोताखोरों ने शव को नदी से बाहर निकाला। पता चला कि राज कुमार एक देशी नाव से नदी पार कर वेमनपल्ली से महाराष्ट्र की सीमा पर पहुंचा था। घटना के बारे में अभी और जानकारी नहीं मिल पाई है।

# जगदीश रेड्डी के निलंबन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

हैदराबाद, 14 मार्च (स्वतंत्र वार्ता )। कांग्रेस सरकार द्वारा पार्टी विधायक जगदीश रेड्डी को विधानसभा से निलंबित किए जाने के खिलाफ बीआरएस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटीआर के आह्वान पर बीआरएस कार्यकर्ताओं ने आज तेलंगाना के आदिलाबाद से आलमपुर इलाकों में कांग्रेस सरकार के पुतले जलाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जगदीश रेड्डी का निलंबन अलोकतांत्रिक है और आरोप लगाया कि सीएम रेवंत रेड्डी ने विधानसभा से सदस्यों के निलंबन को बीआरएस पार्टी को चुप कराने के हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है, जो सार्वजनिक मुद्दों पर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही थी। बीआरएस पार्टी नेता केटीआर ने पार्टी के आह्वान पर राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन कार्यक्रम आयोजित करने के लिए तेलंगाना के पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को हार्दिक धन्यवाद दिया। इसी भावना से उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपनी लड़ाई की भावना जारी रखने और राज्य सरकार की अलोकतांत्रिक कार्रवाइयों और समय-समय पर वादों के कार्यान्वयन को लेकर उसके द्वारा की जा रही धोखाधड़ी को उजागर करने का आह्वान किया।

# पैंगोलिन का शिकार करने के आरोप में 3 गिरफ्तार

मंचेरियल, 14 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। सब्बेपल्ली में गुरुवार को एक अत्यंत संकटग्रस्त जंगली जानवर पैंगोलिन का कथित तौर पर अवैध शिकार करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से लगभग चार किलोग्राम जंगली जानवर का मांस और तराजू जब्त किया गया। लक्सेटीपेट वन रेंज अधिकारी ए. सुभाष ने बताया कि टीकनपल्ली के चकेपल्ली सथैया, चकेपल्ली वेंकटेश और धर्माराम के रावुला लक्ष्मण को जंगली जानवर का शिकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम , 1972 के तहत मामला दर्ज किया गया।



# ग्रामीण बैंक में 83 लाख के घोटाले से हिल गया था बिहार

## मास्टरमाइंड था मैनेजर; अब सीबीआई करेगी जांच




पटना, 14 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक में हुई करीब तीन करोड़ 83 लाख की वित्तीय अनियमितता और गबन मामले की जांच सीबीआइ करेगी। राज्यपाल से अनुमति के बाद गृह विभाग की आरक्षी शाखा ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। विभागीय जानकारी के अनुसा, यह पूरा मामला उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के गोपालगंज जिले की मांझागढ़ शाखा से जुड़ा है।बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक जोसेफ कुजुर और बैंक मित्र राकेश कुमार मांझी पर राशि गबन का आरोप है। दोनों अभियुक्त फरार बताए जाते हैं। इस मामले में बैंक के शाखा प्रबंधक आशीष अग्रहरी के आवेदन पर सबसे पहले पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की थी। उस समय गबन की राशि 14 लाख 52 हजार रुपये थी। आरोप था कि दोनों आरोपितों ने मांझगढ़ के प्रखंड विकास पदाधिकारी के खाते से यह राशि गायब की है। जब पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू की तो एक बड़े गबन का खुलासा हुआ। इस कांड में बैंक के विशेष लेखा परीक्षक से भी जांच कराई गई जिसमें गबन की राशि तीन करोड़ 83 लाख 11 हजार 213 रुपये तक चली गई।

गबन की राशि अधिक होने पर गोपालगंज के एसपी ने सीबीआइ से पूरे कांड की जांच की अनुशंसा की जिसे स्वीकार कर लिया गया है। फरार शाखा प्रबंधक जोसेफ कुजुर, रांची के नेहालू का रहने वाला है। वहीं बैंक मित्र राकेश कुमार मांझी मांझागढ़ के ही कनपुरा गांव का निवासी है।

# सीएम नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव ने दी होली की बधाई





पटना, 14 मार्च (एजेंसियां)। देशभर में आज रंगों के त्योहार होली की धूम देखने को मिल रही है। बाजार रंग, गुलाल और पिचकारी से सजे हुए हैं। शहरों और गांवों में लोग सड़कों और गलियों में होली खेलते नजर आ रहे हैं। इसी बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को होली की बधाई दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा कि 'रंगों के त्योहार होली की बधाई एवं शुभकामनाएं। होली सामाजिक समरसता का प्रतीक है।' पोस्ट में उन्होंने आगे लिखा, होली का यह पवित्र त्योहार राज्यवासियों के जीवन में खुशियों के नए रंग लेकर आए। यह पवित्र त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है। होली का त्योहार प्रेम, भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाएं।

### 'होली आपके जीवन में सुखद परिवर्तन का प्रारंभ करे'

वहीं आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा, रंग नौकरी का, उन्नति और सद्भाव का रंग रोजगार का, विकास और बदलाव का। नौकरी एवं समृद्धि के रंग से रंगा हर परिवार हो, खुशहाल जीवन के रंग से हर बिहारवासी सरोबार हो। यह होली आपके जीवन में सुखद परिवर्तन का प्रारंभ करे। उन्होंने आगे लिखा, बिहार को उन्नत बनाने वाले एक नए अध्याय का आरम्भ करे। रंगों के रंगीन पर्व के शुभ अवसर पर आप सबों का जीवन खुशमय और सुखमय रंगो से सदा रंगा रहे। इसी मंगल कामना के साथ आप सभी को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।

### रामकृपाल यादव ने मनाई होली

उनके अलावा पटना में पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता रामकृपाल यादव अपने परिवार व समर्थकों के साथ होली मनाते हुए दिखाई दिए। इस दौरान पूर्व मंत्री ने होली के गाने भी गाए और उनके समर्थकों ने जय श्री राम के नारे भी लगाए।

### उपेंद्र कुशवाहा ने भी दी होली की बधाई

राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा, बिहार सहित समस्त देशवासियों को सामाजिक सद्भाव, आपसी प्रेम, प्रकृति-विनोद और हर्ष-उल्लास के साथ मनाए जाने वाला रंगोत्सव का पावन पर्व होली की हार्दिक बधाई और अनंत शुभकामनाएं। ईश्वर आप सभी को सुख, समृद्धि, आरोग्य और ढ़ेरों खुशियां प्रदान करें।

### 'यह पर्व गरीबी- अमीरी को मिटाने का संदेश देता है'

इसके अलावा विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने भी होली की शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही उन्होंने सभी लोगों से मिलजुलकर शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने की अपील की है। वीआईपी प्रमुख ने कहा कि यह पर्व गरीबी-अमीरी को मिटाने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इस पर्व में हम एक-दूसरे के ऊपर रंग और गुलाल लगाकर आपसी एकता का भी परिचय देते हैं। उन्होंने कामना की है कि यह पर्व सबके जीवन में उमंग और उत्साह लाए और प्रदेश खुशहाल बने।

# हाई कोर्ट का जज, मंत्री और अधिकारी बनकर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

## इन तरीकों से लोगों को फंसाते थे



प्रयागराज, 14 मार्च (एजेंसियां)। हाई कोर्ट का जज, मंत्री, सांसद और सीनियर अधिकारी बनकर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का आखिरकार भंडाफोड़ हो गया है। साइबर थाने की पुलिस ने गैंग के बिहार निवासी सरगना अशोक कुमार और उसके पांच साथियों को गिरफ्तार करते हुए राजफाश किया है। इसी गिरोह ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक न्यायमूर्ति के नाम से देवरिया के विधायक से पैसे मांगे थे। अभियुक्तों के खिलाफ देश के 15 राज्यों में 9607 साइबर शिकायत हुई थी, जिसको लेकर अब शिकंजा कसा गया है। डीसीपी कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि साइबर अपराधियों के एक संगठित गिरोह द्वारा न्यायाधीश, सांसद, सीनियर अधिकारी बनकर पैसे की मांग की जाती थी।

एक न्यायाधीश के संबंध में प्राप्त शिकायत के आधार पर जनवरी 2025 में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना राजीव तिवारी, इंस्पेक्टर मो। आलमगीर की टीम को विवेचना व गिरफ्तारी के लिए लगाया गया था। साइबर थाने की पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाते हुए कुछ सुराग जुटाए। इसके बाद सरगना और उसके पांच साथियों को दबोच लिया। अभियुक्तों के पास से मोबाइल, डायरी सहित तमाम सामग्री बरामद की गई है। डीसीपी का कहना है कि गिरोह के साइबर अपराधी अलग-अलग तरह का झांसा देकर लोगों से ठगी करते थे। साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कुल 9607 साइबर शिकायत हुई थी। साइबर अपराधियों ने ठगी के लिए 52 अकाउंट इस्तेमाल किया था, जिसके बारे में और जानकारी जुटाई जा रही है।

# सीबीआई ने रिश्वत लेते बैंक मैनेजर को रंगेहाथ किया गिरफ्तार

## 11 घंटे चली कार्रवाई से मचा हड़कंप




बलरामपुर, 14 मार्च (एजेंसियां)। (आजमगढ़)। सीबीआई लखनऊ की आठ सदस्यीय टीम बुधवार को सरायमीर थाना क्षेत्र के सिकहुला स्थित बड़ौदा यूपी बैंक पहुंची। टीम ने लगभग 11 घंटे तक बैंक के प्रबंधक, कैशियर और कर्मचारियों से अलग-अलग पूछताछ की। रात एक बजे तक बैंक में जांच की कार्रवाई चली। सीबीआइ टीम ने बैंक प्रबंधक अभिषेक राय को 15 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लखनऊ लेकर चली गई। मुस्तफा बाद ठुठवा निवासी मेवालाल से बैंक के प्रबंधक अभिषेक राय ने केसीसी के लिए 15 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। इसकी जानकारी पीड़ित मेवालाल ने लखनऊ सीबीआई कार्यालय में की। सूत्रों के अनुसार सीबीआइ की टीम तीन दिन से जनपद में डेरा डाल रखी थी। बुधवार को मेवालाल ने 15 हजार रुपये जैसे ही बैंक प्रबंधक को दिए। इस दौरान सीबीआई की टीम ने प्रबंध को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। टीम रात एक बजे उसे लेकर लखनऊ चली गई। टीम अपने साथ बैंक के कुछ अभिलेखों को भी ले गई। सीबीआई की कार्रवाई से बैंक कर्मियों के होश उड़े हैं। वहीं आजमगढ़ जिले के महराजगंज थाना अंतर्गत सरदहा बाजार में श्रीमती परमा देवी बालिका जूनियर हाईस्कूल में फर्जी नियुक्त मामले में पूर्व बीएसए एमके मिश्रा सहित नौ लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। यह मामला वर्तमान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजीव पाठक की शिकायत पर दर्ज किया गया है। सभी फर्जी नियुक्तियां कोरोना काल में हुई थी।

वर्ष 2024 में इसी विद्यालय के प्रबंध समिति के सदस्य मिश्री लाल ने इसकी शिकायत शिक्षा परिषद प्रयागराज और लखनऊ किया था। मिश्री लाल ने आरोप लगाया था कि विद्यालय में सहायक शिक्षिका के पांच पदों पर फर्जी तरीके से नियुक्ति हुई है। इसमें से एक शिक्षिका पूर्व बीएसए की रिश्तेदार भी है।

परिषद ने इस मामले में कई बार आरोपितों को अपना पक्ष रखने को बुलाया था लेकिन किसी ने भी प्रस्तुत होकर अपना पक्ष नहीं रखा इस संबंध में वर्तमान बीएसएस राजीव पाठक से पक्ष लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कहा मुझे कुछ भी नहीं पता है।

# पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह किस पार्टी में होंगी शामिल और कहां से लड़ेंगी चुनाव

## खुद किया खुलासा



भोजपुरी, 14 मार्च (एजेंसियां)। सिनेमा के सुपरस्टार पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह इस साल बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ने वाली हैं। इसका खुद ज्योति सिंह ऐलान कर चुकी हैं। लेकिन, वे किस सीट से विधानसभा चुनाव लड़ेंगी इसको लेकर कई कयास लगाए जा रहे थे। जिसका गुरुवार को ज्योति सिंह ने खुद खुलासा किया है। फेसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने काराकाट लोकसभा क्षेत्र की सीट से विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वे जल्द ही किसी राजनीतिक पार्टी में शामिल होंगी। बता दें कि ज्योति सिंह ने जन संकल्प यात्रा की शुरुआत भी की है। उनका कहना है कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ दिलाना है। उन्हें क्षेत्र के सभी वर्गों का पूरा समर्थन मिल रहा है। युवा और महिलाएं उनके साथ जुड़ रही हैं। वहीं अब ज्योति सिंह की काराकाट लोकसभा क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद राजनीतिक गलियारों में सरगर्मियां तेज हो गई हैं। कुछ दिनों पहले ज्योति सिंह ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया था। जिसमें वे प्रयागराज में संगम में डुबकी लगाती हुई दिखाई दी थी। खास बात यह थी कि उन्होंने अपने पति पवन सिंह की तस्वीर के साथ डुबकी लगाई थी। इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी थीं।

इसके बाद पवन सिंह ने भी एक पोस्ट शेयर किया था। फोटो में वे फोन चलाते नजर आ रहे थे। उन्होंने लिखा कि लगता है आज के समय में किसी के लिए भक्ति भाव भी मजाक बन गया है। आगे क्या बोलूं, शायद मेरे मुंह से शोभा नहीं देगा, जय श्री राम। हालांकि उन्होंने अपनी पोस्ट में ज्योति सिंह का नाम नहीं लिया था। लेकिन, उनके पोस्ट को ज्योति सिंह से जोड़कर ही देखा जा रहा था।

# गोरखपुर में होलिका दहन कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम योगी, लोगों पर की पुष्प वर्षा



लखनऊ, 14 मार्च (एजेंसियां)। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में होलिका दहन कार्यक्रम में भाग लिया और लोगों पर पुष्प वर्षा की। इस दौरान उन्होंने जनसमूह को संबोधित भी किया और होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा सांसद रवि किशन भी मौजूद थे। सीएम योगी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कार्यक्रम की तस्वीरें पोस्ट कर लिखा, "आज श्री श्री होलिका दहन उत्सव समिति, पाण्डेयहाता, गोरखपुर द्वारा आयोजित भक्त प्रह्लाद जी की भव्य शोभायात्रा में सहभाग का सौभाग्य प्राप्त हुआ। दशकों से चली आ रही पाण्डेयहाता में होलिका दहन की यह परंपरा हमारी विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस उत्सव के साथ जुड़कर हम सभी को गौरव की अनुभूति होती है। आप सभी को रंगोत्सव की मंगलमय शुभकामनाएं!" प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी आज देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं और कामना की कि हर्ष एवं उल्लास से भरा यह पावन-पर्व भारतवासियों की एकता के रंग को और प्रगाढ़ करे। देशभर में शुक्रवार को होली का त्योहार मनाया जाएगा। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आप सभी को होली की ढेरों शुभकामनाएं। हर्ष और उल्लास से भरा यह पावन-पर्व हर किसी के जीवन में नयी उमंग और ऊर्जा का संचार करने के साथ ही देशवासियों की एकता के रंग को और प्रगाढ़ करे, यही कामना है।''

### राष्ट्रपति मुर्मू ने दी होली की बधाई

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने होली के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंगों का यह त्योहार एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ाता है और विविधता में एकता के मूल्यों को दर्शाता है। मुर्मू ने एक संदेश में भारत और विदेशों में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं और कहा कि होली खुशियां और उत्साह लेकर आती है। उन्होंने कहा, ''यह त्योहार हमारे जीवन में एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। होली के विविध रंग विविधता में एकता के मूल्यों को दर्शाते हैं। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है। यह हमें अपने आसपास प्यार और सकारात्मकता का विस्तार करना सिखाता है।'' राष्ट्रपति ने कहा, ''रंगों का यह त्योहार आपके जीवन को खुशियों और समृद्धि से भरे।''

# चाचा-भतीजे को दौड़ाकर मारी गोली

बरेली, 14 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बरेली के घारमपुर गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां चाचा-भतीजे की गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतकों के नाम दौलत खां (50 वर्ष) और भतीजा रहीस खां (32 वर्ष) हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों बदमाश फरार हो गए थे। लेकिन पुलिस ने देर रात उन्हें मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पैर में गोली लगी है। दोनों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना सुबह करीब आठ बजे की है।

दौलत खां और रहीस खां बाइक से जा रहे थे। तभी गांव के ही शरीफ खां, अब्बास खां और उनके साथियों ने उन्हें बुखारा रोड पर घेर लिया। इसी बीच, दौलत खां पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। रहीस खां जान बचाकर भागा। लेकिन करीब सौ मीटर दूर आरोपियों ने उसे भी घेर लिया और कई गोलियां मार दीं। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद आरोपी शरीफ खां और अब्बास खां मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी। बृहस्पतिवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि दोनों आरोपी पितांबरपुर रेलवे स्टेशन के पास मौजूद हैं। दोनों बाहर भागने की फिराक में थे। फरीदपुर पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

# जौनपुर में पत्नी को मौत के घाट उतारने के बाद युवक पहुंच गया थाने, पुलिस से बोला बीवी को हमने मारा

जौनपुर, 14 मार्च (एजेंसियां)। जौनपुर के लाइनबाजार थाना क्षेत्र के मियांपुर मोहल्ले में किराये के मकान में रह रहे एक युवक ने अपनी पत्नी का तकिया से मुंह दबाकर हत्या कर दिया। इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने के बाद वह थाने पहुंचकर अपना जुर्म करते हुए सरेंडर कर दिया। यह खबर मिलते ही पूरे मोहल्ले में सनसनी फैल गयी। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ जिले के कुण्डा निवासी आलोक सिंह पत्नी अल्का सिंह और एक सात वर्षीय पुत्र के साथ मियांपुर मोहल्ले में किराए के मकान में बीते छह मार्च से किराये पर रहता था। कल शाम को आलोक बीबी बच्चे के साथ होली के लिए बाजार से मार्केटिंग किया था। रात में सब कुछ सामान्य था लेकिन तड़के सुबह (भोर) में उसने पत्नी की हत्या करके बेटे के साथ निकल गया। दोपहर में वह लाइनबाजार थाने पर जाकर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए सरेंडर कर दिया।

# सिलेंडर फटने से 6 घर में लगी आग: अनाज-कपड़े समेत लाखों की संपत्ति जलकर राख

बक्सर, 14 मार्च (एजेंसियां)। बक्सर के धनसोई थाना क्षेत्र के परसिया गांव में दलित बस्ती में रात को अचानक आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि छह घर पूरी तरह जलकर राख हो गए। घटना में गैस सिलेंडर फटने से आग और अधिक फैल गई। स्थानीय लोगों और दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से आग पर काबू पा लिया गया। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। परमेश्वर राम, अमिताभ बच्चन राम, सर्वजीत राम, अनूप राम, संजय राम और निरहू राम के घर जल गए। घरों में रखा अनाज, कपड़े, नकदी और फर्नीचर समेत सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार ने मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने राजपुर अंचल अधिकारी से पीड़ितों को सरकारी सहायता दिलाने की मांग की है।

### फायर ब्रिगेड की टीम ने पाया काबू

धनसोई थाना अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी भेजी गई। अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पीड़ित परिवारों की ओर से कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। स्थानीय प्रशासन राहत और पुनर्वास के लिए कार्रवाई कर रहा है।

# भानवी सिंह का दिमाग ठीक नहीं है

## राजा भैया के भाई गोपालजी ने कहा में राजाभैया के लिए चट्टान की तरह खडा हूं



प्रतापगढ, 14 मार्च (एजेंसियां)। जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के मुखिया और कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया व उनकी पत्नी भानवी सिंह के बीच का झगड़ा सुर्खियों में लगातार छाया हुआ है। भानवी सिंह ने अपने पति राजा भैया के खिलाफ कानूनी शिकायत दर्ज कराई है और उन पर कई गंभीर इल्जाम लगाए हैं। इनमें अवैध संबंध, मारपीट और लगातार प्रताड़ना जैसे आरोप शामिल हैं। हालांकि, इस पूरे मामले पर राजा भैया की ओर से अभी तक कोई जवाब या बयान नहीं आया है, जिससे रहस्य और गहरा गया है। दूसरी ओर, राजा भैया के भाई कुंवर अक्षय प्रताप सिंह 'गोपालजी' ने भानवी सिंह पर तीखा हमला बोला है।भानवी सिंह का दिमाग ठीक नहीं है। अपने परिवार को वह पीटती हैं। पहले दस लाख फिर 25 लाख और करोड़ रुपये लक्ज़री लाइफ जीने के लिए मांग रही हैं। गुजारा भत्ता कोई मांगता है या लग्जरी लाइफ के लिए पैसे? हम चाहते हैं सब ठीक हो जाए बाकी उनकी मर्जी है। मैं राजा भैया के लिए चट्टान की तरह खड़ा रहूंगा।

### क्या हैं भानवी सिंह के आरोप?

भानवी सिंह ने एफआईआर में अपने पति राजा भैया के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए हैं। भानवी सिंह ने साध्वी सिंह का भी जिक्र किया है। भानवी सिंह का आरोप है कि साध्वी सिंह से राजा भैया के अवैध संबंध थे और वह उनसे प्रेग्नेंट भी हो चुकी थीं।

# भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी जवानों ने खेली होली

## नेपाल के आर्म्ड फोर्स भी हुए शामिल, बोले- दोनों देश के बीच सदियों पुराना रिश्ता

मोतिहारी, 14 मार्च (एजेंसियां)। मोतिहारी में भारत-नेपाल सीमा पर इस बार होली का त्योहार एक नई मिसाल बना। सीमा पिलर संख्या 393 के पास भारतीय सीमा सुरक्षा बल और नेपाल आर्म्ड फोर्स के जवानों ने साथ मिलकर होली मनाई। दोनों देशों के जवानों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया। मिठाइयां बांटी और देशभक्ति के गीत गाए। सीमा पर तैनात जवान अपने परिवार से दूर रहकर देश की रक्षा करते हैं। इस बार उन्होंने बॉर्डर को अपना घर और एक-दूसरे को परिवार मान लिया।

### दोनों देशों की 'बेटी-रोटी' की परंपरा

एसएसबी के सब-इंस्पेक्टर भंवरलाल ने कहा कि उनके लिए देश ही परिवार है। त्योहार पर घर की याद आती है। लेकिन ड्यूटी के बीच भी वे खुशियां मना सकते हैं। नेपाल आर्म्ड फोर्स के सब-इंस्पेक्टर तेज सापकोटा ने कहा कि मित्र राष्ट्र के जवानों के साथ होली खेलकर उन्हें परिवार जैसी गर्मजोशी मिली। भारत और नेपाल के बीच सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंध सदियों पुराने हैं। दोनों देशों की 'बेटी-रोटी' की परंपरा इस रिश्ते को और मजबूत बनाती है। इस होली मिलन ने साबित किया कि सीमाएं केवल प्रशासनिक होती हैं। वे दिलों को नहीं बांट सकतीं। सीमा पर मनाई गई इस होली ने एक सुंदर संदेश दिया। देशभक्ति और दोस्ती का जश्न किसी भी दीवार से बड़ा होता है। जवानों ने त्योहार के रंगों में अपनी जिम्मेदारियों की महक मिलाई। उन्होंने दिखाया कि वे सिर्फ सीमा की सुरक्षा नहीं करते। वे आपसी प्रेम और सौहार्द के भी प्रहरी हैं।

## रोजा रखवाए, नमाज पढ़ा कर किशोरी का धर्म बदलने की कोशिश

# कहा- इससे बरकत आएगी, अमीर हो जाओगे, दो महिलाओं पर केस



झांसी, 14 मार्च (एजेंसियां)। झांसी में 16 साल की लड़की का धर्मांतरण करने की कोशिश की गई। पड़ोस की 2 मुस्लिम महिलाओं ने उसे रोजा रखवाए और नमाज भी पढ़ाई। कहा कि इससे बरकत आएगी और तुम लोग अमीर हो जाओगे। बहकावे में आकर किशोर उनकी हर बात मानने लगी। जब परिजनों को पता चला तो उन्होंने विरोध किया। इस पर पड़ोसन उनके घर में घुस गई और कमरा अंदर से बंद करके सुसाइड करने की धमकी देने लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिलाओं को हिरासत में लिया है। पिता की तहरीर पर दोनों महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के भांडेरी गेट बाहर मोहल्ले का है। किशोरी के पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी 16 साल की बेटी पड़ोस में शहनाज उर्फ शना और खुशनमा के घर जाती थी। दोनों ने बेटी को बहला-फुसलाकर समझाया कि रोजा रखो। इससे घर में बरकत आएगी और अमीर हो जाओगे। रोजा रखने पर उसकी उचित मदद की जाएगी। महिला की बातों में आकर बेटी ने तीन-चार रोजे रखे और नमाज भी पढ़ी। पिता ने बताया कि इस बात की जानकारी होने पर उसने विरोध किया और आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। पिता ने बताया- गुरुवार को वह काम पर गया था। इसी बीच शहनाज उसके घर पहुंच गई और उसके भाई के कमरे की अंदर से कुंडी लगाकर फंदे पर लटकने की धमकी देने लगी। इस पर भाई ने डायल 112 पर फोन करके पुलिस बुला दी। पुलिस के आने पर शहनाज झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए मौके से भाग गई। पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली थाने ले गई। सूचना पर राष्ट्रभक्त संगठन के अध्यक्ष अंचल अड़जरिया ने समर्थकों के साथ थाने पहुंच गए। उन्होंने इसकी सूचना सीओ सिटी और डीआईजी को दी। उन्होंने आरोपी महिलाओं को जेल भेजकर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### टॉयलेट करने गया और अचानक आ गई मौत, हार्ट अटैक से मौत की संभावना

उज्जैन,14 मार्च (एजेंसियां)। जिले के पंवासा थाना क्षेत्र स्थित मल्टी में 45 वर्षीय व्यक्ति की अचानक मौत हो गई। वह रोजाना की तरह सुबह टॉयलेट गया था। जब काफी देर तक बाहर नहीं आया तो परिजनों को आशंका हुई। आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई हलचल नहीं हुई। इसके बाद परिजनों ने टॉयलेट का दरवाजा तोड़ दिया। अंदर देखा तो वह बेसुध अवस्था में पड़ा था। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमॉर्टम कराया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चलेगा कि मौत किन कारणों से हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि पंवासा मल्टी में रहने वाला 45 वर्षीय रणछोड़ पिता मांगू ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। रणछोड़ की दादी पार्वती बाई ने बताया कि वह घर में इकलौता कमाने वाला था।

# मस्जिदों को ढकने की नौबत आ गई

## हमें संकीर्ण मानसिकता की तरफ धकेला जा रहा है: संजय राउत



मुंबई,14 मार्च (एजेंसियां)। देश भर में होली का त्योहार मनाया जा रहा है। इसी बीच शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने कहा, होली एक ऐसा त्योहार है जिसमें सभी मिलकर रंग खेलते हैं, सुख-दुख साझा करते हैं, लेकिन आज देश और महाराष्ट्र में क्या हो रहा है? कहीं मस्जिदों को ढकने की नौबत आ रही है, कहीं एक ओर होली हो रही है और दूसरी ओर नमाज पढ़ी जा रही है। खैर, ये भी दिन बीत जाएंगे। संजय राउत ने आगे कहा, हम बहुत संकीर्ण मानसिकता के हो गए हैं और यह संकीर्णता देश, समाज और हिंदू धर्म के लिए ठीक नहीं है। हमारी छवि विश्व भर में एक उदार और सहिष्णु धर्म के रूप में है, इसलिए हिंदू धर्म को दुनिया में सम्मान प्राप्त है। हम अपने धर्म की रक्षा करते हुए अपनी संस्कृति में सभी को स्वीकार करते हैं, लेकिन पिछले 10 वर्षों में हमारी संस्कृति की स्वतंत्रता को खत्म कर दिया गया है। हमें संकीर्ण मानसिकता की ओर धकेला जा रहा है और एक विशेष समूह हमें धर्म के नाम पर बांटना चाहता है।

**"हम किसी को भी विरोधी नहीं मानते"**

शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने होली के मौके पर कहा, हम किसी को भी विरोधी नहीं मानते। आज होली और रंगपंचमी का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। कई वर्षों से यह त्योहार सभी मिलकर मनाते आ रहे हैं। मैं हाल ही में दिल्ली में था, जहां पहले मुरली मनोहर जोशी, लालकृष्ण आडवाणी और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे प्रमुख नेता अपने घरों में होली मनाते थे। सभी राजनीतिक दलों और धर्मों के लोग इसमें शामिल होते थे, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से यह परंपरा बंद हो गई है। जन सुरक्षा अधिनियम को लेकर संजय राउत ने कहा, हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए आवाज उठाएंगे। हम जैसे लोग हमेशा से इस लड़ाई में शामिल रहे हैं। आपातकाल के खिलाफ लड़ने वाले आज काले दिवस (26 जून) क्यों मनाते हैं? अगर आप हमारे अधिकारों और स्वतंत्रता का गला घोंटेंगे, तो इस देश के लोग चुप नहीं बैठेंगे। धर्म के नाम पर नशा देकर आप हमारी स्वतंत्रता पर हमला नहीं कर सकते।

**बीजेपी पर साधा निशाना**

संजय राउत ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा, अगर सरकार को लगता है कि उनके खिलाफ कोई खड़ा नहीं होगा, तो हम खड़े हैं और लाखों लोग हमारे साथ हैं। हम सरकार की तानाशाही के खिलाफ मजबूती से लड़ेंगे। हमें कोई परवाह नहीं, देश की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, बीजेपी की स्वतंत्रता नहीं। हमारे और जनता के अधिकार सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। किसानों की आत्महत्या पर संजय राउत ने कहा, यह बहुत गंभीर मामला है। महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उनकी सरकार केवल घोषणाएं कर रही है, लेकिन जमीन पर हालात क्या हैं? जिस कैलास का नाम आपने लिया, उसके बारे में मैंने पढ़ा है। आप कहते हैं कि राज्य प्रगति के रास्ते पर है, लेकिन सच्चाई यह है कि राज्य गिरावट की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने आगे कहा, महाराष्ट्र में हर दिन 8 और देश भर में हर दिन 22 किसान आत्महत्या कर रहे हैं। यही देश और राज्य की वास्तविक स्थिति है। नरेंद्र मोदी गंगाजल और कुंभ को लेकर पूरी दुनिया में घूम रहे हैं आज मॉरीशस, नेपाल, कल म्यांमार और इधर हमारे किसान मर रहे हैं। बावनकुले को लेकर संजय राउत ने कहा, उन्होंने भी अपना 'शिमगा' (होली की एक परंपरा) करना चाहिए। चंद्रशेखर बावनकुले के बारे में टिप्पणी करना जरूरी नहीं है क्योंकि वे इतने महान नहीं हैं। शिमगा हमारा त्योहार है, शायद उन्हें इसका ज्ञान नहीं होगा। वे खुद को हिंदुत्ववादी कहते हैं, तो क्या उन्हें यह नहीं पता? आप हमारे गणेश उत्सव पर प्रतिबंध लगा रहे हैं, पीओपी मूर्तियों पर रोक लगा रहे हैं, होली पर भी पाबंदियां लगा रहे हैं

# होटल में लूट के मामले में दो सैन्यकर्मी एके 47 के साथ गिरफ्तार

## पुलिस जल्द करेगी बड़ा खुलासा

बठिंडा,14 मार्च (एजेंसियां)। बठिंडा में बीते दिनों चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर स्थित एक होटल में हुई लूट के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस मामले में पुलिस ने सेना के दो कर्मियों को एके 47 समेत गिरफ्तार किया है।

हालांकि इस बारे में पुलिस के किसी भी अधिकारी ने पुष्टि नहीं की है। सूत्रों के अनुसार दोनों आरोपी मोगा एरिया से बताए जा रहे हैं। बठिंडा-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होटल ग्रीन में बीती शाम एक बड़ी लूट की वारदात हुई। आदेश अस्पताल के पास स्थित होटल में तीन नकाबपोश बदमाश कार से पहुंचे। उन्होंने पिस्तौल के बल पर होटल मालिक से मोबाइल और नकदी लूट ली थी। होटल मालिक लव गर्ग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि बदमाश मुंह ढक कर आए थे। लूट की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। वीडियो में साफ देखा जा सकता है, कि तीन लोग मुंह ढककर होटल में घुसते हैं।

एक ने चादर ओढ़ रखी है, जिसके पीछे हथियार छुपा रखा था। होटल में घुसते ही हथियार निकालकर लूट शुरू कर देते हैं। पुलिस फुटेज की जांच कर रही है। वहीं लुटेरों ने लूटे गए मोबाइल सड़क पर फेंक दिए। पुलिस ने इन्हें बरामद कर लिया है। इस पूरी घटना के बाद एसपी सिटी नरिंदर सिंह ने विभिन्न पुलिस टीमें बनाकर जांच शुरू कर दी थी। इस जांच के दौरान पुलिस ने दो सैन्य कर्मियों को एके 47 समेत गिरफ्तार कर लिया है।

# फैक्टरी की जगह पर अवैध रूप से प्लाट काटकर बेचे सीएम के आदेश पर जांच; डायरेक्टर-मालिक पर केस दर्ज



बठिंडा,14 मार्च (एजेंसियां)। बठिंडा में स्थित वर्धमान फैक्टरी की जगह पर अवैध प्लाट काटकर लोगों को बेचने के आरोप में थाना कैनाल कलोनी पुलिस ने निगम के एमटीपी रजिंदर कुमार के बयान पर फैक्टरी के डायरेक्टर और मालिक पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। उक्त फैक्टरी की जगह पर बेचे जा रहे अवैध प्लाटों की जांच के बारे में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आदेश जारी किए थे। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस को दर्ज करवाए बयान में निगम के एमटीपी रजिंदर कुमार ने बताया कि वर्धमान पोलीटेक्टस फैक्टरी की जगह पर अवैध रूप पर प्लाट काटकर लोगों को बेचे जा रहे थे। बयान में बताया गया कि उक्त प्लाट बिकने संबंधी एक वीडियो वायरल हो रही थी। कई मीडिया रिपोर्ट में आ रहा था कि उक्त फैक्टरी में बिना किसी मंजूरी के रिहायशी प्लाट काटकर बेचे जा रहे हैं। इसी वीडियो एवं रिपोर्ट को आधार बनाकर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पूरे मामले की जांच के लिए निगम अधिकारियों एवं स्थानीय सरकार विभाग के विजिलेंस विभाग को जांच के आदेश दिए थे। मुख्यमंत्री के आदेश मिलने के बाद निगम अधिकारियों ने वर्धमान फैक्टरी के प्रबंधकों एवं मालिक को नोटिस भेजकर जवाब मांगा था। इस नोटिस के जवाब में फैक्टरी के डायरेक्टर एवं मालिक ने कहा था कि कंपनी के पास 265 बीघे 11 बिस्वा जमीन है। जवाब में बताया गया कि फैक्टरी की इंडस्ट्रीयल जगह को रिहायशी जगह में तबदील करवाने के लिए पंजाब सरकार के पास अप्लाई किया हुआ है। कंपनी ने नोटिस के जवाब में बताया था कि उनके द्वारा कोई प्लाट नहीं बेचे गए। जब निगम एवं पुलिस द्वारा जांच की गई तो पाया गया कि उक्त कंपनी ने बिना किसी मंजूरी के प्लाट काटकर लोगों को बेचे है। कंपनी ने लोगों के साथ एक मीटिंग रखी थी, जिसकी वीडियो वायरल हो गई। कंपनी ने एचडीएफसी बैंक लुधियाना की एक ब्रांच के खाते में अलग अलग लोगों से प्लाट के लिए दो दो लाख रुपये जमा करवाए थे। उक्त एफआईआर में बताया गया कि फैक्टरी के डायरेक्टर एवं मालिक ने लोगों के साथ धोखाधड़ी करके उनको गलत तरीके से प्लाट बेचे हैं। इस मामले की जांच पूरी होने के बाद निगम के एमटीपी रजिंदर कुमार ने जांच रिपोर्ट को आधार बनाकर एसएसपी बठिंडा को लिखित शिकायत भेजी। इसके बाद थाना कैनाल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उक्त वर्धमान फैक्टरी के डायरेक्टर एवं मालिक पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करके अगली कार्रवाई शुरू कर दी है।

### आर्थिक तंगी से परेशान महिला ने बेटियों के साथ की आत्महत्या

नई दिल्ली,14 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली के मोलरबंद में महिला और उसकी दो बेटियों की आत्महत्या को लेकर पुलिस ने हैरान करने वाला खुलासा किया है। शुरुआत में ऐसा लग रहा था कि महिला ने आर्थिक तंगी के चलते आत्महत्या की है, लेकिन असली कहानी इससे कहीं बड़ी है। महिला के आत्महत्या करने की वजह पैसों की कमी ही थी, लेकिन इससे पहले उसके तीन अफेयर और एक मर्डर के चलते वह इस हालत में पहुंची थी। पुलिस ने बुधवार के दिन बिहार की रहने वाली 42 वर्षीय पूजा और उसकी दो बेटियों का शव दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के मोलरबंद स्थित मकान से बरामद किया था। उनके मुंह में झाग के अवशेष मिले थे और उनके शव सड़ रहे थे। पुलिस की शुरुआती जांच में पूजा का अतीत सामने आया है।

# मोगा में शिवसेना के जिलाध्यक्ष की गोली मारकर हत्या, एक नाबालिग भी घायल





मोगा,14 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब के मोगा में शिवसेना समूह के एक जिला अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वहीं इस हमले में एक नाबालिग घायल हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को घटना के बारे में जानकारी दी। पूरा मामला गुरुवार रात का बताया जा रहा है। संगठन की जिला इकाई के अध्यक्ष मंगत राय मंगा दूध खरीद रहे थे। पुलिस ने बताया कि इसी दौरान तीन अज्ञात लोगों ने रात करीब 10 बजे उन पर गोली चलाई, लेकिन गोली मंगा की जगह 12 वर्षीय एक लड़के को जा लगी। इसके बाद मंगा तुरंत ही दोपहिया वाहन पर सवार होकर वहां से भाग गए, लेकिन हमलावरों ने उनका पीछा किया। पुलिस ने बताया कि पीछा करते समय हमलावरों ने मंगा पर दोबारा गोली चलाई और इस बार गोली मंगा को जा लगी। इसके बाद हमलावर मौके से भाग गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मंगा को पुलिस अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि घायल किशोर को पहले मोगा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि वे इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि मंगा किस शिवसेना संगठन से जुड़े थे। वहीं दक्षिणपंथी समूह विश्व हिंदू शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष जोगिंदर शर्मा ने कहा, ''हमें पता चला कि कुछ बदमाशों ने मंगा की गोली मारकर हत्या कर दी है।

सूचना मिलते ही हम अस्पताल पहुंचे।'' मंगा की बेटी ने बताया कि उनके पिता रात लगभग आठ बजे दूध लेने के लिए घर से निकले थे। उन्होंने कहा, ''रात 11 बजे किसी ने हमें बताया कि मेरे पिता की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। हम न्याय चाहते हैं और इसके लिए हमें जो भी करना पड़े करेंगे।''

### करनाल में भाजपा पार्षद राजेश के घर पर हमला, पुलिस ने दो आरोपियों को दबोचा

करनाल,14 मार्च (एजेंसियां)। करनाल में बीती रात करीब 10 बजे नवनिर्वाचित भाजपा पार्षद राजेश के घर पर 30-35 बदमाशों ने हमला कर दिया। बदमाशों ने लाठी-डंडों और तलवारों से लैस होकर पार्षद के घर के बाहर खड़ी कार को नुकसान पहुंचाया और घर पर पथराव किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी और दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पार्षद राजेश ने बताया कि उनके घर पर अचानक बड़ी संख्या में बदमाश पहुंचे और हमला बोल दिया। उन्होंने बताया कि उनका भतीजा घर के बाहर खड़ा था, जिसे बदमाशों ने निशाना बनाया और उस पर हमला कर दिया। जब परिवार के अन्य लोग उसे बचाने पहुंचे, तो हमलावरों ने लाठी-डंडों और तलवारों से हमला कर दिया। राजेश ने आगे बताया कि हमलावरों ने घर के बाहर खड़ी गाड़ियों को नुकसान पहुंचाया और घर पर पथराव किया। इस हमले से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात पर काबू पाया। पुलिस ने घायल भतीजे को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा। इस मामले में हमलावर पक्ष ने भी अपना बयान दिया। उन्होंने कहा कि पार्षद राजेश के चुनाव जीतने के बाद उनके समर्थकों ने विजय जुलूस निकाला, जिसमें कुछ ऐसी हरकतें की गईं जो उन्हें पसंद नहीं आईं। उनका कहना है कि उन्होंने बातचीत के जरिए मामले को सुलझाने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें धमकी दी गई। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और पूरे मामले की जांच कर रही है।

# फिर गरमाया वोट जिहाद का मामला

## पूर्व विधायक ने एआईएमआईएम पर लगाए गंभीर आरोप





मुंबई,14 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव के दौरान बीजेपी ने वोट जिहाद और बाहर से पैसे आने का आरोप लगाया था। बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने आरोप लगाया था कि 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में वोट जिहाद हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया था कि 125 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। इसी के बाद अब पूर्व विधायक आसिफ शेख ने भी आरोप लगाया है कि महाराष्ट्र की मालेगांव सीट जहां एआईएमआईएम की जीत हुई थी, वहां पर पैसे बाहर से आए थे।

साथ ही उन्होंने अपने इस दावे के लिए सबूत पेश करने की भी बात की है। पूर्व विधायक आसिफ शेख ने आरोप लगाया कि मालेगांव में दोनों चुनावों में बाहर से बड़ी मात्रा में पैसा आया। शेख ने कहा कि वह इन सभी मामलों से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को अवगत कराएंगे। उन्होंने इस संबंध में राष्ट्रीय जांच एजेंसियों के सामने सबूत पेश करने की भी बात की। शेख ने दावा किया कि उनके पास इन सभी आरोपों के संबंध में पुख्ता सबूत हैं। एआईएमआईएम विधायक मुफ्ती इस्माइल ने बजट सत्र में वोट जिहाद को लेकर कहा था कि उन्हें एक भी रुपया नहीं मिला। पूर्व विधायक शेख ने मांग की कि सरकार इन सभी मामलों की ईडी, एटीएस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और राष्ट्रीय जांच एजेंसी से जांच कराए। उन्होंने कहा कि जांच से पता चलेगा कि इस धन का इस्तेमाल किसने और किसके लिए किया। इसी के बाद यह मामला एक बार फिर गरमा गया है। जहां एक तरफ पूर्व विधायक शेख ने पैसों को लेकर एआईएमआईएम पर आरोप लगाए हैं। वहीं, दूसरी तरफ एआईएमआईएम विधायक मुफ्ती इस्माइल शेख न अपील की है कि अगर उनके पास सबूत हैं तो वे पेश करें।

**क्या था पूरा मामला**

विधानसभा चुनाव के दौरान मालेगांव मर्चेंट बैंक के खातों में अचानक 125 करोड़ रुपए जमा होने से हड़कंप मच गया था। किरीट सोमैया ने भी इस बारे में आवाज उठाई थी। उन्होंने पूछा था कि इतना पैसा कहां से और कैसे आया। उस समय सोमैया ने सनसनीखेज आरोप लगाया था कि इस पैसे का इस्तेमाल वोट जिहाद के लिए किया गया था। इस मामले में आरोप लगाया था कि वोट जिहाद के लिए दुबई में फर्जी कंपनियां बनाई गईं और पैसे मांगे गए।

### नशे में लोगों को कुचलता गया चालक महिला की मौत, चार गंभीर घायल

वडोदरा,14 मार्च (एजेंसियां)। गुजरात के वडोदरा से होली पर दुखद घटना सामने आई है। यहां एक नशे में धुत कार चालक ने राह चलते लोगों को टक्कर मार दी। इसमें 4 लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। वहीं एक महिला की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो इस दौरान कार की स्पीड 100 किलो/प्रति घंटे से ज्यादा थी। घटना वडोदरा के कारेलीबाग इलाके की है। हादसे का वीडियो आम्रपाली कॉम्पलेक्स के सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गया। मामले में पुलिस ने कार चालक को अरेस्ट कर लिया है। फिलहाल पुलिस उसके अन्य साथी की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार वडोदरा के कारेलीबाग क्षेत्र में एक तेज स्पीड से आ रही कार ने 5 लोगों को कुचल दिया। जिसमें से 1 महिला की मौत हो गई। आरोपी युवक का नाम रक्षित रवीश चौरसिया है जोकि यूपी के बनारस का रहने वाला है। छात्र वडोदरा की एमएस यूनिवर्सिटी में लॉ की पढ़ाई करता है। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि कार में दो लोग सवार थे। कार रक्षित रवीश चौरसिया चला रहा था, जोकि पुलिस की गिरफ्त में है, जबकि दूसरा प्रांशु चौहान है जोकि हादसे के बाद मौक से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि कार प्रांशु चौहान के नाम पर ही रजिस्टर्ड है। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि हादसे के बाद नशे में धुत रवीश बाहर निकलकर अनॉदर राउंड-अनॉदर राउंड चिल्लाने लगा। इस दौरान उसने किसी निकिता नाम की लड़की का नाम भी लिया था। इसके बाद गुस्साए लोगों ने लॉ स्टूडेंट की धुनाई कर दी। घटना के बाद पुलिस के उच्चाधिकारी और शहर बीजेपी अध्यक्ष और सांसद घटनास्थल पहुंचे।

# दिल्ली समेत पूरे देश में होली की धूम

## सीएम रेखा गुप्ता ने दी बधाई, होली मंगल मिलन' समारोह में हुईं शामिल



नई दिल्ली,14 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को होली के त्यौहार पर दिल्ली और पूरे देश के लोगों को अपनी अनंत शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश में उन्होंने आशा व्यक्त की कि रंगों का यह जीवंत त्योहार सभी के जीवन में अनगिनत खुशियाँ, अपार प्रेम और सद्भाव लेकर आएगा। गुप्ता ने एक्स पर पोस्ट किया कि रंगों के पवित्र त्योहार होली पर दिल्ली और पूरे देश के लोगों को अनंत शुभकामनाएं। रंगों का यह त्योहार, होली आपके जीवन में अनगिनत खुशियां, अपार प्रेम और सद्भाव लेकर आए। यह त्योहार केवल रंगों का उत्सव नहीं है, बल्कि सच्चाई की जीत, रिश्तों के मजबूत बंधन और आपसी भाईचारे का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने लोगों से होली को सुरक्षित, सौहार्दपूर्ण और पर्यावरण के प्रति जागरूक तरीके से मनाने का आग्रह किया और एक-दूसरे का सम्मान करने तथा प्रेम फैलाने के महत्व पर जोर दिया। आइए हम सभी इस त्योहार को सुरक्षित, सौहार्दपूर्ण और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील तरीके से मनाएं। एक-दूसरे का सम्मान करें, हर दिल को प्रेम और सद्भाव के रंगों से भरें और एक समृद्ध, खुशहाल दिल्ली की ओर बढ़ें। इस बीच, दिल्ली के मुख्यमंत्री शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित 'होली मंगल मिलन' में भी शामिल हुए। दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में होली मनाई। उन्होंने भाजपा कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को गुलाल लगाकर रंगों का त्योहार मनाया।

सचदेवा ने कहा कि इस साल की होली में उत्साह और खुशी अलग है क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा की सरकार बनी है। उन्होंने कहा, हम हर जगह होली मनाते हैं, लेकिन इस बार उत्साह और खुशी अलग है क्योंकि दिल्ली में पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी है। देश भर में रंगों के त्योहार को सौहार्द और खुशी के साथ मनाने की शुरुआत हुई, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी त्योहार की शुभकामनाएं दीं।

# पत्नी की अश्लील चैटिंग कोई भी पति बर्दाश्त नहीं कर सकता, मध्य प्रदेश एचसी ने सुनाया फैसला



इंदौर,14 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के सामने हाल ही में एक केस आया जहां पत्नी ने आरोप लगाया था कि पति उसके साथ हिंसा करता है और 25 लाख रुपये दहेज मांगने का भी आरोप लगाया। वहीं, दूसरी तरफ पति ने आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी मोबाइल पर अपने पुरुष दोस्तों से अश्लील चैटिंग करती है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने हाल ही में पारिवारिक अदालत के आदेश के खिलाफ एक महिला की अपील को खारिज कर दिया, जिसमें उसके पति की तलाक की याचिका को उसके खिलाफ क्रूरता के आधार पर अनुमति दी गई थी। पति ने आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी अपने पुरुष दोस्तों से उनके निजी जीवन के बारे में बात कर रही है, पति-पत्नी के शारीरिक संबंधों को लेकर पत्नी अपने पुरुष दोस्तों से फोन पर चैटिंग कर रही है। इसी को लेकर जस्टिस विवेक रूसिया और गजेंद्र सिंह की बेंच ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि कोई भी पत्नी या पति शादी के बाद अपने दोस्तों के साथ अश्लील बातचीत नहीं कर सकता। कोर्ट ने कहा, कोई पति यह बात बर्दाश्त नहीं करेगा कि उसकी पत्नी अपने मोबाइल पर इस तरह की अश्लील चैटिंग कर रही है। शादी के बाद पति और पत्नी को इस बात की आजादी होती है कि वो अपने फोन पर जिससे चाहे चैटिंग कर सकते हैं, लेकिन इस चीज में इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि आप किस तरह की बातें कर रहे हैं। कोर्ट ने कहा, आपकी बातों का लेवल सभ्य होना चाहिए। साथ ही कोर्ट ने कहा, आपकी बातों का लेवल तब और ज्यादा सभ्य होना चाहिए जब आप महिला होकर किसी पुरुष से बात कर रहे हो या फिर पुरुष होकर किसी महिला से बात कर रहे हो। आपकी बातें ऐसी होनी चाहिए जिस पर आपके पार्टनर को कोई आपत्ति न हो। कोर्ट ने कहा कि अगर आपत्ति के बावजूद पति या पत्नी ऐसी बातें करना जारी रखते हैं तो यह निश्चित रूप से दूसरे साथी के लिए मानसिक क्रूरता की वजह बनेगा।

**कैसे शुरू हुआ कपल के बीच विवाद**

इस कपल ने साल 2018 में शादी की थी। पति आंशिक रूप से सुन नहीं सकता है और इस बात की जानकारी शादी से पहले ही पत्नी को दे दी गई थी। हालांकि, पति ने आरोप लगाया कि शादी के तुरंत बाद पत्नी ने उसकी मां के साथ दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया और डेढ़ महीने बाद ही वो ससुराल छोड़ कर चली गई।


पति ने कथित रूप से यह भी आरोप लगाया कि पत्नी शादी के बाद अपने पुराने लवर (प्रेमी) से मोबाइल पर चैटिंग करती थी। पति ने कहा, उन दोनों की व्हाट्सऐप पर हुई बातें वल्गर है। पति के लगाए गए आरोपों पर पत्नी ने अपना पक्ष रखते हुए कहा, पत्नी ने कहा कि जिन पुरुष से उसकी चैटिंग होने का आरोप लगाया जा रहा है, उसका उनसे कोई संबंध नहीं है। उसने यह भी दावा किया कि पति ने उसका मोबाइल फोन हैक कर लिया था और उसके खिलाफ सबूत बनाने के लिए उन 2 पुरुषों को उसी ने मैसेज किए थे। पत्नी ने आगे तर्क दिया कि उनके पति ने उनके फोन से चैट निकाल कर उनकी निजता के अधिकार का उल्लंघन किया है। पत्नी ने पति पर उसे पीटने और 25 लाख रुपये दहेज मांगने का भी आरोप लगाया।

हालांकि, हाई कोर्ट ने पाया कि महिला के पिता ने खुद इस बात को स्वीकार किया था कि उनकी बेटी को पुरुष दोस्तों से बात करने की आदत थी। पारिवारिक अदालत ने पाया कि उदाहरण ए/4 और ए/6, विनोद और अन्य के साथ इस अपीलकर्ता की चैटिंग का प्रिंटआउट, एक सभ्य बातचीत नहीं है। प्रतिवादी के खिलाफ एफआईआर या घरेलू हिंसा आदि की शिकायत के माध्यम से कोई जवाबी कार्रवाई नहीं की गई है, जो यह स्थापित करता है कि पत्नी के खिलाफ प्रतिवादी के आरोप सही हैं। इसी के चलते, अदालत उस व्यक्ति को तलाक देने के पारिवारिक अदालत के फैसले से पूरी तरह सहमत थी।

# उत्तर के विरोध में स्टालिन

द्रविड़ राजनीति में उत्तर का विरोध एक प्रमुख बिंदु के रूप में हमेशा से रहा है जिसे रामकथा में भी देखा जा सकता है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने जनसंख्या नियंत्रण के तर्क पर परिसीमन का विरोध करते-करते हिंदी का भी विरोध करना शुरू कर दिया। त्रिभाषा फॉर्म्युला को लेकर तमिलनाडु समय-समय पर एतराज जताता रहा है। रामकथा को भी आर्यों की द्रविड़ों के ऊपर जीत के रूप में देखा गया। इसलिए जस्टिस पार्टी के संस्थापक इवी रामास्वामी नायकर उर्फ पेरियार ने भगवान राम के पोस्टर जलवाए। सीएन अन्नादुरै ने तो राज्यसभा में ललकार दिया था कि अगर रावण दहन की प्रथा बंद नहीं की गई तो तमिलनाडु भारत से अलग हो जाएगा। बहरहाल, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने लोकसभा सीटों के परिसीमन के विरोध में तर्क दिया है कि दक्षिण के राज्यों ने परिवार नियोजन की नीति को प्रभावी तरीके से लागू किया जिससे उनकी आबादी नियंत्रण में रही, जबकि उत्तर भारत में आबादी बेतहाशा बढ़ी। स्टालिन जाति जनगणना का समर्थन करते हैं ताकि संख्या के आधार पर सबको उनका हक मिल सके। उनका तर्क है कि जो शिक्षित थे, उन्होंने अपने परिवार को छोटा रखा और बच्चों को अच्छी शिक्षा दी। जो अशिक्षित थे, उनके परिवार बढ़े। इनमें पिछड़े व दलित अधिक थे। इसलिए इनके वोटो की जरूरत सभी दलों को है लेकिन उन्हें शिक्षित नहीं किया गया। इसकी आड में स्टालिन दक्षिण के राज्यों को एक तरह से भड़का रहे हैं कि लोकसभा में उनकी संख्या कम हो जाएगी तो राष्ट्रीय राजनीति में दक्षिण का प्रभाव कम हो जाएगा। संविधान के अनुच्छेद 82 के अनुसार, हर जनगणना के बाद लोकसभा की सीटों का निर्धारण संख्या के आधार पर होना था। 1976 में संविधान के 42वें संशोधन के द्वारा नए परिसीमन पर 2001 तक के लिए रोक लगा दी गई। साल 2000 में फिर हंगामा हुआ तो 84वें संविधान संशोधन के जरिए अगले 25 सालों तक यह रोक बढ़ा दी गई। अब फिर वही हंगामा खडा हो गया है। नई शिक्षा नीति में त्रिभाषा फॉर्म्युला है - मातृभाषा, एक अन्य भारतीय भाषा और अंग्रेजी। इसमें हिंदी का कोई जिक्र नहीं है। लेकिन स्टालिन का कहना है कि तीसरी भाषा के बहाने हिंदी थोपने की साजिश है। उनका आरोप है कि इस बहाने केंद्र ने सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत उसे 2,152 करोड़ रुपये की देय राशि रोक रखी है। दिक्कत यह है कि केंद्रीय अनुदान प्राप्त करने के लिए राज्य की विधानसभा को नई शिक्षा नीति लागू करने के लिए विधान बनाना होगा, जिसमें त्रिभाषा फॉर्म्युला लागू करने की शर्त होगी। 1948-49 में इसकी अनुशंसा राधाकृष्णन आयोग ने की। इसे केंद्र सरकार ने शिक्षा नीति में अपनाया। 1968 में कोठारी आयोग ने यही अनुशंसा की। आयोग ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय एवं राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ विचार-विमर्श कर सबकी सहमति से रिपोर्ट तैयार की थी। इसमें हिंदी, एक आधुनिक भारतीय भाषा और अंग्रेजी को शामिल किया गया था। तमिलनाडु ने त्रिभाषा फॉर्म्युले को कभी स्वीकार नहीं किया। हिंदी विरोधियों का यह भी कहना है कि तमिल सबसे पुरानी जीवित भाषा है। अन्य पुरानी भाषाएं खत्म भले न हुई हों, आमजन की भाषा नहीं रहीं। हिंदी को राजभाषा बनाने के पक्ष में अधिकांश गैर-हिंदी राज्यों में शुरू से समर्थन था। दक्षिण भारत के अनेक संतों-साहित्यकारों ने हिंदी में लेखन किया। शंकर, रामानुज, माधवाचार्य, वल्लभाचार्य, निंबार्क, आदि सभी दक्षिणी राज्यों से थे और उनके उपदेश की वाणी पूरे देश में गूंजी। संत-भक्तों ने कभी उत्तर और दक्षिण का भेद नहीं किया। लेकिन आज राजनीति जाति, संप्रदाय, भाषा आदि के नाम पर समाज को बांटने का काम कर रही है। स्टालिन के विरोध में तमिल व तमिलनाडु की चिंता कम, अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता बनाए रखने की फ़िक्र ज्यादा दिखाई दे रही है।

# एकता को कमजोर करते हैं तमिलनाडु सरकार के फैसले



अशोक भाटिया

तमिलनाडु में हिंदी पर मचे घमासान के बीच मुख्यमंत्री स्टालिन ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार ने हिंदी में रुपया का चिह्न हटा दिया है। बताया जा रहा है कि हिंदी के अक्षर की जगह इसे तमिल अक्षर से बदल दिया गया है। ये फैसला ऐसे समय में लिया गया, जब स्टालिन चेन्नई से लेकर दिल्ली तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करके हिंदी थोपने का आरोप लगा रहे हैं। तमिलनाडु सरकार ने 2025-26 के लिए बजट के लिए जो प्रचार सामग्री तैयार की, उसमें 'रुपये' का चिह्न तमिल अक्षर से बदल दिया गया। इसे आज विधानसभा में पेश किया जाएगा। हालांकि इसको लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं बताया गया है। मीडिया से बात करते हुए भाजपा प्रवक्ता नारायण तिरुपति ने कहा कि रुपये का सिंबल तो पूरे देश के लिए एक है। उन्होंने कहा कि स्टालिन के इस कदम से लग रहा है मानो वो कहना चाहते हैं कि 'तमिलनाडु भारत से अलग है।'तमिलनाडु मुख्यमंत्री स्टालिन केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति को 'भगवा नीति' बता चुके हैं।

उन्होंने कहा था, 'एनईपी कोई शिक्षा नीति नहीं, यह भगवा नीति है। इसका इसका उद्देश्य भारत का विकास करना नहीं, बल्कि हिंदी का विकास करना है। हम एनईपी का विरोध करते हैं क्योंकि यह शिक्षा क्षेत्र में तमिलनाडु की प्रगति को पूरी तरह से नष्ट कर देगी।' स्टालिन का कहना है कि एनईपी आरक्षण को स्वीकार नहीं करती जो कि सामाजिक न्याय है। उनका आरोप है, 'एनईपी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्गों को सहायता राशि देने से इनकार करती है'। बीजेपी पर निशाना साधते हुए स्टालिन ने कहा कि पिछले 10 सालों में तमिलनाडु का विकास बुरी तरह प्रभावित हुआ है।तमिलनाडु सरकार ने जब नई शिक्षा नीति के प्रमुख पहलुओं खासतौर पर तीन भाषा फॉर्मूले को लागू करने से इनकार कर दिया तो केंद्र सरकार ने राज्य को समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) के तहत दी जाने वाली सहायता राशि की 573 करोड़ रुपये की पहली किस्त पर रोक लगा दी। जिसके बाद स्टालिन केंद्र पर भड़के हुए हैं। नीति से जुड़े नियमों के अनुसार, सर्व शिक्षा अभियान के लिए वित्तीय सहायता हासिल करने के लिए राज्यों का एनईपी के दिशा-निर्देशों पर अमल करना अनिवार्य है।एनईपी 2020 में प्रस्तावित तीन भाषा फॉर्मूला कहता है कि छात्रों को तीन भाषाएं सीखनी चाहिए, जिनमें से कम से कम दो भारतीय मूल भाषा होनी चाहिए। यह फॉर्मूला सरकारी और प्राइवेट दोनों स्कूलों पर लागू होगा और राज्यों को बिना किसी दबाव के भाषाएं चुनने की छूट देता है। इसमें स्पष्ट लिखा हुआ है कि किसी भी राज्य पर कोई भी भाषा नहीं थोपी जाएगी। यहां तक कि छात्र खुद सीखने के लिए कोई तीन भाषा चुन सकते हैं, लेकिन इनमें से दो भाषाएं भारतीय होनी चाहिए।

रुपये का चिह्न तमिल अक्षर से बदलने के इस मामले को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बुरी तरह भड़की हुई है । उन्होंने कहा कि तमिलनाडु सरकार का रुपये के चिन्ह को हटाने का कदम खतरनाक मानसिकता का संकेत है, जो देश की एकता को कमजोर करता है। उन्होंने यह भी कहा कि रुपये का चिन्ह मिटाकर डीएमके न केवल एक राष्ट्रीय प्रतीक को खारिज कर रही है, बल्कि एक तमिल युवा के रचनात्मक योगदान की भी अवहेलना कर रही है।केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक्स पर लिखा, ''यह एक खतरनाक मानसिकता का संकेत है जो देश की एकता को कमजोर करता है और क्षेत्रीय गौरव के बहाने अलगाववादी भावनाओं को बढ़ावा देता है।'' उन्होंने कहा, ''रुपये का प्रतीक चिह्न अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छी तरह से पहचाना जाता है और वैश्विक वित्तीय लेनदेन में भारत की पहचान के रूप में काम करता है। ऐसे समय में जब भारत यूपीआई का उपयोग करके सीमापार भुगतान पर जोर दे रहा है, क्या हमें वास्तव में अपने स्वयं के राष्ट्रीय मुद्रा प्रतीक को कमतर आंकना चाहिए?'' अगर डीएमके को से दिक्कत है, तो उसने 2010 में इसका विरोध क्यों नहीं किया, जब इसे आधिकारिक तौर पर कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के तहत अपनाया गया था, उस समय जब डीएमके केंद्र में सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा थी। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा, ''वास्तव में, इंडोनेशिया, मालदीव, मॉरीशस, नेपाल, सेशेल्स और श्रीलंका सहित कई देश आधिकारिक तौर पर 'रुपया' या इसे मिले-जुले नाम को अपनी मुद्रा के नाम के रूप में उपयोग करते हैं ....'' उन्होंने कहा, ''सभी निर्वाचित प्रतिनिधि और अधिकारी संविधान के तहत हमारे राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता को बनाए रखने की शपथ लेते हैं। राज्य बजट दस्तावेजों से रुपये के चिन्ह जैसे राष्ट्रीय प्रतीक को हटाना उस शपथ के खिलाफ है।

यह राष्ट्रीय एकता के प्रति प्रतिबद्धता को कमजोर करता है। इसके अलावा, तमिल शब्द रुपाई की जड़ें संस्कृत शब्द रुपया से गहाई से जुड़ी हैं, जिसका अर्थ है गढ़ी हुई चांदी या ऐसा चांदी का सिक्का जिस पर काम हुआ हो। यह शब्द तमिल व्यापार और साहित्य में सदियों से चलता आ रहा है और आज भी, रुपाई तमिलनाडु और श्रीलंका में मुद्रा का नाम बना हुआ है। हालांकि भाषा की राजनीति करते हुए तमिल भाषा में को बजट से हटाने वाली तमिलनाडु सरकार ने ये ध्यान देना जरूरी नहीं समझा कि रुपये के इस सिंबल को एक तमिल ने ही डिजाइन किया था। खास बात यह है कि इस सिंबल को डिजाइन करने वाले उदय कुमार धर्मलिंगम के पिता भी डीएमके के नेता थे।

उदयकुमार धर्मलिंगम एक भारतीय शिक्षाविद् और डिज़ाइनर हैं, जिन्होंने भारतीय रुपये के प्रतीक चिह्न को डिज़ाइन किया था। उनका जन्म 10 अक्टूबर 1978 को तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में हुआ था वे चेन्नई, तमिलनाडु के निवासी हैं और आईआईटी गुवाहाटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। उदयकुमार धर्मलिंगम के पिता एन धर्मलिंगम डीएमके के विधायक रह चुके हैं। उदयकुमार धर्मलिंगम देश के नामी डिजाइनर हैं। जब उदय ने ये प्रतियोगिता जीती थी तो एन धर्मलिंगम ने कहा था कि ये उनके लिए बेहद गर्व का क्षण है। मेरे बेटे ने तमिलनाडु के लिए गौरव लाया है। उदयकुमार धर्मलिंगम ने रुपये के प्रतीक का डिजाइन देवनागरी के 'र' और रोमन अक्षर 'आर' को मिलाकर बनाया, जो भारतीय तिरंगे से प्रेरित है और इसे अन्य मुद्राओं से अलग दिखाने के लिए डिज़ाइन किया गया था। इस डिजाइन को 15 जुलाई 2010 को भारत सरकार द्वारा जनता के सामने प्रस्तुत किया गया।

यह प्रतीक एक खुली प्रतियोगिता के माध्यम से चुना गया था, इसके लिए वित्त मंत्रालय ने प्रतियोगिता आयोजित की थी। इसके लिए 3,331 आवेदन आए थे।जिसमें उदयकुमार का डिज़ाइन पांच फाइनलिस्ट डिज़ाइनों में से विजेता रहा। उन्होंने बताया था कि यह डिज़ाइन भारतीय तिरंगे से प्रेरित है और इसमें देवनागरी लिपि के 'र' और रोमन लिपि के 'आर' को मिलाकर बनाया गया है, साथ ही एक क्षैतिज रेखा भी शामिल है जो समानता और राष्ट्रध्वज को दर्शाती है। उदयकुमार का यह योगदान भारतीय मुद्रा को वैश्विक स्तर पर एक विशिष्ट पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण रहा। तमिलनाडु बीजेपी के अध्यक्ष अन्नामलाई ने कहा कि 2025-26 के लिए डीएमके सरकार के बजट में रुपये के चिह्न बदल दिया गया है। इस डिजाइन को एक तमिल ने डिजाइन किया गया था।जिसे पूरे भारत ने अपनाया और हमारी मुद्रा में शामिल किया। इस प्रतीक को डिजाइन करने वाले थिरु उदयकुमार, डीएमके के एक पूर्व विधायक के बेटे हैं। आप कितने मूर्ख हो सकते हैं, थिरु स्टालिन।₹बीजेपी नेता तमिलिसाई ने कहा कि रुपये का चिह्न बदलने वाले स्टालिन साहब को सबसे पहले अपना नाम बदलकर स्टालिन में करना चाहिए।

# जुमा की नमाज को लेकर सियासत बदरंग



मनोज अग्रवाल

जुमा साल में 52 बार आता है, लेकिन होली सिर्फ एक बार. मुसलमान रंग-गुलाल को बुरा मानते हैं, तो उन्हें घर में ही रहना चाहिए. अगर बाहर निकलें, तो रंग सहन करें. यही वह बयान है जिसको लेकर यूपी ही नहीं देश भर में धमाल मचा हुआ है। न सिर्फ सियासतदान इस बयान को लेकर दो खेमों में बंट गए हैं संभल के सीओ अनुज चौधरी के बयान को उत्तर प्रदेश के चीफ मिनिस्टर योगी आदित्यनाथ के दोहराने के बाद होली और जुमा की नमाज को लेकर जबरदस्त बयानबाजी शुरू हुई है.इस बयानबाजी ने सामुदायिक चेतना को आहत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है होली का रंग और रमजान के जुमे की नमाज एक साथ सम्पन्न कराना चुनौती है। इसे देखते हुए उत्तर प्रदेश में प्रशासन अलर्ट पर है।कम से कम 13 जिलों में मुस्लिम समाज ने जुमे की नमाज का वक्त बदला है। सैकड़ों मस्जिदों को रंग से बचाने के लिए तिरपाल से ढका गया है।

प्रशासन ने संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ा दी ही और स्थिति पर नजर रखने के लिए ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे तैनात किए गए हैं। इसी बीच इस मामले पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी अपनी प्रतिक्रिया दे दी है।चार बार यूपी की मुख्यमंत्री रह चुके मायावती ने आड़े हाथों लेते हुए कहा कि संभल की तरह अधिकारियों का गलत इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। बल्कि इन्हें कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मायावती ने कहा कि इसकी आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं है। सभी धर्मों के अनुयायियों के मान-सम्मान का बराबर ध्यान रखना बहुत जरूरी है। मायावती ने पोस्ट के जरिये कहा कि जैसा कि मालूम है कि इस समय रमज़ान चल रहे हैं और इसी बीच जल्दी होली का भी त्योहार आ रहा है। जिसे मद्देनजर रखते हुये उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में सभी राज्य सरकारों को इसे आपसी भाईचारे में तब्दील करना चाहिए तो यह सभी के हित में होगा। उधर इस मुद्दे को लेकर समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस नेता उदित राज आदि ने जिस तरह अनुज चौधरी के खिलाफ बयान देना शुरू किया जाहिर है कि उसकी प्रतिक्रिया तो होनी ही थी. उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार और महाराष्ट्र तक बयान वीर बिलों से बाहर आ गए जिस तरह की जहरीली बयानबाजी हो रही है उससे सबसे ज्यादा नुकसान उन मुस्लिम धर्मगुरुओं का हुआ है जिन लोगों ने शांति का रास्ता दिखाया. विपक्ष इसे भारत की धार्मिक स्वतंत्रता और मुसलमानों के खिलाफ इस तरह बता रहे हैं कि जो शांतिपूर्ण लोग हैं वो भी रेडिकल हो जा रहे हैं. जब हमारे देश के कुछ नेता इस बयान पर राजनीति करके इसे मुसलमानों के खिलाफ बताने में जुटे हैं, ठीक उसी समय कई मुस्लिम धर्मगुरुओं ने कहा है कि वो अनुज चौधरी के बयान में कुछ भी गलत नहीं मानते और वो होली के दिन जुमे की नमाज़ का समय बदलने के लिए तैयार हैं। इस मुद्दे को लेकर तमाम सियासतदान हाथ सेंकने के लिए बयानबाजी करने लगे। यूपी के एक विधायक ने यहां तक कह दिया कि होली के रंग से अगर दिक्कत है मुस्लिम समुदाय को तो उनके लिए अस्पतालों में अलग वॉर्ड भी बनवाना चाहिए. आखिर जिसका धर्म रंग नहीं बर्दाश्त कर पा रहा है वो हिंदुओं के साथ किस तरह अस्पतालों में इलाज करवाएंगे. इसी तरह के बयान उत्तर प्रदेश के एक मंत्री रघुराज सिंह का भी आया कि जिन लोगों को होली के रंगों से दिक्कत है वो लोग बुरके की तरह का एक तिरपाल बनवा कर ओढ़ लें. बिहार के एक विधायक ने कहा मुस्लिम लोग उस दिन घर से बाहर ही न निकलें. बीजेपी विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल का कहना है कि अगर बाहर निकलना जरूरी हो, तो उन्हें 'कलेजा बड़ा' रखना होगा, क्योंकि होली के दौरान कोई रंग लग सकता है जिसे उन्हें सहन करना चाहिए. उन्होंने आगे कहा, 'जुमा साल में 52 बार आता है, लेकिन होली सिर्फ एक बार. मुसलमान रंग-गुलाल को बुरा मानते हैं, तो उन्हें घर में ही रहना चाहिए. अगर बाहर निकलें, तो रंग सहन करें. इस सारे प्रकरण की शुरुआत तब हुयी जब शांति समिति की बैठक में सम्भल पुलिस के सर्किल ऑफिसर अनुज चौधरी ने केवल यही कहा था कि जुमे की नमाज़ साल में 52 बार पढ़ी जाती है और होली का त्योहार साल में एक बार मनाया जाता है. इसलिए जिन मुसलमानों को होली के रंगों से दिक्कत है, वो अपने घरों से उस दिन बाहर ना निकलें और अपने घरों पर रहकर ही जुमे की नमाज़ करें. कितनी सीधी बात थी. इस बात को तिल का ताड़ बना दिया गया. सीधी सी बात थी कि होली हर महीने और हर हफ्ते नहीं आती है. ऐसे मौके पर मुस्लिम समुदाय को खुद आगे आकर ये पहल करनी चाहिए थी. तमाम मुस्लिम धार्मिक नेताओं ने इस संबंध में सौहार्द बढ़ाने वाला बयान दिया भी. कई क्लैरिक्स ने तो जुमे की नमाज का टाइम भी बदलने की पहल की. लेकिन इस मुद्दे पर फिरकापरस्त नजरिया रखने वाले सियासतदानों को मौके की तलाश पूरी हो गयी और उन्होंने बयान के पक्ष विपक्ष में हो हल्ला मचा कर रंगों के त्योहार को बदरंग करना शुरू कर दिया।

आपको बता दें कि लखनऊ में ईदगाह मस्जिद के इमाम और इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया के सदर ने ऐलान है कि 14 मार्च को जुमे की नमाज़ दोपहर 12 बजकर 45 मिनट पर नहीं बल्कि दो बजे पढ़ी जाएगी. इसी संस्था ने देश की दूसरी मस्जिदों से भी ये अपील की है कि वो हिन्दुओं के साथ अपने भाईचारे को कायम रखते हुए जुमे की नमाज़ के समय को आगे बढ़ा सकते हैं और ऐसा करने से नमाज़ का महत्व कम नहीं होगा. ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने भी देश के सभी इमामों से जुमे की नमाज़ को देर से पढ़ाने की अपील की है. और मुसलमानों से ये भी कहा गया है कि वो होली के दिन दूर की मस्जिदों में नमाज़ पढ़ने के लिए ना जाएं और स्थानीय मस्जिदों में ही जुमे की नमाज़ को अता करें और इसे ही असली धर्मनिरपेक्षता और भाईचारा कहते हैं। उत्तर प्रदेश के संभल में होली के जुलूस मार्ग पर पड़ने वाली 10 मस्जिदों को तिरपाल से ढका गया है। इसमें शाही जामा मस्जिद भी शामिल है।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र ने कहा कि दोनों समुदायों के बीच समझौता होने के बाद होली जुलूस के पारंपरिक मार्ग से लगे धार्मिक स्थल ढके रहेंगे।ज्ञात हो कि संभल की जामा मस्जिद में मंदिर होने को लेकर विवाद चल रहा है। शाहजहांपुर में 67 मस्जिदों पर तिरपाल लगाई गई है और जुलूस मार्ग पर पड़ने वाली मस्जिदों में जुमे की नमाज का समय बदला गया है।

जुलूस वाले मार्ग तैनाती के लिए दूसरी जगहों से 1,000 अतिरिक्त जवानों को बुलाया गया है।इसके अलावा जौनपुर, मिर्जापुर, ललितपुर, औरैया, लखनऊ, मुरादाबाद, उन्नाव, बरेली, अयोध्या समेत कई जगहों पर जुमे की नमाज का वक्त आगे बढ़ाया गया है, ताकि जुलूस खत्म होने के बाद नमाज अदा की जा सके।

# भगवंत मान के लिए जी का जंजाल बना किसान आंदोलन

**रामस्वरूप रावतसरे**

पंजाब-हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर किसान एक साल से धरने पर हैं और अब पंजाब के सीएम भगवंत मान की टेंशन बढ़ रही है। हालात अब किसान और पंजाब सरकार के बीच टकराव के स्तर पर पहुंच गई है। आम आदमी पार्टी ने किसान आंदोलन को केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ इस्तेमाल किया मगर अब इन्हीं अन्नदाताओं ने पंजाब सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सीएम भगवंत मान का कहना है कि किसानों ने पंजाब को धरने वाला राज्य बना दिया है। पिछले सोमवार को वह किसान नेताओं की मीटिंग को बीच में ही छोड़कर चले आए। अरविंद केजरीवाल भी इन दिनों पंजाब में विपश्यना कर रहे हैं मगर किसानों की मांगों पर चुप हैं। दिल्ली चुनाव में हार के बाद हालात इतनी तेजी से बदले कि किसानों को दिल्ली में धरने के लिए निमंत्रण देने वाली आम आदमी पार्टी की मान सरकार ने किसानों को चंडीगढ़ में एंट्री नहीं दी। पंजाब के किसान एमएसपी की गारंटी समेत अन्य मांगों के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा की कई मांगें केंद्र के साथ राज्य सरकार से भी है। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर किसानों का धरना एक साल से जारी है। माना जाता है कि पंजाब सरकार आप ने किसानों को दिल्ली का रास्ता दिखाकर आंदोलन को हवा दी थी। आप को उम्मीद थी कि किसान एक बार फिर दिल्ली पहुंचेंगे और केंद्र सरकार की मुसीबत बढ़ जाएगी मगर हरियाणा सरकार ने दोनों बॉर्डर को बंद कर दिया। जानकारों का कहना है कि अगर हरियाणा में सत्ता बदल जाती तो सियासी खेल आसान हो जाता मगर हरियाणा में भाजपा ने हैट्रिक लगा दी और बॉर्डर बंद ही रहा। किसान अभी भी पंजाब की सीमा के भीतर टेंट लगाकर अभी बैठे हैं। अब यह दांव उल्टा पड़ रहा है। किसान कुछ लिए बिना जाना नहीं चाहते, इसलिए किसान केंद्र से पहले पंजाब में किए गए वादों को पूरा करने की मांग कर रहे हैं हालांकि किसानों की केंद्रीय मंत्रियों से भी बातचीत जारी है।

3 मार्च को सीएम भगवंत मान के साथ 40 किसान नेताओं की मीटिंग भी हुई थी जिसमें गन लाइसेंस रिन्यू करना, एग्रीकल्चर पॉलिसी समेत प्रीपेड इलेक्ट्रिक मीटर समेत 18 मांगों पर चर्चा होनी थी। ये सारे मुद्दे पंजाब सरकार से जुड़े हैं। मीटिंग में माहौल इतना तल्ख हो गया कि सीएम भगवंत मान बीच में ही मीटिंग छोड़कर निकल गए। सूत्रों के अनुसार, सीएम मान ने तल्ख अंदाज में कहा कि पहले भी जो मांगे माने गई हैं, वह भी अब रद्द हो गई हैं। बातचीत फेल होने के बाद किसानों ने बुधवार को चंडीगढ़ कूच का ऐलान किया और पंजाब सरकार से चंडीगढ़ के सेक्टर 34 में प्रदर्शन करने की मांग की। दिल्ली में धरने की वकालत करने वाली आम आदमी पार्टी ने किसानों को चंडीगढ़ में एंट्री की इजाजत नहीं दी। प्रदर्शन के दौरान कई किसान नेता गिरफ्तार किए गए। इसके बाद पंजाब में किसानों ने सीएम भगवंत मान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। किसानों ने आरोप लगाया है कि भगवंत मान सरकार भी वैसा ही व्यवहार कर रही है जैसा केंद्र सरकार करती आ रही है।

सर्व विदित है कि फरवरी 2024 में जब किसानों ने दोबारा दिल्ली मार्च शुरू किया तो अरविंद केजरीवाल ने उनका हर संभव समर्थन किया था। जब उनसे पूछा गया कि किसान दिल्ली ही क्यों जाते हैं तो उन्होंने जवाब दिया था कि किसान दिल्ली नहीं तो क्या लाहौर जाएंगे? उन्होंने दिल्ली कूच के मद्देनजर बवाना स्टेडियम को अस्थायी जेल बनाने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव को भी ठुकरा दिया था। इसके बाद केंद्र सरकार ने हरियाणा से दिल्ली तक किलेबंदी की और किसान दिल्ली नहीं आ पाये।

जानकारों का कहना है कि पांच साल पहले जब 2020 में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल सिंघु बॉर्डर पहुंचे थे। तब उन्होंने कहा था कि वह किसानों के बीच मुख्यमंत्री के तौर पर नहीं बल्कि सेवादार बनकर आए हैं। डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने आंदोलन कर रहे किसानों को बिजली, पानी समेत तमाम सुविधाएं दिलाने का वादा किया था और सुविधाएं दी भी थी। राजनीतिक दलों के समर्थन के कारण 2020-21 के बीच किसान 379 दिनों तक दिल्ली में जमे रहे। ट्रैक्टर मार्च निकाला और लाल किले में उपद्रव भी हुए। यह बात अलग है कि इस किसान आन्दोलन से जनता को भारी परेशानियां होने के साथ साथ अरबों रुपयों का नुकसान भी हुआ था।

2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को दिल्ली में किसानों की सेवा का फल भी मिला। पार्टी शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण इलाकों में विजयी रही हालांकि इस जीत में मुफ्त बिजली, किसानों को लोन माफी और महिलाओं को 1000 रुपये देने जैसे वादों का भी बड़ा रोल रहा था. बताया जा रहा है कि इन वादों को पूरा करने के लिए पंजाब सरकार आज भी बजट का इंतजाम नहीं कर पाई है। अब भगवंत मान सरकार के लिए चुनावी वादे ही गले की हड्डी बन गए हैं। किसानों की मीटिंग से निकलने के बाद भगवंत मान ने कहा कि उनकी सरकार को सिर्फ किसानों का ही नहीं बल्कि सभी 3.5 करोड़ पंजाबियों के हितों का भी ध्यान रखना है। उनका कहना था कि प्रदर्शनों से व्यापारियों, व्यवसायियों, छात्रों, कर्मचारियों एवं आमजन को अत्यधिक परेशानी हो रही है।

# आखिर कब तक जारी रहेंगे रियल एस्टेट के गोरखधंधे?

**कमलेश पांडेय**

चाहे भूमि हो या सोना, इनकी कीमत अमूमन इसलिए बढ़ती रहती है क्योंकि इसमें देश-दुनिया के 'धनपशुओं' का निवेश होता है। यहां पर 'धनपशुओं' का अभिप्राय उन नेताओं, उद्यमियों, अधिकारियों, सफेदपोश अपराधियों और उन मध्यमवर्गीय पेशेवरों के समझदारी भरे गठजोड़ से है जो अवैधानिक रूप से खूब सम्पत्ति जोड़ते हैं और अपने नेटवर्क को लाभान्वित करते हैं। ऐसे लोग दुनियावी लोकतंत्र और संवैधानिक कानूनों को अपने आर्थिक हितों के मुताबिक समय समय पर मोड़वाते रहते हैं।

मसलन, इस खेल में देशी-विदेशी पूंजीपतियों और इन जैसों की एक मजबूत लॉबी होती है जिनकी लक्षित लॉबिंग से अक्सर आम आदमी के दूरगामी हितों को कुचला जाता है। देश-दुनिया में जारी नई आर्थिक नीतियों ने इन्हें बेलगाम कर दिया है। क्रिप्टो करेंसी जैसी समानांतर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा का बढ़ता प्रचलन और अधिकतर कैश लेन-देन में चलने वाले इनके बड़े-बड़े धंधे बहुत कुछ बयां कर जाते हैं। कहीं टैरिफ वार और कभी तस्करी से इन्हीं जैसों को तो फायदा पहुंचता है।

आप यदि थोड़ी सी गहराई में जाएंगे तो पाएंगे कि गोल्ड तस्करी और बेनामी जमीन-फ्लैट संपदा सौदा के लिए जो अस्पष्ट कानून हैं, उनका मकसद शायद इन्हें ही लाभान्वित करना होता है। आपने ग्रामीण भू-हदबंदी कानून जैसे शहरी भू-हदबंदी कानून के बारे में कभी नहीं सुना होगा। वह सिर्फ इसलिए कि अधिकतर शहरों में निवास कर रहे धनपशुओं को लाभान्वित किया जा सके। आपने प्रॉपर्टी लेन-देन ये ब्लैक मनी और व्हाइट मनी सम्बन्धी लेने देन की चर्चा धड़ल्ले से सुनी होगी, जो संवैधानिक कानून पर करारा तमाचा है।

इतना ही नहीं, सरकारी बैंकों या संस्थाओं को ऐसे लोग चूना लगाते रहें, इसलिए फर्म्स, कम्पनीज़, ट्रस्ट्स, सोसाइटीज आदि को अलग अलग इकाई करार दिया गया, चिट-फंड्स कानून बनाए गए जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। आप यह जानकर हैरत में रह जाएंगे कि जिन लोगों की कम्पनियों को दिवालिया कानून का लाभ मिलता है, व अन्य प्रकार के नीतिगत छूट मिलते हैं, उनके परिजनों, मित्रों, नौकरों के पास भी अकूत सम्पत्ति होती है। ट्रस्ट और सोसाइटी जनसेवा कम, कर वंचना के अड्डे ज्यादा हैं।

हमारे देश के ज्यादातर अधिकारी इसलिए अमीर बन जाते हैं कि हर गलत चीज पर आंखें मूंदने के लिए उन्हें 'उपकृत' किया जाता है! शहरों में रियल एस्टेट भी एक अभिजात्य वर्गीय कारोबार है जिसमें बड़े पैमाने पर कालेधन का निवेश किया गया है। यदि आप कहेंगे कि सोने और जमीन, मकान-दुकान-फ्लैट्स की राशनिंग कब होगी, इनमें निवेश की हदबंदी कौन करेगा, इन्हें आधार कार्ड से कौन जोड़ेगा, तो नेताओं-अधिकारियों को सांप सूंघ जायेगा ।

# मतों की बिक्री : चुनावी धोखे का एक ताबीज उजागर!



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

भारतीय लोकतंत्र के भव्य बाजार में, जहां हर कोने पर कोई विक्रेता वादों को बेचा करता है, जो हिमालय की ऊँचाई जितने भव्य और सुबह की ओस जितने क्षणिक होते हैं, एक अजीब प्राणी मौजूद था जिसे हम 'राजनीतिज्ञ' कहते हैं। यह प्राणी, अपने चमकीले बालों और तेज जुबान के साथ, इस विश्वास पर पलता था कि मतदाता एक भेड़ का झुंड हैं, जिन्हें रंगीन पोस्टरों और लुभावने नारे के आकर्षण से आसानी से बहकाया जा सकता है। जैसे ही चुनाव का मौसम नजदीक आता, हवा में उत्साह, उम्मीद और सड़ते हुए वादों की महक फैल जाती थी। हमारी कहानी चुटकी नामक हलचल भरे शहर में शुरू होती है, जहां मौजूदा विधायक, संयम और संदेहास्पद नैतिकता वाले व्यक्ति, एक निराशाजनक संभावना का सामना कर रहे थे—उनकी आने वाली हार। स्थानीय जनसमुदाय, जो उनकी प्यारी वाक्पटुता और खोखले हाथों से थक चुके थे, ने एक अलग प्रकार के बदलाव को अपनाने का निर्णय लिया, जो उन कमजोर पट्टियों से मुक्त था जो उन्होंने उनके गहरे दुखों पर चिपका दी थीं। निराश और उनके अहंकार को ठेस पहुँची, गुप्ता, जिन्हें हम इस कथा में नाम देंगे, अपने लंबे समय के सलाहकार सीता राम के साथ संजीवनी की तलाश में गए। श्री सीता राम, एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे, जिनके पास नवाचार भरे विचार और संदिग्ध नैतिकता थी।"सीता राम," गुप्ता ने शुरू किया, उनकी भौंहें इस तरह तनी हुई थीं जैसे उन्होंने एक अप्रत्याशित खट्टा नींबू खा लिया हो, "लोगों ने मेरी दृष्टि की सुंदरता को भूल जाना शुरू कर दिया है। मुझे उनके दिलों और, सबसे महत्वपूर्ण, उनके मतों को वापस पाने के लिए क्या करना चाहिए?"सीता राम, अपने स्वामी का फायदा उठाने से कभी चूकते नहीं थे, ने आंखों में चमक के साथ उत्तर दिया, "सर, समाधान केवल भाषणों या खोखले इशारों में नहीं है बल्कि जादू के रहस्यमय क्षेत्र में है! मैंने हाल ही में एक साधू से मिला—जो एक तरह के जादूगर हैं—जिनके पास एक अद्भुत ताबीज है जो चुनाव में जीत की गारंटी देता है!"श्री गुप्ता, जो इस बात से उलझन में थे, पास ही झुके। "ताबीज? यह किस तरह की बकवास है? क्या वह स्थानीय मेले में बिस्किट बेच रहा है?" सीता राम ने जानकार हंसते हुए कहा, "नहीं, नहीं, मेरे प्रिय विधायक! यह कोई साधारण ताबीज नहीं है। यह एक ईवीएम वशीकरण ताबीज है! साधू का दावा है कि यदि आप इस ताबीज को इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन के पास दबाते हैं, तो 'चुने हुए' राशि चक्र के चिन्हों—मेष, वृषभ, कर्क और धनु—द्वारा डाले गए सभी मत आपके पक्ष में आ जाएंगे!"इस सब की बेतुकी बात श्री गुप्ता पर खोई नहीं थी, लेकिन जीत की गारंटी का आकर्षण उनके लिए इतना मजबूत था कि वह इससे मुंह मोड़ नहीं सके। "और इस अद्भुत जादू के लिए क्या कीमत है?" उन्होंने पूछा, पहले से ही अपनी जीत के जश्न में डूबने की कल्पना कर रहे थे। "एक नगण्य राशि, सर! बस कुछ चुनावी बांड की आवश्यकता है," सीता राम ने उत्तर दिया, उनकी आंखों में उस बच्चे की चमक थी जो मिठाई की दुकान में हो।

# चैत्र महीना क्यों है खास ?



हिंदू कैलेंडर में चैत्र का महीना बहुत खास होता है। हिन्दू धर्म में चैत्र मास को नए साल के रूप में मनाया जाता है। यह मास होली के बाद शुरु होता है। यानी इस बार चैत्र 30 मार्च से आरंभ हो रहा है। आपको बता दें कि इस माह में सूर्य अपनी उच्च राशि यानी मेष में प्रवेश करता है। चैत्र का महीना भक्ति और संयम का होता है। साथ ही सेहत संबंधी बदलाव भी बहुत होते हैं। इस महीने में सूर्योदय से पहले उठकर ठंडे पानी से नहाना चाहिए और उगते सूरज को अर्घ्य देकर दिन की शुरुआत करें। चैत्र का महीना धर्म और विज्ञान दोनों के लिहाज से बहुत अच्छा होता है।

पौराणिक मान्यता अनुसार, ब्रह्माजी ने चैत्र मास शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से ही सृष्टि की रचना शुरू की थी। कहा जाता है इसी दिन भगवान विष्णु ने दशावतार में पहला मत्स्य अवतार लेकर प्रलयकाल में मनु की नौका को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया था।

इस महीने में सूर्य की उपासना करना चाहिए। इससे पद-प्रतिष्ठा के साथ ही शक्ति और ऊर्जा भी प्राप्त होती है। चैत्र महीने के दौरान नियम से पेड़-पौधों में पानी डालना चाहिए और जरुरतमंदों को लाल फल का दान करना चाहिए।

**अब आते हैं चैत्र मास में क्या नहीं करना चाहिए**

चैत्र मास में दूध का सेवन नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इस महीने में आपको दही और मिसरी का सेवन करने स्वास्थ्य को कई लाभ होगा।

साथ ही इस महीने नमक का सेवन न करें। चैत्र मास में कम से कम 15 दिन नमक को त्याग देना चाहिए। जिन लोगों का बीपी हाई है उन्हें तो खासतौर से नमक खाना छोड़ देना चाहिए।

इसके अलावा तली-भुनी चीजों का सेवन भी बहुत ज्यादा नहीं करना चाहिए। इससे पेट संबंधी परेशानी हो सकती है। इसलिए चैत्र के महीने में तरल चीजों या फिर फलों का सेवन बढ़ा देना चाहिए।

# मां भवानी का अनोखा मंदिर, घी या तेल से नहीं बल्कि पानी से जलती है ज्योत!





भारत में कई रहस्यमयी मंदिर हैं, जिनके रहस्यों से आज तक पर्दा नहीं उठ पाया है। ऐसा ही एक चमत्कारी मंदिर मध्य प्रदेश में स्थित है, जिसे गड़ियाघाट वाली माताजी का मंदिर कहा जाता है। इस मंदिर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां जलने वाला दीपक तेल या घी से नहीं, बल्कि कालीसिंध नदी के पानी से जलता है। यह रहस्य आज भी वैज्ञानिकों के लिए पहेली बना हुआ है। आइए जानते हैं इस मंदिर से जुड़ी अन्य बातें...

**कैसे शुरू हुआ यह चमत्कार ?**

मंदिर के पुजारी के अनुसार, कुछ साल पहले माता ने सपने में दर्शन देकर पानी से दीपक जलाने का आदेश दिया। अगले दिन पुजारी ने नदी से पानी लाकर दीपक में डाला और जैसे ही उसने रुई की बाती को जलाने की कोशिश की, वह दीपक जल उठा। पहले तो पुजारी को भी इस बात पर यकीन नहीं हुआ, लेकिन जब यह चमत्कार लगातार होने लगा तो इस बात की चर्चा पूरे गांव में फैल गई। तब से इस मंदिर का दीपक तेल या घी की जगह इसी नदी के पानी से जलाया जाता है। नवरात्रि के दिनों में इस मंदिर में भक्तों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिलती है।

**पानी तेल जैसा क्यों बन जाता है ?**

मान्यता है कि इस मंदिर में महाज्योति जल रही है। माता रानी के सामने जलाए जाने वाले इस दीपक को जलाने के लिए किसी तेल या घी का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। इस मंदिर का चमत्कारी दीपक पानी से जलता है। मंदिर के पुजारी के अनुसार, जब कालीसिंध नदी का पानी दीपक में डाला जाता है, तो वह तेल जैसा चिपचिपा तरल बन जाता है, जिससे दीपक आसानी से जलता है। बता दें कि यह मंदिर मध्य प्रदेश राज्य में स्थित है। गड़ियाघाट माता मंदिर शाजापुर जिले के नलखेड़ा गांव से करीब 15 किलोमीटर दूर गड़िया गांव के पास स्थित है।

**बारिश के मौसम में बुझ जाती है ज्योत**

मान्यता है कि जब कालीसिंध नदी का जलस्तर बढ़ जाता है, तो मंदिर पानी में डूब जाता है और दीपक बुझ जाता है। शारदीय नवरात्रि के पहले दिन घट स्थापना के साथ दीपक दोबारा जलाया जाता है जो अगले साल बारिश के मौसम तक लगातार जलता रहता है।

**लोगों की आस्था और विश्वास**

गड़ियाघाट माता के इस दिव्य चमत्कार को देखने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। कहा जाता है कि जो भी सच्चे मन से यहां माता जी के दर्शन करता है, उसकी मनोकामना जरूर पूरी होती है। यह चमत्कारिक दीपक आज भी लोगों की आस्था का प्रतीक बना हुआ है।



# खाटू श्याम बाबा की दो मिनट की कहानी रोंगटे खड़े कर देगी

राजस्थान के सीकर जिले में श्री खाटू श्याम जी का सुप्रसिद्ध मंदिर है। वैसे तो खाटू श्याम बाबा के भक्तों की कोई गिनती नहीं, लेकिन इनमें खासकर वैश्य, मारवाड़ी जैसे व्यवसायी वर्ग अधिक संख्या में हैं। श्याम बाबा कौन थे, उनके जन्म और जीवन चरित्र के बारे में जानते हैं। खाटू श्याम जी का असली नाम बर्बरीक है। महाभारत की एक कहानी के अनुसार, बर्बरीक का सिर राजस्थान प्रदेश के खाटू नगर में दफना दिया था। इसीलिए बर्बरीक जी का नाम खाटू श्याम बाबा के नाम से प्रसिद्ध हुआ। वर्तमान में खाटूनगर सीकर जिले के नाम से जाना जाता है।खाटू श्याम बाबा जी कलियुग में श्री कृष्ण भगवान के अवतार के रूप में माने जाते हैं। श्याम बाबा घटोत्कच और नागकन्या नाग कन्या मौरवी के पुत्र हैं।पांचों पांडवों में सर्वाधिक बलशाली भीम और उनकी पत्नी हिडिम्बा बर्बरीक के दादा दादी थे। कहा जाता है कि जन्म के समय बर्बरीक के बाल बब्बर शेर के समान थे, अतः उनका नाम बर्बरीक रखा गया। बर्बरीक का नाम श्याम बाबा कैसे पड़ा, आइये इसकी कहानी जानते हैं।



बर्बरीक बचपन में एक वीर और तेजस्वी बालक थे। बर्बरीक ने भगवान श्री कृष्ण और अपनी मां मौरवी से युद्धकला, कौशल सीखकर निपुणता प्राप्त कर ली थी।बर्बरीक ने भगवान शिव की घोर तपस्या की थी,जिसके आशीर्वादस्वरुप भगवान ने शिव ने बर्बरीक को 3 चमत्कारी बाण प्रदान किए। इसी कारणवश बर्बरीक का नाम तीन बाणधारी के रूप में भी प्रसिद्ध है। भगवान अग्निदेव ने बर्बरीक को एक दिव्य धनुष दिया था, जिससे वो तीनों लोकों पर विजय प्राप्त करने में समर्थ थे। जब कौरवों-पांडवों का युद्ध होने का सूचना बर्बरीक को मिली तो उन्होंने भी युद्ध में भाग लेने का निर्णय लिया। बर्बरीक अपनी मां का आशीर्वाद लिए और उन्हें हारे हुए पक्ष का साथ देने का वचन देकर निकल पड़े। इसी वचन के कारण हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा यह बात प्रसिद्ध हुई।

बर्बरीक ने भगवान का ध्यान कर एक बाण छोड़ दिया

जब बर्बरीक जा रहे थे तो उन्हें मार्ग में एक ब्राह्मण मिला। यह ब्राह्मण कोई और नहीं, भगवान श्री कृष्ण थे जोकि बर्बरीक की परीक्षा लेना चाहते थे। ब्राह्मण बने श्री कृष्ण ने बर्बरीक से प्रश्न किया कि वो मात्र 3 बाण लेकर लड़ने को जा रहा है? मात्र 3 बाण से कोई युद्ध कैसे लड़ सकता है। बर्बरीक ने कहा कि उनका एक ही बाण शत्रु सेना को समाप्त करने में सक्षम है और इसके बाद भी वह तीर नष्ट न होकर वापस उनके तरकश में आ जायेगा। अतः अगर तीनों तीर के उपयोग से तो सम्पूर्ण जगत का विनाश किया जा सकता है। ब्राह्मण ने बर्बरीक से एक पीपल के वृक्ष की ओर इशारा करके कहा कि वो एक बाण से पेड़ के सारे पत्तों को भेदकर दिखाए।बर्बरीक ने भगवान का ध्यान कर एक बाण छोड़ दिया। उस बाण ने पीपल के सारे पत्तों को छेद दिया और उसके बाद बाण ब्राह्मण बने कृष्ण के पैर के चारों तरफ घूमने लगा।

**अगर बर्बरीक कौरवों की तरफ से लड़ेंगे तो पांडवों का...**

असल में कृष्ण ने एक पत्ता अपने पैर के नीचे छिपा दिया था। बर्बरीक समझ गये कि तीर उसी पत्ते को भेदने के लिए ब्राह्मण के पैर के चक्कर लगा रहा है। बर्बरीक बोले – हे ब्राह्मण अपना पैर हटा लो, नहीं तो ये आपके पैर को वेध देगा। कृष्ण बर्बरीक के पराक्रम से प्रसन्न हुए। उन्होंने पूंछा कि बर्बरीक किस पक्ष की तरफ से युद्ध करेंगे। बर्बरीक बोले कि उन्होंने लड़ने के लिए कोई पक्ष निर्धारित किया है, वो तो बस अपने वचन अनुसार हारे हुए पक्ष की ओर से लड़ेंगे। श्री कृष्ण ये सुनकर विचारमग्न हो गये क्योकि बर्बरीक के इस वचन के बारे में कौरव जानते थे। कौरवों ने योजना बनाई थी कि युद्ध के पहले दिन वो कम सेना के साथ युद्ध करेंगे। इससे कौरव युद्ध में हराने लगेंगे, जिसके कारण बर्बरीक कौरवों की तरफ से लड़ने आ जायेंगे।अगर बर्बरीक कौरवों की तरफ से लड़ेंगे तो उनके चमत्कारी बाण पांडवों का नाश कर देंगे।

बर्बरीक ने अपना शीश काटकर श्री कृष्ण को दे दिया

कौरवों की योजना विफल करने के लिए ब्राह्मण बने कृष्ण ने बर्बरीक से एक दान देने का वचन मांगा। बर्बरीक ने दान देने का वचन दे दिया।अब ब्राह्मण ने बर्बरीक से कहा कि उसे दान में बर्बरीक का सिर चाहिए। इस अनोखे दान की मांग सुनकर बर्बरीक आश्चर्यचकित हुए और समझ गये कि यह ब्राह्मण कोई सामान्य व्यक्ति नहीं है।बर्बरीक ने प्रार्थना कि वो दिए गये वचन अनुसार अपने शीश का दान अवश्य करेंगे, लेकिन पहले ब्राह्मणदेव अपने वास्तविक रूप में प्रकट हों। भगवान कृष्ण अपने असली रूप में प्रकट हुए। बर्बरीक बोले कि हे देव मैं अपना शीश देने के लिए बचनबद्ध हूं, लेकिन मेरी युद्ध अपनी आँखों से देखने की इच्छा है। श्री कृष्ण ने बर्बरीक की वचनबद्धता से प्रसन्न होकर उसकी इच्छा पूरी करने का आशीर्वाद दिया। बर्बरीक ने अपना शीश काटकर श्री कृष्ण को दे दिया।श्री कृष्ण ने बर्बरीक के सिर को 14 देवियों के द्वारा अमृत से सींचकर युद्धभूमि के पास एक पहाड़ी पर स्थित कर दिया, जहां से बर्बरीक युद्ध का दृश्य देख सकें। इसके पश्चात कृष्ण ने बर्बरीक के धड़ का शास्त्रोक्त विधि से अंतिम संस्कार कर दिया।

महाभारत का महान युद्ध समाप्त हुआ और पांडव विजयी हुए।विजय के बाद पांडवों में यह बहस होने लगी कि इस विजय का श्रेय किस योद्धा को जाता है। श्री कृष्ण ने कहा- चूंकि बर्बरीक इस युद्ध के साक्षी रहे हैं अतः इस प्रश्न का उत्तर उन्ही से जानना चाहिए। तब परमवीर बर्बरीक ने कहा कि इस युद्ध की विजय का श्रेय एकमात्र श्री कृष्ण को जाता है, क्योंकि यह सब कुछ श्री कृष्ण की उत्कृष्ट युद्धनीति के कारण ही सम्भव हुआ।विजय के पीछे सबकुछ श्री कृष्ण की ही माया थी। बर्बरीक के इस सत्य वचन से देवताओं ने बर्बरीक पर पुष्पों की वर्षा की और उनके गुणगान गाने लगे।श्री कृष्ण वीर बर्बरीक की महानता से अति प्रसन्न हुए और उन्होंने कहा -हे वीर बर्बरीक आप महान हैं। मेरे आशीर्वाद स्वरूप आज से आप मेरे नाम श्याम से प्रसिद्ध होओगे। कलियुग में आप कृष्णअवतार रूप में पूजे जायेंगे और अपने भक्तों के मनोरथ पूर्ण करेंगे।

# ब्लैक मोती को पहनते ही गुस्सा हो जाता है गायब!



ज्योतिष विज्ञान की प्रमुख शाखा है रत्न शास्त्र। रत्न शास्त्र के अनुसार व्यक्ति के जीवन में आ रही तमाम तरह की कठिनाइयों का निराकरण रत्न चिकित्सा के माध्यम से किया जा सकता है। व्यक्ति के जीवन में व्यापार की समस्या हो या घरेलू समस्या। बार बार नजर लगजाने से स्वास्थ्य और व्यापार में दिक्कतें आ रही हों। हर तरह की समस्या का समाधान रत्नो के माध्यम से किया जा सकता है।

**ब्लैक पर्ल :** गहरे और आकर्षक काले मोती ने कई पुरुषों और महिलाओं की कल्पना को आकर्षित किया है। काले मोती सुनहरे और सफ़ेद मोतियों से सौ गुना दुर्लभ हैं। काले मोती सबसे दुर्लभ मोती हैं। सभी मोतियों में से इनमें सबसे ज़्यादा चमक होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, काले मोती का संबंध धन और जीवन में शांति से है। काले मोती पहनने के लाभ ऐसा कहा जाता है कि काला मोती पहनने वाले के जीवन में सौभाग्य और समृद्धि लाता है।

**जीवन में अनहोनी से बचाता है :** काला मोती लोगों अचानक मृत्यु, दुर्घटनाओं और अनहोनी से बचाता है। जो लोग व्यापार में नुकसान या वित्तीय संकट से पीड़ित हैं, उन्हें यह मोती पहनना चाहिए। इस मोती को पहनने के बाद महिलाओं में आत्मविश्वास और सुंदरता की भावना बढ़ती है। ज्योतिष के अनुसार, काले मोती में उपचारात्मक गुण होते हैं जो मानव शरीर के भीतर बीमारी या रोगों को ठीक कर सकते हैं।

**गुस्सा शांत करता है :** यह मोती पहनने वाले के गुस्से और क्रोध को भी शांत करता है। यह अपने पहनने वाले को आशावादी बनाता है और किसी भी निराशावादी विचारों को दूर करता है। इस मोती को पहनने से गर्भवती महिलाओं को बुरी नजर से भी सुरक्षा मिलती है।

**स्वास्थ्य में लाभदायक :** ब्लैक पर्ल स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए भी फायदेमंद है। यह पाचन संबंधी बीमारियों, हार्मोनल विकारों, माइग्रेन, सिरदर्द और थकावट जैसी बीमारियों से राहत प्रदान करता है। यह एलर्जी और उसके प्रभावों को कम करने में भी मदद करता है। यह सामान्य सर्दी, श्वसन संक्रमण और ब्रोंकाइटिस को ठीक करता है।

# घर में नहीं टिक रहा पैसा, इस अचूक उपाय से कहीं नहीं जाएंगी लक्ष्मी!





आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में पैसा कमाना जितना ज़रूरी है, उतना ही ज़रूरी है उसे बचाना। कई बार ऐसा होता है कि हम खूब मेहनत करते हैं, पैसा भी कमाते हैं लेकिन वो टिकता नहीं। आता है और तुरंत खर्च हो जाता है। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो चिंता न करें। ज्योतिष और वास्तु शास्त्र में कुछ ऐसे उपाय बताए गए हैं, जिनसे आप अपनी आर्थिक स्थिति को सुधार सकते हैं और पैसे की बचत कर सकते हैं।

**तुलसी की पूजाः** रोज़ाना तुलसी के पौधे पर जल चढ़ाएं और शाम को दीपक जलाएं। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा आती है और धन की वृद्धि होती है।

**सूर्य को जलः** सुबह सूर्य को जल अर्पित करें। इससे रुके हुए धन की प्राप्ति होती है।

**नमक का उपायः** घर के उत्तर-पूर्व दिशा में एक बर्तन में नमक रखें। इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।


**झाड़ू का सम्मानः** झाड़ू को लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। इसे हमेशा छुपा कर रखें और पैर न लगाएं।

**दान करेंः** अपनी कमाई का कुछ हिस्सा दान करें। इससे पुण्य मिलता है और आर्थिक स्थिति में सुधार होता है।

**गुरुवार का व्रतः** ज्योतिषाचार्य अंशुल त्रिपाठी के अनुसार, भगवान विष्णु को समर्पित गुरुवार का व्रत रखने से भी धन की प्राप्ति होती है।

**कपूर का उपायः** शुक्रवार के दिन कपूर जलाकर उसका काजल बना लें और उससे एक भोजपत्र पर उस व्यक्ति का नाम लिखें, जिससे आपको पैसा लेना है। इससे रुका हुआ धन वापस आने की संभावना होती है।

# ब्लैक टॉप में मलाइका अरोड़ा ने बिखेरा हुस्न का जलवा, अदाएं देख अटक जाएंगी नजरें



एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा की कुछ तस्वीरें इस वक्त सोशल मीडिया पर बवाल काट रही हैं. जिसमें एक्ट्रेस अबतक के सबसे हसीन अवतार में दिखी. बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा 51 साल की उम्र में भी अपनी फिटनेस से लोगों का दिल जीतती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी कुछ दिलकश तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं. जो तेजी से वायरल हो रही हैं. मलाइका अरोड़ा भले ही फिल्मों से दूर हो, लेकिन सोशल मीडिया पर अपने हुस्न के जलवे बिखेरती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट से कुछ तस्वीरें शेयर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की. जो तेजी से वायरल हो रही हैं. इन तस्वीरों में मलाइका अरोड़ा ऑल ब्लैक कलर की आउटफिट में नजर आ रही हैं. डीपनेक टॉप में एक्ट्रेस बेबाकी से अपने कलीवेज फ्लॉन्ट करती दिखी. मलाइका ने अपना ये हसीन अवतार ग्लोसी मेकअप, खुले कर्ली बालों और गोल्डन ज्वेलरी के साथ पूरा किया है. जो उनकी खूबसूरत में चार चांद लगा रहे हैं.

एक्ट्रेस कुछ तस्वीरों में अपने टोन्ड लेग्स भी फ्लॉन्ट करती दिखी. तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने कैप्सन में शाइनिंग स्टार की कई सारी इमोजी बनाई है. एक्ट्रेस की ये तस्वीरें फैंस को इस कदर पसंद आ रही हैं कि इनपर कुछ ही मिनटों में एक लाख से ज्यादा लाइक्स और हजारों कमेंट आ चुके हैं. बता दें कि मलाइका अरोड़ा पिछले दिनों अपने ब्रेकअप को लेकर भी चर्चा में रही थी. एक्ट्रेस न अर्जुन कपूर के साथ पांच साल की डेटिंग के बाद अपना रिश्ता तोड़ा था.

# साउथ की रश्मिका ने दीपिका, आलिया और कंगना को छोड़ा पीछे, हिंदी में खूब की कमाई

पिछले तीन सालों में तीन फिल्में रिलीज हुईं हैं जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर खूब कमाई की है। ये फिल्में हैं 'एनिमल', 'पुष्पा 2ः द रूल' और 'छावा'। 'एनिमल' में बदला लेने वाली कहानी है। 'पुष्पा 2ः द रूल' एक्शन फिल्म है और तीसरी फिल्म 'छावा' ऐतिहासिक ड्रामा है। इन तीनों फिल्मों में एक समानता ये है कि इन फिल्मों ने खूब कमाई की है। दूसरी कॉमन चीज ये है कि इन फिल्मों में रश्मिका मंदाना ने अहम किरदार अदा किया है।

**रश्मिका मंदाना की फिल्मों ने खूब की कमाई**

पिछले 16 महीनों में रश्मिका की तीन फिल्में रिलीज हुई हैं। तीनों फिल्में बलॉकबस्टर रही हैं। इन फिल्मों ने वर्ल्ड वाइड कुल मिलाकर 3300 करोड़ रुपये की कमाई की है। छावा की कमाई अभी भी लगातार जारी है। सबसे दिलचस्प बात ये है कि रश्मिका का बैकग्राउंड कन्नड़ और तेलुगु है लेकिन उन्होंने हिंदी बेल्ट में बहुत अच्छा काम किया है।

**हिंदी में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेस बनीं रश्मिका**

रश्मिका ने जिन तीन फिल्मों मे का किया है वह हैं 'एनिमल', 'पुष्पा 2ः द रूल' और 'छावा'। 'पुष्पा 2ः द रूल' ने हिंदी 812 करोड़ कमाए हैं। 'एनिमल' ने 503 करोड़ कमाए हैं। 'छावा' ने अब तक 532 करोड़ रुपयों की कमाई की है। इस तरह से इन फिल्मों ने 1850 करोड़ रुपयों का कारोबार किया है। इस तरह से देखें तो रश्मिका बॉलीवुड में हिंदी पट्टी में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्टेस हैं।

**रश्मिका ने दीपिका, आलिया और कंगना को छोड़ा पीछे**

बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अमेरिका चली गईं। दीपिका पादुकोण को बॉलीवुड की क्वीन कहा जाता है। उनका मुकाबला कटरीना कैफ और कंगना रनौत से रहता है। आलिया भट्ट भी बॉलीवुड में खूब कमाई करने वाली एक्ट्रेस में शामिल हैं। लेकिन इनमें से कोई भी एक्ट्रेस ऐसी नहीं है जो रश्मिका को कमाई के मामले में पीछे कर सकें। दीपिका ने साल 2003 में तीन फिल्में बनाई। उनकी सभी फिल्मों का कलेक्शन 1800 करोड़ रहा। वहीं आलिया भट्ट की फिल्मों ने इसी साल महज 300 करोड़ की कमाई की। अब रश्मिका जल्द ही सलमान खान के साथ 'सिकंदर' में आने वाली हैं। अंदाजा है कि यह फिल्म भी अच्छी कमाई करेगी।



# बिपाशा से ब्रेकअप के बाद इस फिल्म में काम करना हो रहा था मुश्किल, डीनू ने कुबूली बात

अभिनेता डीनू मौर्या ने माना है कि बिपाश बसु के साथ ब्रेकअप करना उन्हें बहुत भारी पड़ा था। दोनों दोस्तों के जरिए मिले थे। इसके बाद दोनों के बीच प्यार हो गया था। उन्होंने एक दूसरे को 1996 में डेट करना शुरू किया था। लेकिन साल 2002 में आई फिल्म 'राज' में वह एक-दूसरे से अलग हो गए।

**ब्रेकअप के बाद शूटिंग करना हो रहा था मुश्किल**

हाल ही में एक इंटरव्यू में डीनू मौर्या ने बिपाशा के साथ ब्रेकअप को याद किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने ही बिपाशा से अलग



होने का फैसला किया था। डीनू ने बताया कि अभिनेत्री को इस स्थिति से निपटने में बहुत मुश्किल हो रही थी। ब्रेकअप के तुरंत बाद उनके लिए 'राज' की शूटिंग करना आसान नहीं था।

**बिपाशा को हो रही थी सबसे ज्यादा परेशानी**

डीनू मौर्या ने बताया कि 'राज फिल्म बनाने के दौरान बिपाशा और हम ब्रेकअप कर रहे थे। आप यकीन मानें वह हम थे जो अलग होना चाहते थे क्योंकि मेरे साथ कुछ दिक्कतें थीं। बिपाशा को इससे बहुत दिक्कत हो रही थी। मैं देख रहा था कि वह हर दिन कमजोर हो रही थी। मैं ये देख नहीं पा रहा था कि वह मेरे ही सामने परेशान है जिसकी मैं कभी बहुत फिक्र करता था।'

**सालों बाद बन गए अच्छे दोस्त**

डीनू ने बताया कि यह मुश्किल वक्त था इसके बावजूद हमें पता था कि वक्त जख्मों को भर देगा। हम दोनो दुखी थे लेकिन हमें अलग होना था। आखिरकार हम अलग हुए। कुछ सालों के बाद रिश्ते की कड़वाहट कम हो गई और हम दोनों अच्छे दोस्त बन गए। हमारे बीच एक ऐसा वक्त आया जब हमने कहा कि हम दोनों ने एक-दूसरे के साथ अच्छा वक्त गुजारा, अब हम दोनों दोस्त हैं।

# समीरा रेड्डी को वेट ट्रेनिंग को लेकर थी गलतफहमी, फैंस के साथ किया शेयर

समीरा रेड्डी ने वेट ट्रेनिंग यानी वजन उठाने की एक्सरसाइज को लेकर अपनी गलतफहमी के बारे में बताया. समीरा रेड्डी ने मैंने दिल तुझको दिया , रेस और मुसाफिर जैसी फिल्मों में काम किया है. उन्होंने फिटनेस के लिए कई बार वेट ट्रेनिंग की है.समीरा इन दिनों भी अपनी फिटनेस पर ध्यान दे रही हैं. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह जिम में लैंडमाइन सुमो स्क्वाट्स करती दिख रही हैं.

**समीरा को थी ये गलतफहमी**

उन्होंने कैप्शन में लिखा – एक फॉलोअर ने पूछा कि क्या मैंने आज वर्कआउट किया? अब जब सवाल आया तो मुझे सबूत भी दिखाना पड़ा. समीरा ने आगे बताया कि उन्हें हमेशा लगता था कि वजन उठाने से शरीर भारी और मोटा हो जाता है, लेकिन असल में यह सिर्फ एक भ्रम है. हकीकत में, वजन उठाने से मांसपेशियां मजबूत होती हैं, मेटाबॉलिजम तेज होता है और शरीर की ताकत बढ़ती है, और मोटापा नहीं बढ़ता है. उन्होंने कहा – मुझे लगता था कि वेट ट्रेनिंग से शरीर भारी हो जाता है, लेकिन अब समझ आया कि यह एक बहुत बड़ी गलतफहमी है.



समीर उन चुनिंदा भारतीय अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्होंने छह से ज्यादा भाषाओं में काम किया है. फिल्मों में आने से पहले, उन्होंने 1997 में गजल गायक पंकज उधास के म्यूजिक वीडियो और आहिस्ता में काम किया था.

इसके बाद बॉलीवुड में उनकी एंट्री हुई और 2002 में मैंने दिल तुझको दिया में अहम भूमिका निभाई. 2004 में वे मुसाफिर में अनिल कपूर, आदित्य पंचोली और कोएना मित्रा के साथ नजर आईं.

दक्षिण भारत में भी उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग रही है. वहां उन्होंने वारणम आयिरम से डेब्यू किया और डरना मना है , जय चिरंजीवा , टैक्सी नंबर 9211 , अशोक , रेस , दे दना दन , आक्रोश , वेट्टई और तेज जैसी कई हिट फिल्मों में काम किया.

उनकी आखिरी फिल्म वरधानायक थी, जो 2013 में रिलीज हुई एक एक्शन फिल्म थी. इसे अयप्पा पी. शर्मा ने निर्देशित किया था और इसमें सुदीप, चिरंजीवी सरजा और निकेशा पटेल भी थे.

2014 में समीर ने बिजनेसमैन अक्षय वर्दे से शादी की. अब उनके एक बेटा और एक बेटी हैं.

# 'द डिप्लोमेट' के लिए अनुराग कश्यप ने की जॉन अब्राहम के काम की तारीफ

अभिनेता जॉन अब्राहम की आगामी फिल्म 'द डिप्लोमेट' होली के मौके पर यानी कि 14 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। इस बीच अब रिलीज से पहले फिल्म को निर्देशक-निर्माता अनुराग कश्यप का साथ मिला है। अनुराग कश्यप ने फिल्म में जॉन अब्राहम के अभिनय की तारिफ की है।






**जॉन ने की अच्छी एक्टिंग**

निर्देशक अनुराग कश्यप ने 'द डिप्लोमेट' और जॉन अब्राहम की तारीफ करते हुए कहा, "मुझे 'द डिप्लोमेट' वाकई काफी पसंद आई है। मैंने जॉन से कहा कि बहुत दिनों बाद मैं तुम्हें एक बहुत अच्छा एक्टर बनते देख रहा हूं। वो फिल्म में अनावश्यक एक्शन या हीरोगिरी नहीं कर रहे हैं। वे सिर्फ एक किरदार निभा रहे हैं। शिवम नायर ने वाकई एक बेहतरीन फिल्म बनाई है।"

**'स्मोकिंग 2' को लेकर क्या है अनुराग का प्लान**

जॉन अब्राहम के साथ 2007 में फिल्म 'स्मोकिंग' बनाने वाले अनुराग कश्यप ने आगे कहा, "जब मैंने जॉन की तारीफ की तो उन्होंने मुझसे फिर कहा, यार चलो न 'स्मोकिंग 2' करते हैं। जॉन वाकई यह चाहते हैं, लेकिन मुझे इस फिल्म के लिए एक बढ़िया विषय चाहिए है। एक समय के बाद ये फिल्म एक कल्ट फिल्म बन गई है। इसलिए लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करना और भी बड़ी चुनौती बन जाता है। मैं उस ओर तभी जाऊंगा, जब मेरे पास एक शानदार विषय और कहानी होगी।

**शिवम नायर ने किया फिल्म का निर्देशन**

शिवम नायर द्वारा निर्देशित 'द डिप्लोमेट' में जॉन अब्राहम के अलावा सादिया खतीब, प्राप्ति शुक्ला, जगजीत संधू, अश्वथ भट्ट, शारिब हाशमी, कुमुद मिश्रा, राम गोपाल बजाज और बेंजामिन गिलानी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जॉन अब्राहम, विपुल डी. शाह, अश्विन वर्दे, राजेश बहल, समीर दीक्षित, जतिश वर्मा और राकेश डांग ने किया है।

# शिल्पा शिरोडकर के हाथ लगा एक और बड़ा ऑफर इस टॉप एक्ट्रेस को देती नजर आएंगीं टक्कर



रियालिटी शो बिग बॉस 18 से शिल्पा शिरोडकर एक बार फिर सुर्खियों में आईं. इस शो में उनके गेम को काफी पसंद किया गया था. काफी लंबे समय तक पर्दे से दूर रहने वाली एक्ट्रेस शिल्पा शिरोडकर एक बार फिर लौटने के लिए तैयार हैं. बिग बॉस से दूसरी पारी का आगाज करने के बाद अब शिल्पा बड़े पर्दे पर लौटने के लिए तैयार हैं. वो सोनाक्षी सिन्हा के साथ साउथ की फिल्म जटाधर में नजर आने वाली हैं.

शिल्पा शिरोडकर ने अपनी अपकमिंग साउथ फिल्म 'जटाधरा' की शूटिंग शुरु कर दी है. एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह फिल्म की टीम के साथ प्रार्थना करती हुई नजर आ रही हैं. वीडियो की कुछ झलकियों में शिल्पा बातचीत करती और होटल की लॉबी में उनका गर्मजोशी से स्वागत होते हुए भी दिख रही हैं.

वो पूजा-पाठ करते दिख रही हैं. उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'और यह शुरू हो गया... आशीर्वाद और सकारात्मकता के साथ कुछ नया शुरू करने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता'. 11 मार्च को इंटरनेट पर फिल्म से शिल्पा की एक बिहाइंड द सीन (बीटीएस) तस्वीर सामने आई. फोटो में शिल्पा खुश नजर आ रही हैं और फिल्म के अपने लुक को फ्लॉन्ट करते हुए दिख रही हैं.

'जटाधरा' एक सुपरनैचुरल थ्रिलर है, जो रहस्य की दुनिया में जाकर दर्शकों को रोमांचक अनुभव देने का वादा करती है. अपनी खास कहानी और शिल्पा शिरोडकर समेत प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ इस फिल्म से इंडस्ट्री में हलचल मचने की उम्मीद है.

'जटाधरा' का निर्माण ज़ी स्टूडियोज के उमेश केआर बंसल, प्रेरणा अरोड़ा, अरुणा अग्रवाल और शिविन नारंग ने किया है. इसे अक्षय केजरीवाल, कुसुम अरोड़ा के साथ-साथ क्रिएटिव प्रोड्यूसर दिव्या विजय और सागर अंब्रे ने सह-निर्मित किया है. इस बीच, सोनाक्षी सिन्हा ने बाकी स्टार कलाकारों के साथ शूटिंग शुरू कर दी है और वे माउंट आबू में शूटिंग कर रहे हैं.

# महीप कपूर बोलीं-शनाया ने देखा है पिता संजय कपूर का संघर्ष, बेटी को बताया सेंसिटिव





हाल ही में बेजॉय नांबियार की फिल्म 'तू या मैं' का टीजर रिलीज हुआ। इस टीजर में शनाया कपूर भी नजर आईं, इस फिल्म के अलावा नई अभिनेत्री के पास कुछ और फिल्में भी हैं। हाल ही में शनाया कपूर की मां महीप कपूर ने बेटी को लेकर, उसके करियर को लेकर कुछ जरूरी बातें एक बातचीत में बताईं।

**शनाया ने पिता से काफी कुछ सीखा**

हाल ही में फिल्मफेयर से की गई बातचीत में शनाया कपूर की मां महीप कपूर कहती हैं, 'उसने एक्टिंग की दुनिया में अपने पिता का संघर्ष देखा है। इस वजह से वह काफी सेंसिटिव है, अपने काम पर पूरा ध्यान देती है। शनाया ने कुछ फिल्में साइन की हैं और वह इनके लिए बहुत ज्यादा मेहनत कर रही है।'

**क्या है फिल्म 'तू और मैं' की कहानी**

बेजॉय नांबियार द्वारा निर्देशित फिल्म 'तू या मैं' में शनाया का किरदार काफी दमदार है। यह फिल्म एक सर्वाइवल थ्रिलर है। फिल्म में दर्शको को प्यार, रोमांस के अलावा सस्पेंस भी देखने को मिलेगा। फिल्म के हालिया रिलीज टीजर में फिल्म की कहानी की झलक भी मिली। इसमें दो इंफ्लुएंसर हैं, जो एक मुश्किल में फंस जाते हैं, इस दौरान उनका सामना मौत से भी होता है। यह फिल्म अगले साल फरवरी महीने में रिलीज होगी।

**इन फिल्मों का भी हिस्सा हैं शनाया**

फिल्म 'तू या मैं' के अलावा शनाया कपूर को हाल ही में एक और फिल्म मिली है। इस फिल्म का नाम 'जेसी' है। इसके अलावा वह विक्रांत मैसी के साथ एक फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' की भी कर रही हैं। इस फिल्म की शूटिंग कुछ दिन पहले ही खत्म हुई है।

# आमिर खान का बड़ा एलान, महाभारत पर बना रहे फिल्म, तैयारी हो गई शुरू



फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' के बाद आमिर खान बतौर अभिनेता ब्रेक पर हैं। बतौर प्रोड्यूसर वे काम कर रहे हैं। उनके फैंस परदे पर उनकी वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बारे में आमिर खान ने कोई अपडेट नहीं दिया है। हालांकि, अपने 60वें जन्मदिन से पहले उन्होंने एक बड़ा एलान जरूर किया है। वे महाभारत पर आधारित फिल्म बनाएंगे। उन्होंने इसकी पुष्टि की है।

**शुरू कर दी तैयारी**

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट की काफी वक्त से महाभारत पर एक फिल्म बनाने की इच्छा है। यह उनका सपना रहा है। अब वे इसे हकीकत का रूप देने जा रहे हैं। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक आमिर खान ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। फिल्म की स्क्रिप्ट राइटिंग पर काम शुरू हो चुका है। हाल ही में मीडिया से बातचीत के दौरान आमिर खान ने महाकाव्य महाभारत पर फिल्म बनाने के बारे में बात की।

**फिल्म के लिए बना रहे टीम**

रिपोर्ट्स के मुताबिक हाल ही में आमिर खान ने पुष्टि की कि वे इसके लिए एक टीम बना रहे हैं। आज गुरुवार को अपने जन्मदिन से पहले मीडिया से बातचीत के दौरान आमिर खान ने कहा, 'हम अभी लेखन प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं। एक टीम बना रहे हैं। फिलहाल हम चीजों को तैयार कर रहे हैं, फिर देखते हैं कि आगे की चीजें कैसे होती हैं'।






# ऑफिस में प्रमोशन पाने के लिए अपनाएं ये स्ट्रेटजी, न करें ये गलतियां

जल्दी ही यह फायनेंशियल ईयर खत्म हो जाएगा। फिर बाकी कंपनियों की तरह आपकी कंपनी में भी साल भर के काम के इवैलुएशन, इन्क्रीमेंट और प्रमोशन की प्रक्रिया शुरू होगी। मुमकिन है, आपने भी इस साल मन-मुताबिक इन्क्रीमेंट के साथ प्रमोशन पाने की आस लगा रखी हो। लेकिन अपने पुराने अनुभवों से आप जानते हैं कि ये उम्मीद हर बार पूरी नहीं होती।

जब उम्मीद पूरी नहीं होती तो इसके लिए हम नियति को, बॉस को, ऑफिस पॉलिटिक्स को दोष देकर अपने मन का बोझ हल्का कर लेते हैं। लेकिन जो सवाल हम खुद से कभी नहीं पूछते, वो ये है कि-

1. क्या मैं सचमुच प्रमोशन डिजर्व करता या करती हूं। 2. क्या मैंने प्रमोशन पाने के लिए अपनी तरफ से पूरी मेहनत, कोशिश और तैयारी की। 3. प्रमोशन और ग्रोथ न मिलने की वजह कहीं मेरे भीतर तो नहीं है। 4. प्रमोशन पाने के लिए मुझे क्या तैयारी करने की जरूरत है।

"करियर में आगे बढ़ने और दफ्तर में प्रमोशन पाने के लिए स्किलसेट, काम के प्रति कमिटमेंट के साथ जरूरी और महत्वपूर्ण है- सही स्ट्रैटेजी। सही वक्त पर सही जगह होना और सही फैसला लेना।"

### क्या टैलेंट से ज्यादा जरूरी है सही टाइमिंग?

कंपनियां दरअसल किसी को प्रमोट करने, न करने या नई हायरिंग करने का निर्णय किस आधार पर लेती हैं?

### एचआर अपनी हायरिंग और प्रमोशन स्ट्रैटेजी कैसे बनाता है?

करियर से जुड़े फैसले लेते हुए हम उन गलतियों से कैसे बचें, जिनके बारे में हमें पता ही नहीं है कि हम वो गलती कर रहे हैं।

तो चलिए शुरू करते हैं। खुद को प्रमोशन के लिए सुटेबल कैंडिडेट बनाने के लिए सबसे पहले जरूरी है अपने निगेटिव ब्रेन को सही करना। नीचे दिए ग्राफिक से समझिए कि वो



क्या चीजें हैं, जो आपके प्रमोशन की राह में दीवार नहीं हैं, लेकिन आपको लगता है कि हैं।

प्रोफेशनल लाइफ में पान की दुकान और चाय की गुमटी पर इस तरह की बात करने वाले आपको ढेरों मिल जाएंगे, लेकिन एक बात गांठ बांध लीजिए कि इस तरह की सोच आपको करियर में सिर्फ पीछे ढकेलेगी। डोनाल्ड अशर लिखते हैं कि इन चीजों से करियर प्रभावित होता है, लेकिन यह प्रभाव 5% से ज्यादा नहीं होता। बाकी 95% बातें दूसरी हैं, जिन्हें हम इग्नोर करते हैं और सिर्फ 5% को 100% कारण मान लेते हैं। चलिए समझते हैं कि वो 95% बातें कौन सी हैं, जो सचमुच में हमारे करियर और प्रमोशन की संभावना को प्रभावित करती हैं। नीचे के ग्राफिक में दिए पॉइंट्स को समझिए, फिर इसके बारे में डीटेल में बात करते हैं।

### अब इसे थोड़ा विस्तार से समझते हैं

### 1. कंपनी के कल्चर और वैल्यूज को समझना

हर कंपनी की एक बेसिक फिलॉसफी होती है और कंपनी में आगे बढ़ने के लिए उसे समझना और उसके साथ तालमेल बिठाना जरूरी है। आपका कोई एक्शन या व्यवहार ऐसा नहीं होना चाहिए, जो कंपनी के बुनियादी मूल्यों के खिलाफ हो।

### 2. काम के लिए खुद इनीशिएटिव लेना

इस बात का इंतजार नहीं करना चाहिए कि जब बॉस किसी नए काम की जिम्मेदारी देंगे, तभी आप उसे पूरा करेंगे। खुद आगे बढ़कर पहल करनी चाहिए, प्रोडक्टिविटी बढ़ाने के नए आइडियाज सुझाने चाहिए और खुद इनीशिएटिव लेकर उसके नेतृत्व की कमान भी अपने हाथों में लेनी चाहिए।

### 3. लीडरशिप रोल के लिए खुद को तैयार करना

चाहे जीवन हो या नौकरी, असली सवाल ये है कि हम लगातार कुछ नया सीख रहे हैं या नहीं। हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं या नहीं। कुछ नया न करने का मतलब है स्थिर हो जाना। यह स्थिरता ग्रोथ की दुश्मन है। ग्रोथ यानी आगे बढ़कर लीडरशिप पोजिशन तक पहुंचना। एक जगह ठहरा हुआ पानी भी खराब हो जाता है, वैसे ही जो लोग लगातार कुछ नया सीखने, करने की कोशिश नहीं करते, उनके भीतर जड़ता आ जाती है।

### 4. सॉफ्ट स्किल्स में महारत हासिल करना

प्रोफेशनल लाइफ की सफलता के लिए बहुत जरूरी है सॉफ्ट स्किल यानी अपने सहकर्मियों के साथ प्यार, आदर, बराबरी और मनुष्यता का व्यवहार। आप पाएंगे कि लीडर्स हमेशा ह्यूमन साइकोलॉजी के पारखी होते हैं।

### 5. सहकर्मियों के साथ रिश्ते मजबूत करना

ऑफिस में सहकर्मियों के साथ अच्छे रिश्ते होना बहुत जरूरी है। दफ्तर में विवाद और टकराव की स्थिति से बचना चाहिए और सबके साथ मेलजोल और सहयोगपूर्ण रवैया रखना चाहिए।

### 6. खुद आगे बढ़कर अपने काम का फीडबैक लेना

बॉस से खुद आगे बढ़कर अपने काम का फीडबैक लें। उनसे पूछें कि आप अपने काम में और क्या सुधार करके इसे किस तरह बेहतर बना सकते हैं।

### 7. अपनी सफलताओं और उपलब्धियों को अंडरप्ले न करना

कई बार लोग बेहतर काम करते हुए भी हीनताबोध के शिकार होते हैं। अंग्रेजी में इसे ही इंपोस्टर सिंड्रोम कहते हैं। उन्हें यकीन नहीं होता कि वह सचमुच काबिल हैं या उनका काम अच्छा है। इसका उल्टा भी देखने को मिलता है कि खराब काम करते हुए भी कुछ लोगों का आत्मविश्वास बहुत मुखर होता है।

### 8. टैलेंट के साथ सही टाइमिंग भी जरूरी

डोनाल्ड अशर अपनी किताब में लिखते हैं कि काम की योग्यता और निष्ठा के साथ-साथ प्रमोशन पाने में एक और चीज की भूमिका है, वो है सही टाइमिंग। साथ ही यह समझना कि किसी मौजूदा टीम मेंबर को प्रमोट करने या हायर पोजिशन के लिए नई हायरिंग करने का फैसला एचआर किस आधार पर लेता है।

एचआर का सबसे बेसिक कंसर्न है कॉस्ट कटिंग यानी कंपनी के बजट को कम करना। अगर नई हायरिंग का खर्च प्रमोशन के खर्च से कम है तो कंपनी नई हायरिंग को वरीयता देगी। इसलिए प्रमोशन पाने और लीडरशिप रोल तक पहुंचने के लिए इन तथ्यों पर भी ध्यान देना जरूरी है। आपकी टाइमिंग सही हो और एचआर के नजरिए से आपको प्रमोट करने में कंपनी को ज्यादा सहूलियत हो।

# मोटापे की बढ़ती समस्या को लेकर डब्ल्यूएचओ चिंतित

लाइफस्टाइल में गड़बड़ी के कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ता जा रहा है। सेंडेंटरी लाइफस्टाइल ने लोगों में मोटापे के जोखिम को बढ़ा दिया है, जिसे हृदय रोगों से लेकर मेटाबॉलिज्म, डायबिटीज और कई अन्य विकारों का कारण माना जा रहा है। वैश्विक स्तर पर माना जा रहा है कि लगभग 13 फीसदी युवा मोटापे के शिकार हैं। कुछ अध्ययनकर्ताओं ने चिंता भी जताई है कि आने वाले वर्षों में मोटापे के कारण होने वाली बीमारियों की 'महामारी' आ सकती है। अब विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) भी इस वैश्विक खतरे को लेकर चिंतित दिख रहा है।

पहली बार, डब्ल्यूएचओ वजन घटाने वाली दवाओं को 'आवश्यक दवाओं' की सूची में शामिल कर सकता है। डब्ल्यूएचओ हर दो साल में आवश्यक दवाओं की सूची को संशोधित करता है और अगली सूची सितंबर में जारी की जानी है। विशेषज्ञों ने मोटापे के लिए दवाओं को इसमें शामिल करने की




सिफारिश की है।

### मोटापे के लिए दवाओं की सिफारिश

रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के डॉक्टरों और शोधकर्ता ने डब्ल्यूएचओ समिति को एक सिफारिश भेजी है जिसमें पूछा गया कि क्या इसके लिए दवाओं को एसेंशियल मेडिसिन सूची में शामिल किए जाने पर विचार किया जा सकता है। हालांकि अभी तक मोटापा के उपचार के लिए दवाओं के उपयोग करने के अनुरोध पर समिति की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है। डब्ल्यूएचओ में पोषण विभाग के निदेशक डॉ फ्रांसेस्को ब्रांका कहत हैं, हम मान कर चल रहे हैं कि यह एक कार्य प्रगति पर है और इसपर कोई फैसला लिया जा सकता है।

### बच्चों और किशोरों में बढ़ता जोखिम

डॉ ब्रांका कहते हैं, डब्ल्यूएचओ बच्चों और किशोरों में बढ़ते वजन की समस्या को लेकर चिंतित है, इसे दीर्घकालिक तौर पर गंभीर स्वास्थ्य जोखिम के तौर पर देखा जा रहा है। मोटापा कम करने के लिए कुछ दवाओं को जेनेरिक दवा के रूप में बेचा जा सकता है। वहीं फ़ूड एण्ड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने 12 वर्ष और उससे अधिक आयु वाले मोटापे से ग्रस्त लोगों के लिए सक्सेंडा नामक दवा को पहले से ही अनुमति दी है। एफडीए का कहना है कि मोटापे के लिए किसी भी दवा के उपयोग के साथ डाइट में कैलोरी को कंट्रोल करना और नियमित व्यायाम जरूरी है।

### मोटापे की स्थिति सेहत के लिए गंभीर

तमाम अध्ययनों में स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते रहे हैं कि मोटापा शारीरिक-मानसिक दोनों तरह की सेहत के लिए काफी नुकसानदायक है। तेजी से बढ़ते हृदय रोगों के साथ डायबिटीज और अन्य स्वास्थ्य जोखिमों के लिए अधिक वजन की स्थिति को कारक माना जा रहा है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक इसे कई गंभीर रोगों का बढ़ाने वाला कारक माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आहार और लाइफस्टाइल को ठीक करके इस गंभीर समस्या के जोखिम से बचा जा सकता है।

# घर सजाएं आईने से

दुनिया का सबसे आम टाइम पास है आईने के सामने खड़े होकर खुद को निहारना। महिलाओं का काफी समय तो इसके सामने ही गुजरता है क्योंकि अधिकतर को सजने- संवरने में इतना समय जो लगता है। वैसे खुद को निहारने की इसकी क्षमता के अलावा आईने का उपयोग सजावट के लिए भी किया जा सकता है। यहां आपको इसके लिए कुछ टिप्स दे रहे हैं। सही जगह लगाएं: हमें घर में आईने के बेसिक इस्तेमाल के बारे में तो आपको बताने की जरूरत ही नहीं है। आपने अपने हिसाब से घर में इसको जगह दी ही होगी। हम तो सबसे पहले इसके प्लेसमैंट के बारे में बात करना चाहते हैं, यानी जिस जगह इसे लगाया जाए और इसका महत्व । जब घर में आईने को सही जगह पर लगाया जाता



है, तब यह कमरे को कॉम्पैक्ट लुक देता है। कॉम्पैक्ट लुक पाने के लिए इसे किचन के कैबिनेट या बैडरूम के वॉर्डरोब पर लगाया जा सकता है।

रोशनी से घर भर दें: आईने को उसकी लाइट रिफ्लैक्टिंग यानी प्रकाश को परावर्तित करने वाले गुण के लिए जाना जाता है। अगर आपके घर में खिड़कियां कम हैं, जिसके चलते नैचुरल सनलाइट कम ही पहुंच पाती है तो सही जगह पर आईने लगाकर आप पूरे घर को रोशनी से भर सकती हैं।

आप खिड़कियों के सामने आईने लगाएं, इससे आपको तुरंत एक्स्ट्रा सन लाइट मिलनी शुरू हो जाएगी। आईने को सजाएं, यह घर को संवार देगा : आईने के फ्रेम पर फेयरलाइट्स की लड़ी लगाएं। जब आप आईने को इस तरह से सजाएंगे तो इसका इफैक्ट आपको रात को देखने को मिलेगा। घर की सजावट में ड्रमैटिक बदलाव आप भी फील करेंगी। सजावटी और उपयोगी इस्तेमाल आप घर के हॉल में मिरर लगा सकती हैं। इससे यह होगा कि जब आप कहीं तैयार होकर बाहर जा रहे होंगे तो उसमें अपने आप को निहार सकेंगे। इसके अलावा आप टेबल पर भी मिरर लगा सकती हैं। यह देखने में भी अच्छा लगेगा और आपके काम भी आएगा, जैसे आप उसके सामने चाबियां रख सकती हैं या खुल्ले पैसे आदि छोटे-मोटे सामान। सीलिंग पर भी आईना लगेगा कमाल: अगर आप अपने बैडरूम को कुछ अलग तरीके से सजाने का ख्वाब देख रही हैं तो अपने बैडरूम की सीलिंग पर मिरर लगाकर देखें। आप अपने अंतरंग पलों में और अधिक गर्मजोशी का अनुभव करेंगी।

# कपडों को आवश्यकता है देख-रेख की

सिकुड़ने वाले वस्त्रों को अच्छी प्रकार 'स्टार्च' करवा कर प्रैस करवाएं। इन कपड़ों को कम से कम धोने की आज के महंगाई के युग में प्रतिदिन नए फैशन के अनुसार वस्त्र बनवाना तो कठिन है, परन्तु जो भी वस्त्र बनवाएं, उन्हें कुछ सोच-विचार कर बनवाएं, ताकि उनका इस्तेमाल अधिक से अधिक कर सकें। कपड़ा भी ऐसा लें जो जल्दी खराब न होने वाला हो। उससे भी अधिक ध्यान रखें उसके रख-रखाव का।

परिधान बनवा कर उसकी देख-रेख करना अति आवश्यक है। जैसे हम स्वयं को खूबसूरत दिखाने के लिए अपने चेहरे और त्वचा की देख-रेख करती हैं, वैसे ही कपड़ों की चमक और आयु बढ़ाने के लिए उनकी देख-रेख भी जरूरी है, नहीं तो परिधान पर खर्च किया पैसा व्यर्थ जाएगा और आप अवसर आने पर उसका इस्तेमाल भी नहीं कर पाएंगी।


परिधान बनवाने से पहले यह विचार कर लें कि आपको किसी अवसर के लिए कैसा परिधान चाहिए। फिर उस पर विचार करें कि यह आगे फैशन में रहने वाला है या नहीं। यदि आपको लगता है कि इसका फैशन अल्प समय रहेगा तो ऐसे कपड़े न बनवाएं। अपने शरीर की बनावट को भी ध्यान में रखें। आयु को भी ध्यान में रखते हुए वस्त्र पहनें।

शादीशुदा स्त्रियों को अधिक वैस्टर्न स्टाइल के वस्त्र समारोहों में उचित नहीं लगेंगे। युवतियों और किशोरियों को इस प्रकार के वस्त्र खूब फबते हैं।

कपड़ा खरीदने से पहले यह ज्ञात कर लें कि उस वस्त्र को हमेशा ड्राईक्लीन करवाना है या घर पर स्पैशल डिटर्जेंट से धोया जा सकता है। वस्त्र को उस समय ड्राईक्लीन करवाएं, जब वास्तव में उसकी आवश्यकता हो। एकाध बार पहन कर उसे मत धोएं या ड्राईक्लीन न करवाएं।

कोशिश करें। ऐसे वस्त्र ड्राईक्लीन करवाएं। सफेद सूती परिधानों को ब्लीच कर उनकी चमक बरकरार रख सकते हैं। सफेद कपड़ों पर हल्का नील देने से भी सफेदी अधिक समय तक बनी रह सकती है। एक ही ड्रेस को बार-बार न पहनें। बदल-बदल कर पहनने से उनकी आयु बढ़ती है। कपड़े को आराम भी मिल जाता है, उसकी शेप और चमक भी बरकरार रहती है।

समारोह से लौटने पर कपड़े



बदल लें। कुछ समय उन्हें हवा लगवाएं, पुनः झाड़ कर, प्रैस करवा कर हैंगर में लटका दें जिससे पुनः उनका इस्तेमाल करते समय किसी समस्या का सामना न करना पड़े। वस्त्रों पर दाग-धब्बे लगने पर संभालने से पूर्व उस स्थान की सफाई अवश्य करें।

वस्त्रों को धोने से पहले उनकी जेबें आदि खाली कर लें। प्रैस करने से पूर्व भी जेबों का निरीक्षण अवश्य करें। सूती वस्त्रों को और पैंटों आदि को ब्रश से थोड़ा रगड़ कर साफ कर सकती हैं। रेशमी और ऊनी वस्त्रों की धुलाई करते समय ब्रश का इस्तेमाल न करें। उन्हें अच्छे डिटर्जेंट में भिगोकर हल्के हाथों से रगड़ें। गर्म वस्त्रों को संभालते समय 'नेप्थलीन' की गोलियां डालें। उससे गर्म वस्त्र में कीड़ा नहीं लगेगा। सिल्क की साड़ियों और सूटों को सफेद मलमल के कपड़ों में ऊनी कपड़ों से अलग रखें।

यदि परिधान कहीं से खुल जाए या बटन आदि टूट जाए तो उसकी मुरम्मत उसी समय कर लें, नहीं तो अधिक मुसीबत का सामना करना पड़ सकता है। साड़ी का फाल खुलने पर उसे साफ करने से पहले सिल लें। इस प्रकार यदि आप कपड़ों की देखभाल ध्यानपूर्वक करेंगी तो कपड़े भी आपका अधिक समय तक साथ देंगे।

# हरी इलायची के इस्तेमाल से बनेगी ग्लोइंग स्किन

स्किन को हेल्दी रखने के लिए हम अक्सर घरेलू नुस्खों को ट्राई करते हैं। इसमें हम उन चीजों को इस्तेमाल करते हैं जो किचन में मौजूद होती हैं या गार्डन में लगी हुई होती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ये केमिकल युक्त प्रोडक्ट बनाने के काम आती हैं साथ ही स्किन पर नेचुरली ग्लो लाती हैं। हरी इलायची भी स्किन के लिए काफी फायदेमंद होती है। इसे चेहरे पर लगाने से कई सारी समस्याएं दूर हो जाती हैं। इसके इस्तेमाल करने का तरीका अपने इंस्टाग्राम पर टीवी एक्ट्रेस शीबा आकाशदीप ने शेयर किया। आपको बता दें कि ये ऐसे काफी सारे घरेलू नुस्खे शेयर करती हैं ताकि आपको बाजार के केमिकल प्रोडक्ट का इस्तेमाल न करना पड़े।

### हरी इलायची के फायदे

हरी इलायची स्किन के लिए काफी फायदेमंद होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण त्वचा को अंदर से पोषण देते हैं और चमकदार बनाते हैं। इसका इस्तेमाल अगर आप नियमित रूप से करेंगी तो पिंपल्स, मुहांसे और टैनिंग की समस्या कम होगी।

### इस तरह करें इस्तेमाल

### हरी इलायची का गुलाब जल के साथ करें इस्तेमाल



हरी इलायची आपकी किचन में रहती है। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल चेहरे पर जरूर करें।

इसके लिए आपको पहले इसे छिलना है और इसका पाउडर बना लेना है।अब इसे एक चुटकी 2 चम्मच रोज वॉटर में मिक्स करना है।फिर इसे अपने चेहरे पर अप्लाई करना है।

इस बाद का ध्यान रखें कि मसाज बिल्कुल भी न करें वरना रेडनेस हो सकती है।

10 मिनट लगाने के बाद चेहरे को पानी या कॉटन पैड से साफ कर लें।

इससे आपकी स्किन की टैनिंग दूर हो जाएगी और स्किन टाइट नजर आएगी।

# इन उपायों से दूर होगी खर्राटों की समस्या

क्या आपको खर्राटे आते हैं? क्या खर्राटों की वजह से आपका पार्टनर आपके साथ सोना नहीं चाहता? क्या आपके बच्चे और पार्टनर खर्राटों की वजह से आपका मजाक बनाते हैं? क्या खर्राटों की वजह से आपको दोस्तों के बीच शर्मिंदा होना पड़ता है? अरे.रे.रे ये क्या प्रश्न पूछ लिया? यही तो असली दुखती नस है. अगर आप भी ऐसा ही कुछ सोच रहे हैं तो बिल्कुल भी परेशान होने की जरूरत नहीं है. यकीन मानिए आप इस दुनिया में अकेले नहीं हैं. अकेला तो कोई नहीं है, लेकिन खर्राटे लेने के मामले में भी आप अकेले नहीं हैं. बल्कि यह जानकर आपको सुकून मिलेगा कि 30-60 वर्ष की उम्र के 44 फीसद पुरुष और 28 फीसद महिलाएं खर्राटे लेती हैं. सुकून इसलिए क्योंकि यह अकेले आपकी परेशानी नहीं है और यह ऐसी परेशानी भी नहीं है, जिसकी तरफ किसी का ध्यान नहीं गया है. बल्कि इसके लिए बकायदा एक ऑर्गेनाइजेशन है, जो इस पर काम करती है. ये जो आंकड़े हमने आपको बताए, यह उसी ऑर्गेनाइजेशन स्लीप फाउंडेशन के हैं. स्लीप फाउंडेशन के अनुसार 60 वर्ष से अधिक उम्र होने पर लगभग आधी आबादी खर्राटे लेती है.

### खर्राटे क्यों आते हैं?

सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि खर्राटे क्या होते हैं? खर्राटे क्यों आते हैं? जब सांस लेते समय हवा हमारी नाक के पिछले हिस्से में मौजूद पार्शियल ब्लॉक एयरवे से गुजरती है तो एक आवाज निकलती है. इसी आवाज को खर्राटा या अंग्रेजी में स्नोरिंग कहते हैं.

### सोने का तरीका बदलें

अगर आप पीठ के बल सोते हैं



तो संभव है कि आपके खर्राटे लेने का एक बड़ा कारण यह भी हो. रिपोर्ट में ऐसा कहा गया है. इसलिए अगर आप सोने का तरीके बदलते हैं और करवट लेकर सोते हैं तो इससे खर्राटे कम हो सकते हैं. इसके लिए आप बॉडी पिलो का इस्तेमाल कर सकते हैं. आप नींद में करवट लेकर फिर से पीठ के बल न आ जाएं इसके लिए फुल लेंग्थ बॉडी पिलो का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके अलावा आप नींद में अंजाने में पीठ के बल न आ जाएं इसके लिए अपनी कमर में पीछे की तरफ एक टेनिस बॉल बांधकर रख सकते हैं. इससे आप नींद में गलती से भी पीठ के बल नहीं आएंगे.

### अपना तकिया बदलें

अगर आप खर्राटे लेते हैं तो जल्दी-जल्दी तकिया बदलने के लिए आपके पास दो कारण हैं. पहला कारण तो यह है कि समय के साथ तकिए में धूल के कण जमा होने लगते हैं, जिनकी वजह से आपको एलर्जिक रिएक्शन हो सकता है. दिनभर आपको बंद नाक जैसी कोई समस्या नहीं होती है, लेकिन रात में नाक बंद होती है तो यह संकेत है कि अब आपको तकिया बदल लेना चाहिए.

### नेजल पैसेजेस को खोलें

खर्राटों से मुक्ति पाने के लिए नेजल पैसेज को खोलना भी एक उपाय है. अगर आपकी नाक बंद है या एयरवे पतला हो गया है तो जब हवा उस हिस्से से गुजरेगी तो खर्राटे की आवाज आएगी ही. नाक को खोलने के लिए आपको कुछ आसान उपाय अपनाने चाहिए. बंद नाक को खोलने के लिए आप रात को सोने से ठीक पहले गर्म पानी से नहा सकते हैं. नमक के पानी का सॉल्यूशन इस्तेमाल करके भी आप अपनी बंद नाक को खोल सकते हैं, इसके अलावा नेति क्रिया के द्वारा भी नाक खोल सकते हैं. नाक के ऊपर चिपकने वाली नेजल स्ट्रिप की मदद से भी आप खर्राटों से मुक्ति पा सकते हैं.

### भरपूर नींद लें

विशेषतौर पर हेल्थ के लिए काम करने वाली वेबसाइट हेल्थलाइन के अनुसार जब आपकी नींद पूरी नहीं होती है तो खर्राटे आने की संभावना अधिक होती है. अगर आप रात में 7-9 घंटे की नींद नहीं लेते हैं तो इससे आपके गले की मांसपेशियां रिलेक्स हो सकती हैं.

### हमेशा हाइड्रेटिड रहें

वेबएमडी के अनुसार तरल पीने और अपने को हाइड्रेटिड रखने से खर्राटों की समस्या कम हो सकती है. अगर आप उचित मात्रा में पानी का सेवन नहीं करते हैं तो नाक में मौजूद म्यूकस चिपचिपा हो जाता है. उसकी वजह से सांस की आवाजाही में दिक्कत होने पर खर्राटे आ सकते हैं. अपने को हाइड्रेटिड रखने के लिए आपको हर दिन 12-15 गिलास पानी पीना चाहिए.

### एंटीस्नोरिंग माउथपीस का इस्तेमाल करें

स्लीप फाउंडेशन के अनुसार आज बाजार में बहुत से ऐसे प्रोडक्ट मौजूद हैं, जिनके इस्तेमाल से खर्राटों की समस्या कम हो सकती है. ऐसी ही एक डिवाइस माउथगार्ड है, जिसे मैंडिबुलर एडवांसमेंट डिवाइस के नाम से जाना जाता है. यह डिवाइस दांतों में फिट होती है और आपके निचले जबड़े को थोड़ा से आगे की ओर धक्का देती है. ऐसा करने से आपको खर्राटे रोकने में मदद मिलती है. इसके अलावा टंग (जीभ) स्टेब्लाइजिंग डिवाइस भी आती है, जिसे TRD या TSD के नाम से भी जाना जाता है. यह माउथपीस दांतों के बीच फिट किया जाता है, लेकिन जीफ अपनी जगह पर रहती है. इस तरह की डिवाइस खर्राटों की आवाज को 60-70 फीसद तक कम कर देती है.

### धूम्रपान छोड़ें, जीवन अपनाएं

अगर आप धूम्रपान करते हैं तो आपको जल्द से जल्द स्मोकिंग छोड़ देनी चाहिए. क्योंकि स्मोकिंग की आदत की वजह से भी आपको खर्राटे आ सकते हैं. स्मोकिंग छोड़ने से खर्राटे कम हो सकते हैं. धूम्रपान छोड़ने से आपको न सिर्फ खर्राटों से मुक्ति मिल सकती है, बल्कि कई अन्य स्वास्थ्य लाभ भी मिल सकते हैं.



# नारायण मूर्ति बोले: कर्मचारियों के साथ इंसानी बर्ताव करें

## कंपनियों से कहा- मैक्सिमम और मिनिमम सैलरी के बीच के अंतर को कम करें



मुंबई,14 मार्च (एजेंसियां)। इंफोसिस के फाउंडर एनआर नारायण मूर्ति ने बिजनेस और एंटरप्रेन्योर्स से कहा है कि वे अपने कर्मचारियों के साथ इंसानों जैसा बरताव करें। उन्होंने कहा कि कंपनियों में सबसे कम और सबसे ज्यादा सैलरी के बीच के अंतर को भी कम करना चाहिए। मूर्ति ने ये बातें टीआईई कॉन मुंबई 2025 में कही। मूर्ति ने कहा कि हर कॉर्पोरेट कर्मचारी के सम्मान और गरिमा को बनाए रखने की जरूरत है। कर्मचारियों की पब्लिकली प्रशंसा करना और प्राइवेट में आलोचना करना चाहिए। और जहां तक संभव हो, कंपनी के सभी कर्मचारियों के बीच निष्पक्ष तरीके से उसके सभी बेनिफिट्स शेयर करना चाहिए। आने वाले समय में भारत से गरीबी की समाप्ति और विकास तभी होगा जब देश के बिजनेस और एंटरप्रेन्योर्स कैपिटलिज्म को अपनाएंगे। देश अपनी मौजूदा समाजवादी मानसिकता में कामयाब नहीं हो सकता। कैपिटलिज्म लोगों को नए विचार सामने लाने का अवसर देता है, ताकि वे अपने और अपने निवेशकों के लिए पैसा कमा सकें, रोजगार पैदा कर सकें और इस तरह गरीबी कम कर सकें। अक्टूबर 2023: 2023 में नारायण मूर्ति ने देश के युवाओं को हफ्ते में 70 घंटे काम करने की सलाह दी थी। उन्होंने भारत को ग्लोबल लीडर बनाने के लिए युवाओं से कड़ी मेहनत करने को कहा था। इसके बाद सोशल मीडिया कई अलग-अलग धड़ों में बंट गया था। मूर्ति के इस बयान के बाद उनकी जितनी आलोचना हुई उतना ही साथ भी मिला था। दिसंबर 2024: मूर्ति ने कहा था कि युवाओं को यह समझना होगा कि हमें कड़ी मेहनत करनी होगी और भारत को नंबर एक बनाने की दिशा में काम करना होगा। हमें अपनी आकांक्षाएं ऊंची रखनी होंगी, क्योंकि 800 मिलियन (80 करोड़) भारतीयों को मुफ्त राशन मिलता है। इसका मतलब है कि 800 मिलियन भारतीय गरीबी में हैं। अगर हम कड़ी मेहनत करने की स्थिति में नहीं हैं तो कौन कड़ी मेहनत करेगा।'नारायण मूर्ति ने भारत के दूसरे सबसे बड़े टेक फर्म इंफोसिस की स्थापना 1981 में की थी। तब से लेकर 2002 तक कंपनी के सीईओ रहे थे। इसके बाद 2002 से 2006 तक बोर्ड के चेयरमैन रहे।अगस्त 2011 में चेयरमैन एमेरिटस की उपाधि के साथ मूर्ति कंपनी से रिटायर हो गए थे। हालांकि, एक बार फिर कंपनी में उनकी एंट्री 2013 में एग्जिक्यूटिव चेयरमैन के तौर पर हुई। इस दौरान उनके बेटे रोहन मूर्ति उनके एग्जिक्यूटिव असिस्टेंट के तौर पर काम कर रहे थे।

# जर्मनी को पीछे छोड़ 2028 तक भारत बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

## उपभोग में सुधार की उम्मीद

नई दिल्ली, 14 मार्च (एजेंसियां)। भारत 2028 तक जर्मनी को पीछे छोड़ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उस समय दुनिया का सबसे अधिक मांग वाला उपभोक्ता बाजार बनने के साथ भारत वैश्विक उत्पादन में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी हासिल करेगा। मॉर्गन स्टेनली के मुताबिक, 2023 में 3.5 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था से बढ़कर देश 2026 में 4.7 लाख करोड़ डॉलर वाली अर्थव्यवस्था बन जाएगा।मॉर्गन स्टेनली के मुताबिक, 2026 में अमेरिका, चीन और जर्मनी के बाद भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। 2028 में जब यह जर्मनी को पीछे छोड़ेगा, उस समय इसकी अर्थव्यवस्था का आकार 5.7 लाख करोड़ डॉलर होगा। भारत 1990 में दुनिया की 12वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, जो 2000 में 13वें स्थान पर खिसक गया। 2020 में 9वें स्थान पर तथा 2023 में 5वें स्थान पर पहुंच गया। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भारत की हिस्सेदारी 2029 में 3.5 प्रतिशत से बढ़कर 4.5 प्रतिशत होने का अनुमान है। इसके विकास के तीन चरण होंगे। मंदी के मामले में देश की अर्थव्यवस्था 2025 में 3.65 लाख करोड़ डॉलर से बढ़कर 2035 तक 6.6 लाख करोड़ डॉलर हो जाएगी। आधार यानी बेस मामले में बढ़कर 8.8 लाख करोड़ डॉलर और तेजी के मामले में यह 10.3 लाख करोड़ डॉलर हो जाएगी।मॉर्गन स्टेनली ने कहा, प्रति व्यक्ति जीडीपी 2025 में 2,514 डॉलर से बढ़कर 2035 में मंदी के मामले में 4,247 डॉलर, बेस मामले में 5,683 तथा तेजी के मामले में 6,706 डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। आने वाले दशकों में भारत की वैश्विक उत्पादन में हिस्सेदारी बढ़ेगी। इसके पीछे मजबूत आधारभूत कारक हैं। इनमें मजबूत जनसंख्या वृद्धि, वृहद स्थिरता से प्रभावित नीति, बेहतर बुनियादी ढांचा और एक उभरता हुआ उद्यमी वर्ग है। यह एक बड़े ऊर्जा परिवर्तन से गुजरेगा।

# तमिलनाडु में खुला शराब का बड़ा स्कैम

## कई राज्य की सालभर की है इतनी खपत



नई दिल्ली, 14 मार्च (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को कहा कि उसे तमिलनाडु की सरकारी शराब कंपनी टैसमैक के संचालन में कई अनियमितताएं मिली हैं, जिनमें निविदा प्रक्रियाओं में हेराफेरी और डिस्टिलरी कंपनियों के जरिये 1,000 करोड़ रुपये के बेहिसाब नकद लेनदेन शामिल हैं।

आर्थिक जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसे छह मार्च को तमिलनाडु राज्य विपणन निगम लिमिटेड (टैसमैक) के कर्मचारियों, डिस्टिलरी के कॉरपोरेट कार्यालयों और उत्पादन संयंत्रों पर छापेमारी के बाद इन भ्रष्ट आचरणों का संकेत देने वाले साक्ष्य मिले। ईडी के सूत्रों ने छापेमारी के दिन कहा था कि शराबबंदी और आबकारी विभाग के मंत्री सेंथिल बालाजी से जुड़े प्रमुख सहयोगियों के खिलाफ भी छापेमारी की गई थी।

हर बोतल पर वसूले 10 से 30 रुपए ज्यादा ईडी ने कहा कि उसे तलाशी के दौरान स्थानांतरण एवं पदस्थापन, परिवहन और बियर बार के लाइसेंस निविदा, कुछ डिस्टिलरी कंपनियों के पक्ष में आदेश, टैसमैक की दुकानों से प्रति बोतल 10-30 रुपये का अतिरिक्त शुल्क, इसके अधिकारियों की संलिप्तता से संबंधित आंकड़ा मिला है।इसने कहा कि यह डेटा टैसमैक के परिवहन निविदा आवंटन में हेराफेरी दिखाता है। इससे पता चलता है कि अंतिम सफल बोलीदाता ने आवेदन की समयसीमा से पहले अपेक्षित डिमांड ड्राफ्ट भी नहीं पेश किया था।

अंतिम बोली में केवल एक ही आवेदक होने के बावजूद निविदाएं प्रदान की गईं। ईडी ने कहा कि तमिलनाडु सरकार की शराब विक्रेता कंपनी टैसमैक ने ट्रांसपोर्टरों को सालाना 100 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया।जांच एजेंसी ने आरोप लगाया कि तलाशी में एसएनजे, काल्स, एकॉर्ड, एसएआईएफएल और शिवा डिस्टिलरी जैसी डिस्टिलरी कंपनियों और देवी बॉटल्स, क्रिस्टल बॉटल्स और जीएलआर होल्डिंग जैसी बॉटलिंग संस्थाओं से जुड़ी बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी भी पाई गई। ईडी के मुताबिक, डिस्टिलरी ने व्यवस्थित रूप से खर्चों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया और बेहिसाब नकदी में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी करने के लिए फर्जी खरीद की।

# गौतम अडाणी को अमेरिकी मार्केट रेगुलेटर का समन : केंद्र सरकार ने अहमदाबाद कोर्ट को भेजा ; अमेरिका में 2,029 करोड़ रिश्वत देने का आरोप

नई दिल्ली, 14 मार्च (एजेंसियां)। गौतम अडाणी को अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन ने अमेरिका में रिश्वत और धोखाधड़ी मामले में समन भेजा है। द हिंदू की रिपोर्ट के अनुसार केंद्र सरकार ने 25 फरवरी को समन अहमदाबाद की सेशन कोर्ट को ट्रांसफर कर दिया है, ताकि इसे गौतम अडाणी के अहमदाबाद स्थित शांतिवन फार्म हाउस पर पहुंचाया जा सके। ये समन 1965 की हेग संधि के तहत भेजा गया है। संधि में किसी भी मामले से जुड़े देश एक-दूसरे के नागरिकों को कानूनी दस्तावेज सौंपने में सहायता के लिए सीधे अनुरोध कर सकते हैं। इससे पहले 23 नवंबर को अमेरिकी एसईसी ने अडाणी को आरोपों पर अपना रुख स्पष्ट करने के लिए समन भेजा था। गौतम और सागर अडाणी को 21 दिन के अंदर एसईसी को जवाब देने के लिए तलब किया था।पिछले साल अमेरिका में अडाणी समेत 8 लोगों पर अरबों रुपए की धोखाधड़ी के आरोप लगे थे। अटॉर्नी ऑफिस आरोप पत्र के मुताबिक, अडाणी की कंपनी ने भारत में रिन्यूएबल एनर्जी के प्रोजेक्ट गलत तरीके से हासिल किए थे। इसके लिए सरकारी अधिकारियों को 250 मिलियन डॉलर यानी करीब 2,029 करोड़ रुपए की रिश्वत देने का भी आरोप अडाणी पर लगाया गया था। आरोपियों ने अमेरिकी इन्वेस्टर्स और बैंकों से झूठ बोलकर पैसा इकट्ठा किया। यह पूरा मामला अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और एक अन्य फर्म से जुड़ा हुआ था।15 नवंबर 1965 में नीदरलैंड के हेग शहर में 84 देशों के बीच एक संधि हुई थी। इसमें व्यापारिक मामलों में कानूनी दस्तावेज संबंधित व्यक्ति या संस्था तक पहुंचाने का फैसला लिया गया था। भारत कुछ शर्तों के साथ साल 2006 में इस संधि में शामिल हुआ था।पहला विवाद: हिंडनबर्ग रिसर्च ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगाए : जनवरी 2023 की है। गौतम अडाणी की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज ने 20,000 करोड़ का फॉलोऑन पब्लिक ऑफर लाने की घोषणा की। 27 जनवरी 2023 को इस ऑफर को खुलना था, लेकिन उससे ठीक



पहले 24 जनवरी 2023 को हिंडनबर्ग रिसर्च ने एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें अडाणी ग्रुप पर मनी लॉन्ड्रिंग से लेकर शेयर मैनिपुलेशन जैसे आरोप लगाए गए। 25 जनवरी तक ग्रुप के शेयरों मार्केट वैल्यू करीब 12 बिलियन डॉलर (करीब 1 लाख करोड़ रुपए) कम हो गई। हालांकि, अडाणी ने किसी भी गलत काम के आरोपों से इनकार किया। ऐसे में अडाणी ग्रुप ने अपना 20,000 करोड़ का फॉलोऑन पब्लिक ऑफर भी कैंसिल कर दिया। केस की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 6 सदस्यीय कमेटी बनाई और सेबी ने भी मामले की जांच की। कोर्ट के फैसले के बाद अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा था, 'कोर्ट के फैसले से पता चलता है कि सत्य की जीत हुई है। सत्यमेव जयते। मैं उन लोगों का आभारी हूं जो हमारे साथ खड़े रहे। भारत की ग्रोथ स्टोरी में हमारा योगदान जारी रहेगा। जय हिन्द।'दूसरा विवाद: लो-ग्रेड कोयले को हाई-ग्रेड में बेचने का आरोप एक महीने पहले फाइनेंशियल टाइम्स ने ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया था कि जनवरी 2014 में अडाणी ग्रुप ने एक इंडोनेशियाई कंपनी से 28 डॉलर ( करीब 2360 रुपए) प्रति टन की कथित कीमत पर 'लो-ग्रेड' कोयला खरीदा था। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि इस शिपमेंट को तमिलनाडु जेनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को उच्च गुणवत्ता वाले कोयले के रूप में 91.91 डॉलर (करीब 7750 रुपए) प्रति टन की औसत कीमत पर बेच दिया गया था।

# मुकेश अंबानी के जियो हॉटस्टार ने बना दिया रिकॉर्ड, आज तक नहीं कर सका कोई ऐसा

नई दिल्ली, 14 मार्च (एजेंसियां)। मुकेश अंबानी की जियो और हॉटस्टार जब से मर्ज हुए हैं। तब से सुर्खियों में है। अब इस नए वेंचर का नाम जियो स्टार हो गया है। जियो स्टार लगातार नए रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड कायम कर रहा है। अब जो आंकड़ा सामने आया है, वो बेहद चौंकाने वाला है। जियो स्टार ने चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं, जो पहले डिज्नी हॉटस्टार भी नहीं कर सका था। इन रिकॉर्ड की जानकारी खुद जियोस्टार के सीईओ ने लिंक्डइन के जरिए दी है। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर जियोस्टार की ओर से ऐसे कौन कौन से आंकड़े पेश किए हैं। जियो हॉटस्टार ने हाल ही में आयोजित हुई आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान 540 करोड़ से अधिक बार देखे जाने का रिकॉर्ड बनाया। जियो हॉटस्टार के दर्शकों ने लगभग 11,000 करोड़ मिनट तक चैंपियंस ट्राफी देखने को रिकॉर्ड बनाया। जियो हॉटस्टार के डिजिटल सीईओ किरण मणि ने लिंक्डइन पर एक पोस्ट में कहा कि आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की यात्रा कैसी रही! 540 करोड़ से अधिक बार देखा गया, 11,000 करोड़ मिनट तक देखा गया और एक वक्त में अधिकतम 6. 12 करोड़ लोगों ने देखा। ये आंकड़े भारत में डिजिटल स्ट्रीमिंग के पैमाने, जुनून और वृद्धि की शक्तिशाली कहानी बताते हैं। चैंपियंस ट्राफी के फाइनल मैच को जियो हॉटस्टार पर 124. 2 करोड़ बार देखा गया। इस मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। इस मैच ने 6. 12 करोड़ दर्शकों के साथ एक नया रिकॉर्ड भी बनाया, जो लाइव स्पोर्ट्स स्ट्रीमिंग में ऑनलाइन मंच के प्रभुत्व को दर्शाता है। इससे पहले 5. 9 करोड़ का रिकॉर्ड डिज्नी हॉटस्टार ने 2023 क्रिकेट विश्व कप फाइनल के दौरान बनाया था। जियो स्टार में मुकेश अंबानी और उनकी फर्म की मैज्योरिटी हिस्सेदारी है। आंकड़ों के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज की जियोस्टार में 63. 16 फीसदी हिस्सेदारी है, जिसमें 16.34 फीसदी डायरेक्ट और 46.82 फीसदी वायकॉम18 के माध्यम से है। वहीं दूसरी ओर डिज्नी की इस ज्वाइंट वेंचर में 36. 84 फीसदी है। जियोहॉटस्टार नई यूनिट वायकॉम18 और स्टार इंडिया की असेट्स को मिलाकर भारत के सबसे बड़े टीवी और डिजिटल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म में से एक बन गई है।

# मार्च में दो दिन रहेगी बैंक की हड़ताल, जाने से पहले यहां चेक करें डेट

नई दिल्ली, 14 मार्च (एजेंसियां)। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने गुरुवार को कहा कि 24 और 25 मार्च को उसकी दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी। यूएफबीयू ने कहा कि कर्मचारी संगठन की प्रमुख मांगों पर भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के साथ बातचीत में कोई सकारात्मक नतीजा नहीं निकल पाया। आईबीए के साथ बैठक में यूएफबीयू के सदस्यों ने सभी संवर्गों में भर्ती और पांच दिवसीय कार्य सप्ताह समेत कई मुद्दे उठाए। नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ बैंक एम्प्लाइज (एनसीबीई) के महासचिव एल चंद्रशेखर ने कहा कि बैठक के बावजूद प्रमुख मुद्दे अनसुलझे हैं। नौ बैंक कर्मचारी संघों के एकीकृत निकाय यूएफबीयू ने पहले इन मांगों को लेकर हड़ताल की घोषणा की थी। आईबीए के साथ हुई बैठक में यूएफबीयू से जुड़े सभी कर्मचारी संघों ने कई महत्वपूर्ण मांगें उठाईं, जिनमें सभी कैडर में भर्ती और पांच दिवसीय कार्य सप्ताह शामिल हैं। लेकिन इन मुख्य मांगों पर कोई सहमति नहीं बन सकी। नेशनल कन्फेडरेशन ऑफ बैंक एम्प्लॉइज के महासचिव एल। चंद्रशेखर ने बताया कि इस मुद्दे पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के अनुसार 24 और 25 मार्च को देशभर में 9 बैंक हंडताल पर रहेगी। वहीं 22 मार्च को चौथा शनिवार और 23 मार्च को रविवार है, इस वजह बैंक लगातार 4 दिनों तक बंद रहेंगे। अगर आपको कोई बैंक से जुड़ा काम करना है तो 22 मार्च से पहले आपको पूरा कर लेना चाहिए। चार दिनों तक लगातार बैंकों के बंद रहने से देश को बड़ी आर्थिक चोट लगना तय है। इससे सरकार के साथ-साथ आम आदमी के कामकाज भी अटक जाएंगे। बैंकों की चार दिन चलने वाली हड़ताल से देश में कारोबारी गतिविधियों पर बुरा असर पड़ेगा।

# टैरिफ वॉर के बीच सरकार का निर्यातकों को आश्वासन

## हितों की रक्षा की जाएगी, कारोबारियों को सता रहा है यह डर



मुंबई,14 मार्च (एजेंसियां)। वाणिज्य मंत्रालय ने गुरुवार को अमेरिकी टैरिफ के जोखिम के बीच विशेष रूप से चमड़ा और कपड़ा जैसे सेक्टर्स के घरेलू निर्यातकों को उनके हितों की रक्षा का आश्वासन दिया। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने यह जानकारी दी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में एक ऑनलाइन बैठक के दौरान निर्यात से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। स्टील जैसे सेक्टर्स ने निर्यात पर अमेरिकी टैरिफ के संभावित प्रभाव पर चिंता जताई। बैठक में वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल और विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी भी शामिल हुए। बैठक में शामिल उद्योग प्रतिनिधियों में से एक ने कहा कि मंत्रालय अमेरिका के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने कहा, ''मंत्रालय ने आश्वासन दिया है कि देश के निर्यातकों के हितों की रक्षा की जाएगी। इंडस्ट्री को अत्यधिक रक्षात्मक नहीं होने की सलाह दी गई है।''यह चर्चा इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि गोयल हाल ही में अमेरिका के वाणिज्य मंत्री के साथ व्यापार वार्ता के बाद वाशिंगटन से लौटे हैं। अमेरिका ने दो अप्रैल से जवाबी शुल्क लगाने का प्रस्ताव किया है। इसने पहले ही स्टील और एल्युमीनियम पर ये टैरिफ लगा दिए हैं। इंडस्ट्री के एक अन्य प्रतिनिधि ने कहा कि निर्यातक समुदाय जवाबी टैरिफ लगाने की अमेरिकी की चेतावनी से चिंतित है, क्योंकि इससे अमेरिका को भारत के निर्यात पर असर पड़ सकता है, जो इसका सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। उन्होंने कहा, ''कुल मिलाकर, बैठक में अधिकांश सेक्टर्स ने इस टैरिफ वॉर से भारतीय निर्यातकों के लिए संभावित अवसरों का उल्लेख किया। हम उन आयात पर विचार कर सकते हैं जिन्हें चीन से अमेरिका में भेजा जा सकता है।''प्रतिनिधि ने कहा कि भारत किसी अन्य विकसित देश के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने की घोषणा कर सकता है। भारत के निर्यात में जनवरी में लगातार तीसरे महीने गिरावट आई और यह सालाना आधार पर 2.38 प्रतिशत घटकर 36.43 अरब डॉलर रहा।जबकि व्यापार घाटा बढ़कर 22.99 अरब डॉलर हो गया। निर्यातकों के शीर्ष निकास फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, ''हमें अमेरिका से भारत के लिए अच्छे ऑर्डर मिल रहे हैं, लेकिन शुल्क को लेकर अनिश्चितता के कारण जो माल भेजा जा रहा है, वह अपेक्षाकृत कम मूल्य का है। हम शुल्क मामले में चीजें स्पष्ट होने का इंतजार कर रहे हैं।''

# अमेरिका में 1.3 करोड़ तक कमाने वालों पर नहीं लगेगा टैक्स, क्या भारत से चुराया आइडिया?

नई दिल्ली, 14 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने एक बड़ा टैक्स प्लान पेश किया है। इस प्लान से लाखों अमेरिकी टैक्स-फ्री हो सकते हैं। सीबीएस के साथ इंटरव्यू में लुटनिक ने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप $150,000 (लगभग 1.3 करोड़ रुपये) सालाना से कम कमाने वालों का फेडरल टैक्स खत्म करना चाहते हैं। इससे अमेरिका का वित्तीय ढांचा बदल सकता है। यह कदम काफी कुछ भारत से मलिता-जुलता है। हाल में निर्मला सीतारमण ने 2025-26 का बजट पेश करते हुए 12 लाख रुपये तक की इनकम को टैक्स फ्री करने का ऐलान किया था। मिडिल क्लास को राहत देने के लिए यह कदम उठाया गया है। ट्रंप प्रशासन भी अमेरिका में कम कमाने वालों पर टैक्स का बोझ कम करना चाहता है।लुटनिक ने कहा, 'मुझे पता है उनका (ट्रंप का) टारगेट क्या है... $150,000 सालाना से कम कमाने वाले किसी को भी टैक्स नहीं देना पड़े। यही उनका लक्ष्य है। मैं इसी के लिए काम कर रहा हूं।' यह प्लान फरवरी में हाउस ऑफ रेप्रेजेंटेटिव्स से पास हो चुका है। अब सीनेट की वोटिंग का इंतजार है। इस टैक्स कट के साथ ट्रंप सरकारी खर्च में कटौती और सरकारी एजेंसियों को छोटा करने जैसे वित्तीय सुधारों की भी वकालत कर रहे हैं। इस पर ऑनलाइन मिलीजुली प्रतिक्रियाएं आई हैं। कुछ लोग इसे अच्छा मान रहे हैं तो कुछ इसके नकारात्मक परिणामों को लेकर चिंतित हैं। हॉवर्ड लुटनिक ने अमेरिकियों का टैक्स बोझ और कम करने के लिए और भी कई विचार रखे। उन्होंने कहा, 'टिप्स पर कोई टैक्स नहीं, ओवरटाइम पर कोई टैक्स नहीं, सोशल सिक्योरिटी पर कोई टैक्स नहीं, ये सब चीजें कैसी रहेंगी?' इससे पता चलता है कि वो टैक्स सुधार को लेकर कितने गंभीर हैं। ट्रंप का प्रस्ताव अगर लागू होता है तो लगभग 1.3 करोड़ रुपये सालाना से कम कमाने वाला कोई भी व्यक्ति टैक्स नहीं देगा। लुटनिक ने जोर देकर कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करना उनका मौजूदा मिशन है।

# दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य • उत्तरायणे • ऋतु • बसंत
महावीर निर्वाण संवत •2051, हिजरी सन् •1444
कलियुग अवधि-432000 | सूर्योदय - 06-30 | सूर्यास्त - 18-21
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय |
|---|---|---|
| सूर्य- | मीन में | मीन.... 06-26 बजे |
| चंद्र- | कन्या में | मेष--- 08-02 बजे |
| मंगल | मिथुन में | वृष--- 09-46 बजे |
| बुध- | मीन में | मिथुन.. 11-46 बजे |
| गुरु- | वृष में | कर्क.... 14-00 बजे |
| शुक्र- | मीन में | सिंह--- 16-12 बजे |
| शनि- | कुंभ में | कन्या-- 18-18 बजे |
| राहु- | मीन में | तुला--- 20-24 बजे |
| केतु- | कन्या में | वृश्चिक. 22-33 बजे |
| | | धनु...... 00-47 बजे |
| | | मकर... 02-56 बजे |
| | | कुंभ.... 04-48 बजे |

दिशाशूल - पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- प्रतिपदा 14-33 तक उपरान्त द्वितीया
मास • चैत्र कृष्ण , शनिवार 15 March
नक्षत्र • उ.फाल्गुनी 08 -54 तक उपरान्त हस्त
योग • गण्ड 13-59 तक उप वृद्धि
करण- कौलव 14-33 तक उप तैतिल
विशेष:-
व्रत -त्योहार •

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 09:25 से 10:55 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 06:30 - 07:55 अशुभ | लाभ | 18:30 - 19:55 शुभ |
| शुभ | 07:55 - 09:25 शुभ | उत्पात | 19:55 - 21:25 अशुभ |
| रोग | 09:25 - 10:55 अशुभ | शुभ | 21:25 - 22:55 शुभ |
| उत्पात | 10:55 - 12:25 अशुभ | अमृत | 22:55 - 00:25 शुभ |
| चंचल | 12:25 - 13:55 शुभ | चंचल | 09:25 - 01:55 शुभ |
| लाभ | 13:55 - 15:25 शुभ | रोग | 01:55 - 03:25 अशुभ |
| अमृत. | 15:25 - 16:55 शुभ | काल | 03:25 - 04:55 अशुभ |
| काल. | 16:55 - 18:21 अशुभ | लाभ | 04:55 - 06:21 शुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आपकी जीभ तेज है और मस्तिष्क तार्किक है लेकिन आपकी यह योग्यता आज आपकी असुरक्षित प्रवृति के कारण प्रभावित होगी । हमेशा की तरह बहाव का विरोध करने के स्थान पर उसके साथ चलें । आपको अनुभव से काफी कुछ सीखने को मिल सकता है जबकि अभिमान से आपको कुछ नही मिलेगा । बाद में आप अच्छा और आत्मविश्वास से भरा अनुभव करेंगे ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज का दिन आपके लिए बहुत शुभ है,आपको वित्तीय क्षेत्र में अपने प्रयासों के चलते लाभ होगा । आप अपने परिजनों के लिए सर्वोत्तम उपलब्ध चीज खरीदना चाहेंगे । बस इतना ध्यान रखें कि सारा पैसा खर्च न करके कुछ बचत भी कर लें । आप अपने पार्टनर के साथ कुछ बहुत ख़ास पल गुजारेंगे जिन्हें आप हमेशा याद रखेंगे ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज का दिन घटनाओं से भरा रहेगा ,स्थितियां आपके सामने किसी पुरानी अवांच्छित बात को फिर से लाकर खड़ी कर सकती हैं,जिससे आप बचना चाहते थे । आपको इस समस्या से निपटने के लिए सहनशील नजरिये से सोचना होगा क्योंकि आज आप बिना पर्याप्त कारण अपने आप सहित हर किसी पर सख्त रहें हैं । इस टकराव से नए अवसरे भी आयेंगे । अंतिम परिणाम अच्छा ही होगा ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आपको खुद पर बहुत यकीन है लेकिन अति आत्मविश्वास और अधिकार जताने की प्रवृति से बचें । दूसरों पर अपनी राय थोपने की आदत से आज आपको नुक्सान उठाना पड़ सकता है । केवल सही होना ही काफी नही है,आपको इसक अभी ध्यान रखना होगा कि आप दूसरों को नाराज न करें । थोडा नरम रवैया अपनाएंगे तो काफी लंबित कामों को आज पूरा कर पायेंगे ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आप अपने दोस्त की गलती की जिम्मेदारी खुद लेने पर तुले हुए हैं ,लेकिन इसके नतीजों के बारे में भी सोच लें । किसी कानूनी पचड़े में भी पड़ सकते हैं । कोई ऐसी घटना होगी जो आपको कभी ना भूलने वाला सबक देगी । कुछ अलग दिखें,कपड़े या अपना बाल बनाने का तरीका बदल लें ।आपका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों ही बहुत अच्छी स्थिति में हैं।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आपकी भीतरी शक्ति आपको एक साथ कई स्तरों पर सोचने की क्षमता देगी । आप किसी भी मुद्दे की तह तक जा पायेंगे । अपने दोस्तों -साथियों का भी सही मूल्याकन कर पायेगे । जहाँ तर्कशक्ति से बात ना बने,अपने मन की आवाज सुनें । अपनी छिपी क्षमता को बाहर लाने का यह उत्तम समय है । विवादों से बचें,वे बाद में समस्या पैदा कर सकते हैं।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आपके अनिर्णय की स्थिति से बिना बात की परेशानी पैदा हो सकती है । परिवार से जुड़े और रियल एस्टेट से जुड़े हुए मुद्दों को आपको अब गंभीरता से लेने की जरुरत है । आपको इनसे सम्बंधित कोई पत्र प्राप्त होगा । पुरानी अधूरी -अनसुलझी बातें अब आपको परेशान करेंगी और आप इन्हें सुलझाए बिना आगे नहीं बढ़ सकते ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आज आप एक बहुत बड़ी साझेदारी को अंतिम रूप देने वाले हैं लेकिन आपको अपने पार्टनर को अपने मिशन और लक्ष्यों के बारे में स्पष्ट बता देना चाहिए । यदि कोई विवाद हुआ भी तो आपके भावनाओं में बह जाने की सम्भावना है,इस प्रवृति पर नियंत्रण रखें । आप दिन का अंतिम हिस्सा किसी बोद्धिक कार्यकलाप या कलाकारी सम्बन्धी रूचि में लगा सकते हैं ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
कुछ दिनों से आपके कार्य क्षेत्र में चीज़े आपके अनुसार नहीं चल रही थी परन्तु अब कुछ सुधार आने की उम्मीद है । आपको ये याद रखना होगा की कार्य क्षेत्र के मित्रो के साथ मैत्रीपूर्ण व्ययहार रखने से आप शांति से काम में सामंजस्य स्थापित कर सकते हैं । अगर आप थोड़ी सी नरमी दिखाए तो कार्य क्षेत्र के मित्रो के साथ आप शांत माहौल का मजा ले सकते है ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज आपको एक अच्छी नौकरी की पेशकश मिल सकती हैं , लेकिन आपको इस नौकरी का लाभ लेने के लिए एक अलग शहर या यहां तक कि किसी दूसरे देश में बदलाव करना पड़ सकता है । ये नौकरी की पेशकश बहुत ही आकर्षक लग सकती है पर यह आपके परिवार के सदस्यों पर प्रभाव डालेगी , इसलिए इसे स्वीकार करने से पहले आपको विभिन्न कोणों पर विचार करने की जरूरत है।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आप अपने कार्य क्षेत्र में काफी मुखर और प्रेरक रहेंगे । आपको ऐसे कार्य क्षेत्र में कार्य करने के अवसर मिलेंगे जहा साझेदारी से कारोबार होता हो और एक दूसरे की सहायता करना प्रमुखता हो । आप प्रमुख परियोजना को पूरा करने के लिए दुसरो को संगठित करने के लिए प्रेरित करते है , जिससे की आपकी भूमिका के लिए प्रशंसा और सम्मान आपको मिलने की संभावना है और आपके धन का स्वास्थ्य भी स्वस्थ्य रहने की संभावना है ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आप एक शांतिपूर्ण मानसिक स्थिति में हैं और आज अपने काम पर ध्यान केंद्रित करना आसान रहेगा । आज अपने करियर के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्णय लेने में आप सक्षम होंगे , लेकिन अपने वरिष्ठ अधिकारियों से समर्थन की कमी की वजह से आप थोड़ा पीछे हटने को मजबूर होंगे इसलिए आप उन्हें मनाने के लिए प्रयास करें ताकि सब अच्छी तरह से पूर्ण हो और आप ख्याति एवं धन प्राप्ति की तरफ अग्रसर हो ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# रोहिणी बोलीं- चाचा हमारे बड़े रंगरसिया, नीतीश पर तंज

## तेजप्रताप ने उड़ाया गुलाल, पटना में मटन दुकानों पर लगी लाइन

पटना, 14 मार्च (एजेंसियां)। देश के साथ बिहार में भी होली धूमधाम से मनाई जा रही है। हालांकि राज्य में ज्यादातर जगहों पर होली कल यानी 15 मार्च को मनाई जाएगी। होली पर लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने बिना नाम लिए सीएम नीतीश पर तंज कसा है।

रोहिणी ने X पर लिखा- कभी 'किसी' के नाम की रेल चलाएं , कभी चलाएं तीर फुस्सफुसिया। अब बात-बात पर खीज दिखाएं, फिर भी 'चाचा' हमारे रहे बड़े रंगरसिया। जोगीरा!! बुरा न मानो होली है। वैसे बुरा मानने की भी पूरी छूट है!!

तेजप्रताप ने अपने अंदाज में लोगों को बधाई दी है। इंस्टा पर होली खेलते एक वीडियो पोस्ट किया है। जिसमें वे होली के रंगों में सराबोर नजर आ रहे हैं। तेजप्रताप यलो टी-शर्ट और स्काई ब्लू जींस पहने हुए दिख रहे हैं। उनके आसपास रंगों की बौछार हो रही है। वीडियो के बैकग्राउंड में



'आज नंदलाल में गुलाल बरसत है' गाना बज रहा है।

वीडियो के जरिए तेज प्रताप ने लोगों को होली की बधाई दी है। अपने संदेश में कहा, 'यह होली आपके जीवन में शांति, खुशी और आनंद के सभी रंग लेकर आए।'

वहीं, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा- 'रंग नौकरी का, उन्नति और सद्भाव का रंग रोजगार का, विकास और बदलाव का। नौकरी एवं समृद्धि के रंग से रंगा हर परिवार हो, खुशहाल जीवन के रंग से हर बिहारवासी सरोबार हो। यह होली आपके जीवन में सुखद परिवर्तन का प्रारंभ करे। सीएम ने अपने बधाई संदेश में कहा- 'रंगों के त्योहार होली की बधाई एवं शुभकामनाएं। होली सामाजिक समरसता का प्रतीक है। होली का यह पवित्र त्योहार राज्यवासियों के जीवन में खुशियों के नए रंग लेकर आए। यह पवित्र त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है। होली का त्योहार प्रेम, भाईचारे एवं सद्भाव के साथ मनाएं।

# रंग में रंगा छत्तीसगढ़, सचिन ने रायपुर में खेली होली



रायपुर, 14 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ होली के रंग में डूबा है। लोग धूमधाम से त्योहार मना रहे हैं। सीएम विष्णुदेव साय जशपुर के बगिया में होली मना रहे हैं। उन्होंने लोगों को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। साय ने कहा कि होली के त्योहार पर हमें अपने सारे पुराने गिले-शिकवे भूल जाने चाहिए। वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल भिलाई में परिवार के साथ होली के रंग में रगे दिखे। क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर भी इस बार छत्तीसगढ़ में होली का त्योहार मना रहे हैं। वह अपने साथियों के साथ रंग-गुलाल और पिचकारी चलाकर जश्न में डूबे हैं। होली के बीच मुस्लिम समाज ने भी मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की।

# होली में नकली शराब पर विदेशी स्टिकर

## 164 बोतल नकली शराब जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

जामताड़ा, 14 मार्च (एजेंसियां)। जामताड़ा में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली विदेशी शराब का भंडाफोड़ किया है। कर्माटांड़ पुलिस ने 164 बोतल नकली विदेशी शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। परीक्षायमान आईपीएस राघवेंद्र शर्मा के नेतृत्व में पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से नकली शराब को बोरे में छिपाकर नारायणपुर से मोहनपुर होते हुए करमाटांड़ गोपालपुर ले जा रहे थे। मोहनपुर मोड़ पर वाहन जांच के दौरान पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। जांच में बोरे से शराब की बोतलें और स्टीकर बरामद हुए। पता चला कि आरोपी पिछले दो-तीन महीने से गोपालपुर में नकली शराब का वितरण कर रहे थे। दोनों की निशानदेही पर गोपालपुर से एक खुदरा विक्रेता को भी गिरफ्तार किया गया।

# मथुरा-वृंदावन की तर्ज पर जमशेदपुर में लट्ठमार होली

## धालभूमगढ़ क्लब में महिलाओं ने पतियों पर बरसाईं लाठियां, फाग और नृत्य का आयोजन

जमशेदपुर, 14 मार्च (एजेंसियां)। जमशेदपुर के साकची स्थित धालभूमगढ़ क्लब में मारवाड़ी समाज ने अनूठा होली मिलन समारोह मनाया। मथुरा और वृंदावन की परंपरा को जीवंत करते हुए यहां लट्ठमार होली का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने अपने पतियों पर प्रेम से लाठियां बरसाईं। कार्यक्रम स्थल को गुलाल, रंगों और फूलों से सजाया गया था। यह नजारा वृंदावन के बरसाने की याद दिला रहा था।

समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इसमें फाग गीत और नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं। होली की पारंपरिक रस्में भी निभाई गईं। महिलाओं ने कहा कि जैसे राधा-कृष्ण का प्रेम अटूट है, वैसे ही उन्होंने भी लट्ठमार होली के जरिए अपने पतियों से प्रेम का इजहार



किया। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक ने रंग-गुलाल के साथ एकता और भाईचारे का संदेश दिया। पूरे आयोजन में हंसी-ठिठोली और उल्लास का माहौल रहा। इधर, जमशेदपुर में होली का त्योहार इस बार विशेष उत्साह के साथ मनाया गया। जिले के एसएसपी किशोर कौशल के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के प्रमुख प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने शिरकत किया। समारोह में एसएसपी किशोर कौशल के साथ ग्रामीण एसपी और सिटी एसपी समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। फगुआ के पारंपरिक गीतों का अधिकारियों ने जमकर आनंद लिया। एसएसपी किशोर कौशल ने इस अवसर पर सभी को होली की बधाई दी। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार आपसी मेल-जोल और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है।

# छत्तीसगढ़ के खरहरी-गांव में 100 साल से नहीं मनी होली

## बच्चों ने रंग खेला न पिचकारी चलाई, त्योहार में गलियां सूनी, महामारी फैलने का डर

कोरबा, 14 मार्च (एजेंसियां)। होली के नाम सुनते ही रंग-गुलाल, पिचकारी और फाग-गीत आंखों के सामने दिखाई देने लगते हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ में कोरबा जिले के खरहरी गांव में ऐसा कुछ नहीं होता है। यहां के बच्चे दीवाली, रक्षाबंधन, नवरात्रि-दशहरा तो धूमधाम से मनाते हैं, लेकिन होली क्या है, उन्हें नहीं पता। गांववालों का मानना है कि, अगर गांव में रंग खेला गया तो बीमारी या महामारी फैल जाएगी।

होलिका दहन करने पर गांव में आग लग जाएगी। इतना ही नहीं, इस गांव में रहने वाली तीन पीढ़ियों के लोगों का यही हाल है। इस गांव में न तो होलिका दहन होता है और न ही अगले दिन रंग खेलते हैं। न नाच न फाग गीत।

100 साल से ज्यादा समय से अंधविश्वास के कारण होली नहीं मनाते हैं। इस धारणा से ही यहां के लोगों के जीवन से होली त्योहार पूरी तरह से गायब है। जब खरहरी गांव के बुजुर्ग से लेकर युवा और बच्चे घरों के सामने बैठे और बच्चे खेलते रहते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि, उनके पैदा होने के पहले से यहां होली नहीं खेली जा रही है। उन्होंने बचपन में देखा-सुना था कि गांव के एक व्यक्ति ने होली मनाई, तो उसके शरीर में बड़े-बड़े दाने आ गए। ऐसा पहले भी हो चुका है। इसलिए कोई भी नहीं खेलता है। इस कारण गांव की दुकानों में भी न गुलाल-रंग बिकता है और न ही पिचकारी लटकी हुई दिखाई देती हैं। छत्तीसगढ़ अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्रा ने बताया कि, ग्रामीण सिर्फ अंधविश्वास के कारण ऐसी परंपरा निभा रहे हैं। लोगों को जागरूक किया जाएगा।

# अबूझमाड़ में 'खुशहाली' के लिए अंगारों पर चले ग्रामीण

## जगदलपुर में जोड़ा होली, माड़पाल में 615 साल पुरानी परंपरा निभाई

जगदलपुर, 14 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बस्तर में होलिका दहन की अलग-अलग प्रथा चली आ रही है। अबूझमाड़ में होलिका दहन के बाद ग्रामीण आग पर चले। जगदलपुर में जोड़ा होली जलाई गई। जबकि माड़पाल में बस्तर राज परिवार के सदस्य कमलचंद भंजदेव ने होलिका दहन कर 615 साल पुरानी परंपरा निभाई। इधर, दंतेवाड़ा में ताड़ के पत्तों से होली जलाने रस्म अदा की गई।

दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बस्तर जिले की सरहद पर एरपुंड गांव बसा हुआ है। इस गांव की आबादी लगभग 500 से 600 की है। गांव के ग्रामीणों का मानना है कि यह अबूझमाड़ का प्रवेश द्वार है। इस गांव में सालों से होलिका दहन किया जा रहा है। खास बात है कि हर साल की तरह इस साल भी होलिका दहन के बाद पुजारी समेत गांव के ग्रामीण आग पर चले।

ग्रामीणों का मानना है कि ऐसा करने से ग्राम देवी-देवता प्रसन्न होंगे और क्षेत्र में खुशहाली होगी। देवी-देवताओं के छत्र और देव विग्रह को लेकर पहले पुजारी



अंगार पर चलते ग्रामीण

अंगार पर चले। उनके पीछे गांव के अन्य ग्रामीणों ने भी अंगार पर चलकर सालों पुरानी परंपरा निभाई गई।

गांव के पुजारी केदार नाथ ने कहा कि, पिछले 5 से 6 पीढ़ियों से प्रथा चली आ रही है। मावली माता को पूजते हैं। माता के प्रति लोगों की अटूट श्रद्धा और विश्वास है। उनमें शक्ति इतनी है कि अंगार में चलने के बाद भी किसी भी ग्रामीण का पैर नहीं जलता है। गांव में खुशहाली हो, कोई कष्ट, कोई विपदा न आए इसलिए पीढ़ी दर पीढ़ी इस प्रथा को निभाते आ रहे हैं।

बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के मंदिर में ताड़ के पत्तों से होलिका दहन किया गया है। यह रस्म भी सालों से चली आ रही है। लगभग 11 दिनों तक चलने वाले विश्व प्रसिद्ध फागुन मड़ई के पहले दिन ही पूरे विधि-विधान से ताड़फलंगा की रस्म पूरी की गई थी।


दंतेश्वरी सरोवर में ताड़ के पत्तों को पहले धोया गया। फिर पूजा कर इन्हें रखा गया था। अब होलिका दहन के दिन इन्हीं पत्तों का दहन किया गया। इस दौरान कई क्षेत्रीय देवी-देवताओं के देव विग्रह भी मौजूद रहे। मंदिर के पुजारी रंग-भंग की परंपरा भी निभाई। ऐसी मान्यता है कि सालों पहले बस्तर के महाराजा पुरुषोत्तम देव पुरी से रथपति की उपाधि लेकर बस्तर लौट रहे थे। इस दौरान फागुन पूर्णिमा के दिन उनका काफिला माड़पाल ग्राम पहुंचा था। तब उन्हें इस दिन के महत्व का एहसास हुआ कि फागुन पूर्णिमा है और आज के दिन पुरी में भगवान जगन्नाथ धाम में हर्षोल्लास के साथ राधा-कृष्ण के साथ होली खेलते हैं।

राजा ने माड़पाल में होली जलाकर उत्सव मनाया था। तब से यहां भी होलिका दहन करने की परंपरा है। बस्तर राज परिवार के सदस्य कमलचंद भंजदेव रथ पर सवार होकर माड़पाल पहुंचे। इलाके के ग्रामीणों ने रथ को खींचा। इसके बाद होलिका दहन कर लगभग 615 साल पुरानी परंपरा निभाई गई। माड़पाल में होलिका दहन उत्सव मनाया गया।

जगदलपुर शहर में मां मावली मंदिर के सामने जोड़ा होली जलाई गई। इसका मतलब अलग-अलग दो होलिका दहन किया जाता है। इनका अपना एक अलग ही महत्व है।

# देवघर में हुआ हरिहर मिलन, रंगोत्सव शुरू

## बाबा बैद्यनाथ को लोगों ने किया गुलाल अर्पित, मालपुआ का लगा भोग



देवघर, 14 मार्च (एजेंसियां)। होली पर देवघर में हरिहर मिलन की परंपरा है। गुरुवार रात को फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर हरि और हर का मिलन हुआ। इसे ही हरिहर मिलन कहा जाता है। हरि का मतलब विष्णु एवं हर मतलब बाबा बैद्यनाथ। शहरवासियों ने पहले बाबा बैद्यनाथ को गुलाल अर्पित किया, फिर एक-दूसरे के साथ होली खेली। देवघर में सुखी होली हुई और शुक्रवार को रंगों से होली खेली जा रही है। बैद्यनाथ मंदिर के इस्टेट पुजारी श्रीनाथ मिश्र ने बताया कि गुरुवार शाम को बाबा मंदिर का पट बंद कर दिया गया। इसके बाद बाबा मंदिर स्थित भीतरखंड कार्यालय के राधा कृष्ण मंदिर से राधा कृष्ण को बाबा मंदिर की परिक्रमा कराते हुए पालकी में बैठाकर ढोल बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। उन्हें पालकी में बैठाकर आजाद चौक स्थित दोल मंच ले जाया गया। जहां पर भगवान श्री कृष्ण को झूले पर झुलाया गया। फाल्गुन पूर्णिमा को लेकर बाबा बैद्यनाथ को मालपुआ एवं अन्य प्रकार के नैवेद्य का भोग लगाया गया। आजाद चौक स्थित दोल मंच में श्री कृष्ण को झूले पर झुलाया गया और अबीर गुलाल चढ़ाया गया। रात 11 बजे होलिका दहन हुआ। इसके बाद भगवान श्री कृष्ण को दोल मंच से बाबा मंदिर लाकर रात 11.30 बजे श्री कृष्ण एवं बाबा बैद्यनाथ के शिवलिंग को स्पर्श कराते हुए हरिहर का मिलान कराया गया। मान्यता है कि भगवान विष्णु के द्वारा ही बाबा बैद्यनाथ को यहां पर फाल्गुन पूर्णिमा के दिन स्थापित किया गया था।

# झारखंड पुलिस ने पीएलएफआई नेता दुर्गा सिंह को किया गिरफ्तार

## 18 मामलों में था वांटेड, हथियार बरामद

गुमला, 14 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड पुलिस ने कुख्यात माओवादी नेता दुर्गा सिंह उर्फ पंजारी सिंह को धर दबोचा है। दुर्गा सिंह पीएलएफआई का केंद्रीय समिति सदस्य है और 18 मामलों में वांछित था। उसके साथ दो अन्य माओवादी, कलेश्वर हजाम और रामकुमार सिंह भी गिरफ्तार हुए हैं। यह गिरफ्तारी गुमला जिले के मुरुमकेला तेतरटोली गांव में हुई। पुलिस ने उसके पास से हथियार भी बरामद किए हैं, जिनमें एक डबल बैरल राइफल, एक देसी रिवॉल्वर और आठ कारतूस शामिल हैं।

बता दें कि दुर्गा सिंह उर्फ पंजारी सिंह पीएलएफआई का एक प्रमुख नेता है। वह पीएलएफआई के संस्थापक सदस्यों में से एक है। पुलिस के अनुसार, दिनेश गोप के



जेल जाने के बाद दुर्गा सिंह संगठन में दूसरे नंबर का कमांडर बन गया था। वह संगठन की गतिविधियों को निर्देशित कर रहा था। गुमला के एसपी शंभू कुमार सिंह ने बताया कि दुर्गा सिंह पर 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। पुलिस को सूचना मिली थी कि दुर्गा सिंह अपने साथियों के साथ मिलकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने जाल बिछाया।

एसपी शंभू कुमार सिंह ने बताया कि हमें खुफिया जानकारी मिली थी कि दुर्गा पीएलएफआई के कई साथियों के साथ इलाके में किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था। इस जानकारी के बाद पुलिस सतर्क हो गई। गुमला के एसडीपीओ के नेतृत्व में जिला पुलिस, और एसएसबी की 32वीं बटालियन की एक संयुक्त टीम बनाई गई। इस टीम को त्वरित कार्रवाई के लिए तैयार किया गया।

पुलिस टीम ने मुरुमकेला तेतरटोली गांव के पास नाकाबंदी की। बुधवार देर रात में दो बाइक पर कुछ संदिग्ध लोग आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर वे भागने लगे। एक बाइक तो भाग निकली, लेकिन दूसरी बाइक पर सवार तीन लोगों को पुलिस ने घेर लिया। पकड़े गए लोगों में दुर्गा सिंह भी शामिल था।

# बागबेड़ा सब्जी बाजार में लगी आग

## आशीर्वाद होटल के पास दुकानें जलीं, दमकल की टीम ने पाया काबू

जमशेदपुर, 14 मार्च (एजेंसियां)। जमशेदपुर के बागबेड़ा में स्थित लाल बिल्डिंग के पास आशीर्वाद होटल के समीप सब्जी बाजार में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। आग लगते ही बाजार में अफरातफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, आग की तेज लपटों के कारण उन्हें सफलता नहीं मिली। आग इतनी भयंकर थी कि आसपास की कई दुकानें भी इसकी चपेट में आ गईं। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# लव-ट्रायंगल में 16 साल के लड़के का मर्डर

## गर्लफ्रेंड ने फोनकर बुलाया, बॉयफ्रेंड ने दोस्तों संग चाकू से मारा, खेत में मिले कंकाल

रायपुर, 14 मार्च (एजेंसियां)। रायपुर में लव ट्रायंगल में 4 लोगों ने मिलकर 16 साल के लड़के को मार डाला। युवती ने नाबालिग को फोनकर बुलाया, फिर उसका बॉयफ्रेंड नाबालिग को बाइक पर बैठाकर सुनसान जगह पर ले गया, जहां अपने दोस्तों के साथ मिलकर चाकू से हमला कर दिया। मामला आरंग थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम धनेन्द्र साहू है। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को सुनसान खेत के बीच झाड़ियों में फेंक दिया था। समय बीतने के साथ शव कंकाल में बदल गया। पुलिस ने कंकाल को झाड़ियों से बरामद किया है।

दरअसल, 23 फरवरी को धनेन्द्र साहू अपनी बहन के साथ बस में बैठकर जा रहा था। बस लखोली बस स्टैंड ओवरब्रिज के पास पहुंची, तो धनेन्द्र बस से अकेले उतर गया था। धनेंद्र ने अपनी बहन से कहा था कि तुम घर जाओ, मैं कुछ देर बाद आऊंगा, मुझे कुछ काम है।

हालांकि, वह घर नहीं लौटा तो चिंतित परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद अनुसुइया साहू ने आरंग थाने में अपने बेटे धनेंद्र साहू की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। गुमशुदगी की शिकायत के बाद पुलिस लगातार धनेंद्र की तलाश कर रही थी। इस दौरान, 5 मार्च को आरंग के कोसमखुंटा गांव के पास भैसासुर खार इलाके में पुलिस को एक नर कंकाल बरामद हुआ। पुलिस ने कंकाल के पास मिले सामानों की पहचान धनेंद्र के परिजनों से कराई।

इस दौरान धनेंद्र के परिजनों ने कपड़े और जूतों के आधार पर पहचान की। इसके बाद पुलिस ने धनेंद्र के कॉल डिटेल निकाले और दोस्तों से पूछताछ की। इस दौरान पुलिस को सागर सिन्हा नाम के एक युवक पर शक हुआ। वह बार-बार अपना बयान बदल रहा था। गुमराह करने की कोशिश कर रहा था।

इसके बाद पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की, तो आखिरकार उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। सागर ने बताया कि उसने अपनी गर्लफ्रेंड टेमिन उर्फ चुनिया ध्रुव और दो अन्य साथी राहुल ध्रुव और कुलेश्वर ध्रुव के साथ मिलकर धनेंद्र की हत्या की थी।

# ई-रिक्शा चोरी पर हाईकोर्ट ने एसपी को लगाई फटकार

## अधूरा हलफनामा खारिज, चीफ जस्टिस ने कहा- जिम्मेदारी समझें अधिकारी, आईपीएस को कोर्ट में तलब किया

बिलासपुर, 14 मार्च (एजेंसियां)। बिलासपुर में ई-रिक्शा चोरी के मामले पर हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई है। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा की डिवीजन बेंच ने एसपी रजनेश के हलफनामे को खारिज करते हुए नाराजगी जाहिर की। कोर्ट ने निर्देश दिया कि अगली सुनवाई तक याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की जाएगी और एसपी को सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ नया शपथपत्र प्रस्तुत करने का आदेश दिया। दरअसल, यह पूरा मामला कोटा थाना क्षेत्र का है। 20 जनवरी को प्रतीक साहू की ई-रिक्शा चोरी हो गई, जिसके बाद उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने जांच के बाद 28 फरवरी को एक व्यक्ति के पास से ई-रिक्शा बरामद किया। व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसने यह ई-रिक्शा 20 हजार रुपए में खरीदी थी। लेकिन पुलिस ने उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की और उसे छोड़ दिया।

याचिकाकर्ता प्रतीक साहू का आरोप है कि पुलिस ने उसे थाने बुलाकर गाली-गलौज की और धमकाया। साथ ही उससे कागजात दिखाने के लिए दबाव बनाया गया। पुलिस की इस कार्रवाई के खिलाफ उसने एडवोकेट अमित कुमार के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

पिछले सुनवाई के दौरान, चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने एसपी से शपथपत्र के साथ जवाब दाखिल करने को कहा था और जांच अधिकारी को सभी संबंधित दस्तावेज पेश करने के निर्देश दिए थे।

बुधवार को इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा की डिवीजन बेंच में हुई। इस दौरान एसपी ने शपथपत्र के साथ जवाब दिया। जिसमें कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया था, जिस पर चीफ जस्टिस ने कड़ी फटकार लगाई।

चीफ जस्टिस ने कहा कि एसपी एक आईपीएस अधिकारी होने के नाते उन्हें अपनी जिम्मेदारियों को समझना चाहिए। उन्होंने शासकीय अधिवक्ता से पूछा कि, औपचारिक शपथपत्र क्यों पेश किया गया और एसपी को अदालत में भेजने की बात भी कही।

# छत्तीसगढ़ के नेताओं के 'होली किस्से'

## राजस्व मंत्री ने होलिका के लिए लकड़ी चुराई, डिप्टी सीएम घंटों तालाब में नहाते, महंत बोले-हम तो शुरू से बदमाश

रायपुर, 14 मार्च (एजेंसियां)। होली में आम से लेकर खास सभी मस्ती के रंग में सराबोर होते हैं। छत्तीसगढ़ के नेता और मंत्रियों के भी ऐसे ही किस्से हैं। भले ही अब वे गरिमा में बंधे गुलाल का तिलक लगाकर होली खेलते दिखते हैं, मगर एक वक्त था जब छत्तीसगढ़ के ये सियासी चेहरे होली के हुड़दंग में खूब शामिल होते थे।

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत के साथ कई मंत्रियों और नेताओं ने होली से जुड़े दिलचस्प किस्से साझा किए।

अरुण साव ने किस्से साझा करते हुए कहा कि, गांव की होली अभी बहुत याद आती है। मैं बड़े बुजुर्गों के साथ बैठकर फाग गीत गया करता था। हम नगाड़े बजाया करते थे और उसके बाद घंटों तक हम तालाब में डुबकी लगाकर नहाया करते थे। विधानसभा की होली में भी अरुण साव जबरदस्त डांस करते हुए दिखे।

राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने बताया कि, मेरा बचपन गांव में बीता है। गोबर के कंडे और किसी दूसरे के खेत से लकड़ी चुराकर लाया करते थे इसी की होलिका बनाकर हम जला दिया करते थे। इसके बाद गांव में लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर मस्ती करते हुए रंग लगाया करते थे। विधानसभा की होली में भी राजस्व मंत्री ने जब गाना शुरू किया तो मंच पर वन मंत्री केदार कश्यप और विधायक अजय चंद्राकर डांस करने लगे। नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने भी पुराने दिनों की होली की याद ताजा की। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि, हम तो शुरू



से ही बदमाश थे। बड़ी सी टंकी में पानी भरते थे और उसमें दोस्तों को डुबकी लगाकर होली खेलते थे। विधायक अनुज शर्मा और छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल लोगों पर पानी नहीं डालते थे बल्कि पानी में लोगों को डाल दिया करते थे। विधायक अनुज शर्मा ने बताया कि कॉलेज के दिनों में हम लोगों को पकड़ कर लाते थे और उन्हें रंगों से भरे ड्रम में डूबा दिया करते थे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी बताया कि, गांव में बनने वाले पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ होली के दिन लेना कभी नहीं छोड़ते। हाल ही में छत्तीसगढ़ की विधानसभा में खेली गई विधायकों की होली में भी विधायक और मंत्रियों का मस्ती भरा अंदाज देखने को मिला। एक दूसरे के प्रतिद्वंदी माने जाने वाले नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत और मुख्यमंत्री विष्णु देव हाथ उठाकर साथ में डांस कर रहे थे और इन्हें डांस करवा रहे थे डॉक्टर रमन सिंह। अजय चंद्राकर ने कहा कि होली में मैं पहले भी मस्ती किया करता था और अब भी करता हूं। विधानसभा में खेली गई होली के दौरान अजय चंद्राकर का जुदा अंदाज भी देखने को मिला। कभी वह मुख्यमंत्री साय के पास जाकर ठुमका लगाते थे तो कभी रामविचार नेताम को ठुमकते हुए गुजिया खिलाने लगते। फिर, फाग गीतों को सुनकर स्टेज पर चढ़ जाया करते और दिल खोलकर डांस करते दिखाई दिए।


# पुतिन का सीजफायर की कोशिशों के लिए ट्रम्प-मोदी को धन्यवाद

## कहा– सीजफायर प्रस्ताव से सहमत लेकिन इससे जंग की वजह खत्म हो

मॉस्को, 14 मार्च (एजेंसियां)। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन से सीजफायर की बातचीत पर गुरुवार को पहली बार अपनी प्रतिक्रिया दी। एक सवाल के जवाब में पुतिन ने कहा कि रूस सीजफायर के प्रस्तावों से सहमत है, लेकिन इससे लॉन्गटर्म में शांति और जंग की मूल वजहों का समाधान होना चाहिए।

पुतिन ने जवाब देने से पहले सीजफायर पर चर्चा के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को धन्यवाद दिया। उन्होंने जंग के मुद्दे पर ध्यान देने के लिए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत दुनिया के कई नेताओं का आभार भी जताया।

पुतिन ने कहा कि यूक्रेन ने अमेरिका के दबाव में सीजफायर पर सहमति जताई है, जबकि मौजूदा हालात को देखते हुए उसे खुद ही अमेरिका से इस प्रस्ताव की मांग करनी चाहिए थी। जंग में सीजफायर को लेकर मंगलवार को सऊदी अरब में अमेरिका और यूक्रेन के प्रतिनिधियों की बैठक हुई थी। इस बैठक में यूक्रेन ने 30 दिन के सीजफायर पर सहमति जताई है। अमेरिका इस प्लान को रूस के सामने पेश करना चाहता है। हालांकि रूस ने पहले किसी भी तरह के अस्थाई सीजफायर से



इनकार किया था।

पुतिन ने कहा था किसी भी अस्थाई सीजफायर से यूक्रेन की सेना को ही फायदा होगा। जंग के मैदान में पिछड़ रही यूक्रेनी सेना को इससे अपने सैनिकों की संख्या बढ़ाने और तैयारी करने में मदद मिलेगी। रूस ने कुर्स्क के सबसे बड़े शहर पर फिर से कंट्रोल किया

रूस के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को दावा किया है कि उसकी सेना ने कुर्स्क इलाके के सबसे बड़े शहर सुद्जा पर कंट्रोल हासिल कर लिया है। राष्ट्रपति पुतिन ने बुधवार (12 मार्च) को ही मिलिट्री यूनिफॉर्म में कुर्स्क का दौरा किया था, इस दौरान उन्होंने यूक्रेनी सैनिकों को इस क्षेत्र से बाहर निकालने की बात कही थी। पुतिन बुधवार को कुर्स्क में रूसी सेना की एक कमान पोस्ट पर पहुंचे थे। उनके साथ रूस के शीर्ष सैन्य अधिकारी जनरल वालेरी गेरासिमोव भी थे। राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने पुतिन की तस्वीरें जारी की थीं।

राष्ट्रपति पुतिन ने 12 मार्च को कहा कि कुर्स्क से पकड़े गए यूक्रेनी सैनिकों के साथ रूसी कानून के तहत आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जाए और उन पर मुकदमा चलाया जाए। जनरल गेरासिमोव ने कहा कि ऑपरेशन में 400 से अधिक यूक्रेनी सैनिकों को पकड़ा गया है। पुतिन ने कहा कि भाड़े के विदेशी सैनिक जेनेवा कन्वेंशन के तहत नहीं आते हैं। रूस के खिलाफ जंग में यूक्रेन की तरफ विदेशी सैनिक भी लड़ रहे हैं। इसी महीने रूस ने कुर्स्क से यूक्रेन की तरफ से लड़ रहे 22 साल के एक ब्रिटिश लड़के को पकड़ा था। उसे आतंकवाद के आरोप में 19 साल की सजा सुनाई गई है। यूक्रेनी सेना ने अगस्त में रूस के कुर्स्क इलाके में 74 गांवों पर कब्जा कर लिया था। यूक्रेन के अचानक हमले के बाद दो लाख रूसी नागरिकों को अपने घरों से भागने पर मजबूर होना पड़ा था। यूक्रेन ने 6 अगस्त को रूस के कुर्स्क इलाके पर हमला शुरू किया था। उसने 13 अगस्त तक 1000 वर्ग किमी इलाके पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद रूस ने पलटवार करते हुए कुर्स्क में यूक्रेन से 40% इलाका वापस छीनकर यहां 59 हजार सैनिक तैनात कर दिए।

रूस युद्ध शुरू होने के बाद से यूक्रेन के लगभग 20% हिस्सा पर कब्जा कर चुका है। राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन के चार पूर्वी प्रांत डोनेट्स्क, लुहांस्क, जापोरिज्जिया और खेरसॉन को रूस में शामिल कर चुके हैं। जबकि रूस के कुर्स्क इलाके में दोनों सेनाओं में संघर्ष जारी है।

# विमान में आग लगी तो विंग पर चढ़े लोग

अमेरिका की घटना, 172 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार थे, सभी को बचाया




डेनवर, 14 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका के डेनवर में गुरुवार को अमेरिकन एयरलाइंस के एक विमान के इंजन में आग लग गई। विमान डेनवर के एयरपोर्ट पर खड़ा था। आग लगने से विमान में धुआं भर गया, जिससे यात्रियों को विमान के विंग पर उतरना पड़ा। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट 1006 में 172 यात्री सवार थे। एयरलाइन के मुताबिक यात्रियों और 6 क्रू मेंबर्स को गेट पर ही बाहर निकाल लिया गया। विमान ने कोलोराडो स्प्रिंग्स से डलास-फोर्ट वर्थ के लिए उड़ान भरी थी। इसे बीच में डेनवर एयरपोर्ट पर लैंड किया गया था। अमेरिकन एयरलाइंस का ये विमान बोइंग 737-800 है। एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया कि हादसे में किसी भी यात्री को नुकसान नहीं पहुंचा है। एयरलाइन ने आग पर जल्द काबू पाने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी का धन्यवाद किया।

# आर्मेनिया-अजरबैजान में आएगी शांति

## 40 साल पुरानी जंग खत्म करने को तैयार हुए कट्टर दुश्मन, भारत से है एक का गहरा रिश्ता

येरेवन, 14 मार्च (एजेंसियां)। दक्षिणी काकेशस के दो देश आर्मेनिया और अजरबैजान अपनी चार दशक पुरानी दुश्मनी को खत्म करने के लिए एक शांति समझौते पर सहमत हो गए हैं। आर्मेनियाई और अजरबैजानी अधिकारियों ने गुरुवार को अलग-अलग बयानों में संघर्ष को समाप्त करने के लिए समझौते के पाठ पर सहमति जताई है। सोवियत संघ का हिस्सा रहे दोनों देश 1980 के दशक के उत्तरार्द्ध से एक दूसरे के साथ कई युद्ध लड़ चुके हैं। साल 2023 में दोनों पक्षों के बीच शुरू हुए हिंसक संघर्ष के बाद बदली परिस्थितियों में यह शांति समझौता एक नई उम्मीद जगाता है।

आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच दुश्मनी की शुरुआत 80 के दशक के आखिर में हुई थी, जब अजरबैजानी क्षेत्र नागोर्नो-कराबाख आर्मेनिया के समर्थन से बाकू से अलग हो गया था। इस क्षेत्र में ज्यादातार जातीय-आर्मेनियाई आबादी थी। आर्मेनिया के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उसकी ओर से अजरबैजान के साथ शांति समझौते के मसौदे को अंतिम रूप



दिया गया है। आर्मेनियाई विदेश मंत्रालय ने कहा, 'शांति समझौता हस्ताक्षर के लिए तैयार है। आर्मेनिया गणराज्य समझौते पर हस्ताक्षर करने की तारीख और स्थान पर अजरबैजान के साथ परामर्श शुरू करने के लिए तैयार है।' अजरबैजान के विदेश मंत्रालय ने भी बयान जारी किया है, जिसमें कहा गया कि 'हम संतोष के साथ देखते हैं कि अजरबैजान और आर्मेनिया के बीच शांति और अंतरराज्यीय संबंधों की स्थापना पर मसौदा समझौते के पाठ पर बातचीत समाप्त हो गई है।'

हालांकि, समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने की टाइमलाइन के बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता है। इसकी वजह अजरबैजान की शर्त है, जिसमें आर्मेनिया के संविधान में बदलाव की मांग की गई है, जिसके बारे में बाकू का कहना है कि यह उसके क्षेत्र पर दावा करता है।

आर्मेनिया ऐसे दावों से इनकार करता है, लेकिन प्रधानमंत्री निकोल पेशिनयान ने हाल के महीनों में बार-बार कहा है कि देश के संस्थापक दस्तावेज को बदलने की जरूरत है। उन्होंने इसके लिए जनमत संग्रह का आह्वान किया है, लेकिन इसकी कोई तिथि निर्धारित नहीं की गई है। 1980 के दशक के उत्तरार्द्ध में दोनों देशों की दुश्मनी के चलते आर्मेनिया से हजारों मुस्लिम अजेरी और अजरबैजान से ईसाई आर्मेनियाई लोगों को सामूहिक रूप से निष्कासित होना पड़ा था।

# सांसदों को उपहार बांटने पर घिरे जापानी पीएम शिगेरु इशिबा

## विपक्षी दलों ने लगाया कानून तोड़ने का आरोप

टोक्यो, 14 मार्च (एजेंसियां)। 15 सांसदों को उपहार बांटने पर जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा घिर गए हैं। इशिबा के इस कदम पर जापान की सत्तारूढ़ एलडीपी पार्टी और विपक्षी नेताओं ने राजनीतिक फंडिंग कानून तोड़ने का आरोप लगाया है। हालांकि इशिबा ने कानून तोड़ने से इनकार किया है और कहा है कि वह इस्तीफा नहीं देंगे। इस मामले ने सत्ता पर इशिबा की पकड़ को और कमजोर कर दिया है।

विपक्षी सांसदों और उनकी अपनी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रतिद्वंद्वियों ने कहा है कि उपहार अत्यधिक थे। इससे साफ है कि इशिबा सांसदों के संपर्क से बाहर थे। जापानी मीडिया ने इस सप्ताह की शुरुआत में बताया था कि इशिबा के सहयोगी ने प्रधानमंत्री के साथ निजी रात्रिभोज से पहले 15 सांसदों के कार्यालयों में



100,000 येन ($670) मूल्य के उपहार प्रमाण पत्र वितरित किए।

पीएम इशिबा ने गुरुवार रात को उपहार प्रमाण पत्र को स्मारिका के रूप में और उनके काम की सराहना में देने की बात स्वीकार की। उन्होंने चिंता और नाराजगी पैदा करने के लिए माफी मांगी, लेकिन कहा कि वाउचर उनकी राजनीतिक गतिविधि के लिए दान के रूप में नहीं थे और प्राप्तकर्ताओं में से कोई भी उनके चुनावी जिले में नहीं रहता है। उपहार प्रमाण पत्र का उपयोग जापान में डिपार्टमेंट स्टोर पर खरीदारी के लिए किया जा सकता है। एक संसदीय सत्र में जब विपक्षी सांसदों ने वाउचर को लेकर उनसे पूछताछ की, तो इशिबा ने बार-बार कहा कि उपहार ने राजनीतिक निधि कानून या सार्वजनिक चुनाव कानून का उल्लंघन नहीं किया है।

जापानी पीएम शिगेरु इशिबा एक अल्पमत सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। क्योंकि उनकी एलडीपी और उनके कनिष्ठ गठबंधन सहयोगी कोमिटो अक्तूबर में निचले सदन में चुनाव हार गए थे। प्रधानमंत्री इशिबा पहले ही अपने बजट को स्वीकृत करवाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और प्रतिद्वंद्वी उन्हें हटाने के लिए मौके तलाश रहे हैं।

एलडीपी के सबसे रूढ़िवादी सदस्यों द्वारा इशिबा को इस्तीफा देने के लिए मजबूर करने का प्रयास इस गर्मी में होने वाले प्रमुख चुनावों से पहले हो रहा है।

# म्यांमार में खाद्य मदद में कटौती करेगा संयुक्त राष्ट्र खाद्य कार्यक्रम

प्रभावित होंगे 10 लाख लोग

बैंकॉक, 14 मार्च (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि म्यांमार में 10 लाख से अधिक लोगों को वित्तीय संकट के कारण खाद्य मदद मिलना बंद हो जाएगी। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने एक बयान में बताया कि म्यांमार में वितरित की जा रही राशन अप्रैल में बंद हो जाएगी। देश में सैन्य सरकार और सशस्त्र विद्रोही समूहों के बीच भीषण संघर्ष के कारण एक गंभीर मानवीय संकट पैदा हो गया है। डब्ल्यूएफपी ने कहा कि म्यांमारा में खाद्य मदद जारी रखने के लिए उसे करीब 492 करोड़ रुपये (60 मिलियन डॉलर) की जरूरत है और उसने अपने साझेदारों से अतिरिक्त धन जुटाने की अपील की है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विदेशी मदद पर नब्बे दिनों की रोक लगाई है, जिससे म्यांमार में शरणार्थियों को मिलने वाली सेवाओं में कमी आ गई।

# पाकिस्तान अपनी नाकामी का दोष दूसरों पर मढ़ रहा

## दुनिया जानती है आतंक का केंद्र कहां, ट्रेन हाइजैक करने के आरोपों पर भारत का जवाब

नई दिल्ली, 14 मार्च (एजेंसियां)। बलूचिस्तान में ट्रेन हाईजैक में हाथ होने के पाकिस्तान के आरोपों को भारत ने खारिज कर दिया है। पाकिस्तान ने गुरुवार ट्रेन हाईजैक के पीछे भारत का हाथ होने का आरोप लगाया था। विदेश मंत्रालय ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि दुनिया जानती है कि आतंकवाद का केंद्र कहां है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा- हम पाकिस्तान के किसी भी आरोप का खंडन करते हैं। पूरी दुनिया जानती है कि पाकिस्तान ग्लोबल टेररिज्म का केंद्र है। पाकिस्तान अपनी अंदरूनी समस्याओं और नाकामियों के लिए दूसरों को जिम्मेदार ठहराता रहता है। इससे बेहतर होगा कि वह खुद को देखे।

बलूच लड़ाकों ने गुरुवार को हाईजैक ट्रेन छुड़ाने पर पाकिस्तानी सेना के दावे को झूठा करार दिया। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने कहा कि अभी भी बलूचिस्तान के सिबि इलाके में लड़ाई जारी है।

बीएलए ने बताया कि पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान हुआ है। सेना अपनी हार और नाकामी को छिपाने के लिए लगातार झूठे दावे कर रही है। बलूच आर्मी ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि अगर वाकई पाकिस्तानी सेना ने बंधकों को रिहा करवा लिया है तो वो उन बंधकों की तस्वीर क्यों नहीं जारी कर रही है। दरअसल, हमने युद्ध नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत बुजुर्ग, बच्चों और महिलाओं को छोड़ा था। इसे पाकिस्तान सरकार अपना अचीवमेंट बता रही है। बुधवार रात 9:30 बजे पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने ट्रेन हाईजैक संकट खत्म होने का दावा किया। उन्होंने कहा था कि 33 बलूच लड़ाकों को मार गिराया है। इस ऑपरेशन में कुछ बंधक भी मारे गए हैं। उधर, पाकिस्तानी फॉरेन ऑफिस का दावा है कि बलूच लड़ाके हाईजैक के दौरान अफगानिस्तान में मौजूद अपने सरगनाओं के संपर्क में थे, उन्हें वहां से ऑर्डर मिल रहे थे। हालांकि, अफगान सरकार ने इस दावे को नकार दिया है। बलूच लड़ाकों की कैद से छूटे एक बंधक का दावा है कि उसने 50-60 पाकिस्तानी सैनिकों के शव देखें हैं। जबकि पाकिस्तानी सेना का दावा है कि उसके कुल 28 सैनिक मारे गए हैं, जिनमें से 27 ऑफ ड्यूटी थे, जबकि एक की मौत ऑपरेशन के दौरान हुई। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ आज बलूच लड़ाकों की कैद से छूटे लोगों से मिलने क्वेटा पहुंचे। इसके बाद उन्होंने मीडिया से कहा कि जब तक बलूचिस्तान और खैबर के इलाके में आतंकवाद रहेगा देश तरक्की नहीं कर सकता है।

उन्होंने ट्रेन हाईजैक जैसी घटनाओं को रोकने के लिए साथ मिलकर काम करने की अपील की। पीएम शरीफ ने कहा कि ट्रेन पर हमला करने वालों ने रमजान के पवित्र महीने की भी परवाह नहीं की। जाफर एक्सप्रेस मंगलवार सुबह 9 बजे क्वेटा से पेशावर के लिए चली थी। इसके सिबि पहुंचने का टाइम 1.30 बजे था। इससे पहले ही दोपहर करीब 1 बजे बलूचिस्तान के बोलान जिले के माशकाफ इलाके में बलूच लिबरेशन आर्मी ने गुडालार और पीरू कुनरी के बीच इस हमले को अंजाम दिया। यह पहाड़ी इलाका है, जहां 17 सुरंगें हैं, इसके चलते ट्रेन को धीमी स्पीड पर चलाना पड़ता है। इसका फायदा उठाकर बीएलए ने ट्रेन पर हमला किया।

सबसे पहले बलूच आर्मी ने माशकाफ में टनल नंबर-8 में रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया। इससे जाफर एक्सप्रेस डिरेल हो गई। इसके बाद बीएलए ने फायरिंग शुरू कर दी।

# चीनी कर्ज से कंगाल होने जा रहा भारत का पड़ोसी मालदीव

## खजाना खाली, खाने के पड़ेंगे लाले

माले, 14 मार्च (एजेंसियां)। भारत का दक्षिणी पड़ोसी देश मालदीव गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। इसका प्रमुख कारण मालदीव पर चीनी कर्ज है। इससे मालदीव की आर्थिक संप्रभुता को खतरा पैदा हो गया है। मालदीव का विदेशी मुद्रा भंडार खतरनाक स्तर तक गिर गया है। इससे आशंका जताई जा रही है कि वह कर्ज की किश्त चुकाने में नाकाम हो सकता है। इससे मालदीव के डिफॉल्ट होने का खतरा पैदा हो गया है। मालदीव के वर्तमान राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन के करीबी हैं। उनके शासनकाल में मालदीव, चीन के और ज्यादा करीब आया है। इससे पहले तक मालदीव परंपरागत रूप से भारत का करीबी समझा जाता था। मानवाधिकार अधिवक्ता और स्वतंत्र पत्रकार दिमित्रा स्टाइकौ द्वारा मीडियम पर लिखे गए एक लेख के अनुसार, चीन की उधार देने की प्रथाओं और व्यापार नीतियों ने द्वीप राष्ट्र की वित्तीय गिरावट को काफी हद तक बढ़ा दिया है। उन्होंने लिखा, ऋण समस्या का पैमाना चौंका देने वाला है। मालदीव का कुल ऋण स्टॉक 2018 में 3 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर मार्च 2024 तक 8.2 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया है, अनुमान है कि 2029 तक यह 11 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक हो जाएगा। वर्तमान ऋण में से, 3.4 बिलियन अमरीकी डॉलर बाहरी है, जिसमें चीन और भारत प्राथमिक ऋणदाता हैं। मालदीव के लिए वर्तमान कर्ज संकट बहुत बड़ा है।

मालदीव को 2025 में 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर और 20226 में 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का बाहरी कर्ज चुकाना है। मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण द्वारा रखे जाने योग्य विदेशी मुद्रा भंडार दिसंबर 2024 तक 65 मिलियन अमरीकी डॉलर से कम था।

# पृथ्वी पर जल्द होगी सुनीता विलियम्स और विल्मोर की वापसी

## 19 मार्च को अंतरिक्ष स्टेशन से होगी रवानगी

वॉशिंगटन, 14 मार्च (एजेंसियां)। नौ महीने से अंतरिक्ष में फंसी भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बैरी विल्मोर की पृथ्वी पर वापसी अब जल्द होने की उम्मीद है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा है कि दोनों अंतरिक्ष यात्री 19 मार्च से पहले अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से रवाना हो जाएंगे। नासा-स्पेसएक्स क्रू-10 को अब 14 मार्च को शाम 7.03 बजे से पहले लॉन्च कर देगा। अगर यह लॉन्च सफल रहता है तो सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर की धरती पर वापसी हो सकेगी।

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से वापसी गुरुवार को टल गई थी। नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च होने से करीब एक घंटे पहले क्रू-10 मिशन को एक बार फिर टाल दिया गया था। बताया गया कि स्पेसएक्स के फैल्कन 9 रॉकेट में ग्राउंड सपोर्ट क्लैंप आर्म के साथ हाइड्रॉलिक



सिस्टम समस्या के कारण लॉन्चिंग को रद्द कर दिया गया था।

### सुनीता विलियम्स को किस मिशन पर भेजा गया था?

5 जून 2024 को नासा का बोइंग क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन लॉन्च किया गया था। इस मिशन के तहत नासा ने अपने दो अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बैरी बुच विल्मोर को आठ दिन की यात्रा पर भेजा। दोनों को स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान के जरिए मिशन पर भेजा गया था। यह अंतरिक्ष यात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान की पहली उड़ान थी।

जिस मिशन पर सुनीता और बैरी हैं वो नासा के व्यावसायिक क्रू कार्यक्रम का हिस्सा है। दरअसल, नासा का लक्ष्य है कि वह अमेरिका के निजी उद्योग के साथ साझेदारी में अमेरिका से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक सुरक्षित, विश्वसनीय और कम लागत के मानव मिशन भेजे। इसी उद्देश्य से यह टेस्ट मिशन लॉन्च किया गया था। इस मिशन का लक्ष्य अंतरिक्ष स्टेशन पर छह महीने के रोटेशनल मिशन (बारी-बारी से मिशन) को अंजाम देने की स्टारलाइनर की क्षमता को दिखाना था। लंबी अवधि की उड़ानों से पहले तैयारी को परखने और जरूरी परफॉर्मेंस डेटा जुटाने के लिए क्रू उड़ान परीक्षण को बनाया गया था।

क्रू-10 मिशन के तहत नासा के कुल चार अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) भेजे जा रहे हैं।

# भारत-बांग्लादेश की नौसेनाओं का बंगाल की खाड़ी में साझा अभ्यास

## तनावपूर्ण संबंधों के बीच हुई एक्सरसाइज क्यों है खास

ढाका, 14 मार्च (एजेंसियां)। भारत और बांग्लादेश की नेवी ने बंगाल की खाड़ी में साझा अभ्यास और गश्त किया है। इस हफ्ते हुई ज्वाइंट एक्सरसाइज का मकसद दोनों देशों की नौसेनाओं को समुद्री संचालन के लिए एक-दूसरे के साथ तालमेल बनाने और जानकारी साझा करने के अवसर देना है। 'बोंगोसागर 2025' नाम के इस अभ्यास में भारतीय नौसेना की ओर से आईएनएस रणवीर और बांग्लादेशी नेवी की ओर से बीएनएस अबू उबैदा ने भाग लिया है। भारत और बांग्लादेश की नेवी बंगाल की खाड़ी में 2019 से बोंगोसागर के तहत संयुक्त गश्त करती रही हैं लेकिन मौजूदा अभ्यास दोनों देशों के बीच राजनयिक रिश्तों में तनाव के बीच हुआ है। भारतीय नौसेना ने अभ्यास पर अपने बयान में कहा कि दोनों नौसेनाओं के बीच नौसैनिक अभियानों से बढ़ा तालमेल क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता की दिशा में वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने की साझा प्रतिबद्धता दिखाता है। इस अभ्यास में कई तरह के ऑपरेशन शामिल थे। जैसे- सतह से फायरिंग, युद्धाभ्यास, चलते जहाज पर रसद पहुंचाना और क्रॉस-बोर्डिंग। इस तरह यह अभ्यास नौसैनिक अभियानों के एक व्यापक क्षेत्र को कवर करता है।

इस अभ्यास में संचार एक्सरसाइज भी शामिल थी, जिसने सेना की तैयारी का परीक्षण किया। पेशेवर विषयों पर ऑपरेशनल टीमों और कनिष्ठ अधिकारियों को अपने समुद्री ज्ञान को बढ़ाने का मौका भी दिया। एक्सपर्ट भारत और बांग्लादेश की नौसेनाओं के बीच पड़ोसी होने के नाते गहरे संबंधों पर जोर देते रहे हैं।

# कराची में टेकऑफ के समय विमान का एक पहिया निकलकर गिरा

## बिना पहिये के ही लाहौर में लैंड

लाहौर, 14 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) के एक घरेलू विमान की लाहौर हवाई अड्डे पर लैंडिंग के दौरान एक पहिया गायब होने का मामला सामने आया है। यह घटना गुरुवार सुबह की है, जब पीआईए की उड़ान पीके-306, जो कराची से लाहौर के लिए जा रही थी, हवाई अड्डे पर उतरते वक्त एक पिछला पहिया गायब पाया गया। मामले में अधिकारियों ने बताया कि इस घटना के कारण कोई गंभीर दुर्घटना नहीं हुई और सभी यात्री सुरक्षित रूप से विमान से बाहर निकल गए। हालांकि, यह एक गंभीर घटना थी, क्योंकि विमान का पिछला पहिया लैंडिंग के दौरान गायब हो गया था। विमान के कैप्टन द्वारा किए गए निरीक्षण में यह खुलासा हुआ कि मुख्य लैंडिंग गियर (पीछे) के छह पहियों में से एक पहिया गायब था। विमान के उतरने के बाद पीआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि विमान ने निर्धारित समय पर और बिना किसी घटना के लैंडिंग की। सभी यात्री नियमित रूप से विमान से उतरे और उन्हें किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि विमान का डिज़ाइन इस तरह से किया गया है कि ऐसी आकस्मिक परिस्थितियों में भी कोई जोखिम नहीं होता। इसके अलावा, पीआईए के अधिकारियों ने यह भी बताया कि इस मामले को उड़ान सुरक्षा टीम और लाहौर हवाई अड्डे की टीम द्वारा उठाया गया है और इसकी जांच की जा रही है।

घटना की खबर सामने आ ने के बाद अब, जांच दल यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि क्या यह पहिया लाहौर में उतरने के बाद गायब हुआ था या यह पहले से ही कराची से उड़ान भरने के दौरान गायब हो चुका था। कराची हवाई अड्डे पर पहिये के कुछ टुकड़े पाए गए हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि यह पहिया शायद उड़ान भरने से पहले ही खराब स्थिति में था।

# मोहम्मद यूनुस नायक नहीं महाठग

## बांग्लादेश के राजदूत की सनसनीखेज पोस्ट, अपनी ही सरकार पर गंभीर आरोप

ढाका, 14 मार्च (एजेंसियां)। मोरक्को में बांग्लादेश के राजदूत हारुन अल रशीद ने कहा है कि उनके देश के हालात बदतर होते जा रहे हैं। हारुन अल रशीद ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के हेड मुहम्मद यूनुस पर देश में अराजकता फैलाने, सेक्युलर ढांचा तोड़ने, कट्टरपंथियों का समर्थन करने और और शेख हसीना सरकार गिराने की साजिश रचने जैसे कई गंभीर आरोप लगाए हैं। रशीद ने कहा है कि बांग्लादेश में मानवाधिकारों का हनन हो रहा है और देश हर दिन गर्त में जा रहा है लेकिन दुनिया सबकुछ देखकर भी चुप है। उन्होंने पश्चिमी देशों से यूनुस के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील भी की है।

हारुन अल रशीद ने फेसबुक पर एक लंबा पोस्ट किया है। अपने पोस्ट में उन्होंने दावा किया है कि बांग्लादेश पूरी तरह आतंक और अराजकता की गिरफ्त में है। रशीद का आरोप है कि यूनुस के शासन में मीडिया को दबा दिया गया है और अत्याचार की खबरें सामने नहीं आ रही हैं। इससे कट्टरपंथियों को खुली छूट मिल गई है। यूनुस की देखरेख में कट्टरपंथी बांग्लादेश की धर्मनिरपेक्ष और सांस्कृतिक पहचान को मिटा रहे है। ये लोग ना केवल संग्रहालयों, मूर्तियों और सांस्कृतिक प्रतीकों को नष्ट कर रहे हैं, बल्कि सैकड़ों सूफी दरगाहों और हिंदू मंदिरों को भी इन लोगों ने ध्वस्त कर दिया है।

हारुन का कहना है कि यूनुस के शासन में महिलाओं पर सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहे हैं। अल्पसंख्यक और धर्मनिरपेक्ष लोग डर में जी रहे हैं। हिजब-उत-तहरीर, इस्लामिक स्टेट और अल कायदा जैसे संगठन खुलेआम इस्लामी शासन की मांग कर रहे हैं। रशीद का दावा है कि जुलाई में हसीना की सरकार गिराने के समय से ही ये लोग देश के तानेबाने को कमजोर कर रहे हैं।



# भिवाड़ी डेवलपमेंट अथॉरिटी बनने से विकास में आएगी तेजी

## केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव बोले- जयपुर की तर्ज पर होगा विकास



विकास- भूपेंद्र यादव

अलवर, 14 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने भिवाड़ी के बाबा मोहनराम मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने बाबा मोहनराम के मंदिर में माथा टेककर क्षेत्र में सुख-शांति, अमन-चैन बनाए रखने की कामना की। साथ ही बाबा मोहनराम मंदिर के तीन दिवसीय मेले का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को 600 करोड़ का प्रस्ताव दिया है। उस प्रस्ताव में भिवाड़ी डेवलपमेंट अथॉरिटी बनाए जाने के बाद विकास में और तेजी आएगी। यहां का विकास जयपुर की तर्ज पर हो सकेगा।

**जिस तेजी से बढ़ रहा वैसे हो**

केन्द्रीय मंत्री यादव ने कहा कि भिवाड़ी जिस तेजी से बढ़ रहा है। यहां कूड़े-कचरे के निस्तारण, कम से कम एक स्टेडियम, कम्युनिटी सेंटर और अस्पताल का विकास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंत्री रहते मैंने नीमराणा में 5 एकड़ का हॉस्पिटल बनवाया।

गर्मी में पानी को लेकर कलेक्टर को किया निर्देशित

भूपेंद्र यादव ने पानी किल्लत को लेकर जिला कलेक्टर को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बार गर्मियों में जिले में पानी की किल्लत ना हो, सप्लाई के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। मंत्री ने कहा कि लंबे समय से सिलीसेढ़ से पानी लाने मामला अटका हुआ था। जिसे कल वन्य जीव बोर्ड ने इसकी स्वीकृति दे दी है। अब सिलीसेढ़ से 24 नलकूप के द्वारा पाइपलाइन से अलवर में 12 एमएलडी पानी लाया जाएगा।

# पुष्कर में अंतरराष्ट्रीय होली फेस्टिवल: ढोल की थाप पर झूमे देसी-विदेशी सैलानी



अजमेर, 14 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान के अजमेर जिले की धार्मिक नगरी पुष्कर में हर साल होली का त्योहार बेहद खास अंदाज में मनाया जाता है। इस बार भी पुष्कर की होली को देखने और खेलने के लिए देश-विदेश से हजारों पर्यटक पहुंचे। गुलाल, संगीत और ढोल की थाप पर झूमते सैलानियों ने इस ऐतिहासिक पर्व को उत्साह के साथ मनाया। पुष्कर की होली अपनी रंगीन और जीवंत परंपराओं के कारण दुनियाभर में मशहूर हो चुकी है और यही कारण है कि विदेशी सैलानी भी इसे देखने और अनुभव करने के लिए यहां विशेष रूप से आते हैं।

हर साल की तरह इस बार भी पुष्कर के वराह चौक पर ₹ला बेला होली यूथ मंडल₹ द्वारा भव्य आयोजन किया गया। चौक पर हजारों की संख्या में एकत्रित देसी-विदेशी पर्यटकों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज और रंगों की बौछार के बीच सभी ने मिलकर नाच-गाने का भरपूर आनंद उठाया। सफेद कपड़ों में रंगों से सराबोर विदेशी सैलानियों का उत्साह देखते ही बनता था। अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, इटली, ऑस्ट्रेलिया और अन्य देशों से आए पर्यटकों ने बताया कि वे विशेष रूप से पुष्कर की होली का अनुभव करने के लिए भारत आए हैं। उनका कहना था कि उन्होंने विभिन्न देशों में होली के बारे में सुना था, लेकिन भारतीय संस्कृति और खासतौर पर पुष्कर की होली का अनुभव अद्भुत और अविस्मरणीय है। वराह चौक के अलावा, पुष्कर के मेला मैदान में भी भव्य होली उत्सव का आयोजन किया गया। यहां डीजे की धुनों पर हजारों लोगों ने झूमकर होली खेली। स्थानीय लोगों के साथ विदेशी सैलानी भी होली के रंगों में सराबोर होकर नाचते-गाते नजर आए। पुष्कर की सड़कों पर चारों ओर पानी, रंगों की बौछार, गुलाल से भरी हुई हवाएं और ढोल-नगाड़ों की थाप हर किसी को मंत्रमुग्ध कर रही थी। इस आयोजन में राजस्थान सरकार के जल संसाधन मंत्री भी शामिल हुए। उन्होंने लोगों के साथ होली खेली और सभी को शुभकामनाएं दीं। मंत्री ने कहा कि पुष्कर की होली न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश और दुनिया में प्रसिद्ध हो चुकी है। इसे देखने के लिए हर साल हजारों पर्यटक आते हैं, जिससे स्थानीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता है।

विदेशी सैलानियों ने इस रंगीन और पारंपरिक उत्सव का भरपूर आनंद उठाया। कई विदेशी पर्यटकों ने कहा कि वे पहले भी भारत आ चुके हैं, लेकिन पुष्कर की होली का अनुभव अनूठा है। यहां की ऊर्जा, संगीत और रंगों की बौछार उन्हें दुनिया के किसी भी अन्य उत्सव से अलग लगती है। ब्रिटेन से आई एक पर्यटक लूसी ने बताया कि भारत में होली का अनुभव करना उनके जीवन की सबसे यादगार घटनाओं में से एक है। उन्होंने कहा, ₹हमने सुना था कि पुष्कर की होली सबसे खास होती है, और आज यहां आकर यह सच साबित हुआ। यहां के लोग बहुत मिलनसार हैं और हमें पूरी तरह से अपनापन महसूस हुआ। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया से आए जैक ने कहा कि उन्होंने पहली बार भारतीय ढोल की धुन पर डांस किया और यह अनुभव उनके लिए बेहद रोमांचक रहा। उन्होंने बताया, हम यहां केवल होली खेलने के लिए आए थे, लेकिन हमें यहां की संस्कृति, भोजन और लोगों की गर्मजोशी ने और भी ज्यादा प्रभावित किया।

# 210 गांवों की खुल गई किस्मत, अब बीडीए में शामिल होने से बहेगी विकास की गंगा




भरतपुर, 14 मार्च (एजेंसियां)। नगरीय विकास राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि भरतपुर विकास प्राधिकरण से शहर का सुनियोजित, व्यवस्थित और योजनाबद्ध विकास को तीव्र गति मिलेगी। हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि जनसंख्या की दृष्टि से भरतपुर बड़ा शहर है। गत वर्षों में शहर और नजदीकी क्षेत्र तेजी से आवासित होता जा रहा है। इसलिए अब प्राधिकरण बनाया गया है। इससे क्षेत्र में आवासन, सामुदायिक सुविधाएं और आधारभूत संरचनाओं की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित होगी। आमजन को उच्च गुणवत्तापूर्ण लोक सेवाएं मिलेंगी।

झाबर सिंह खर्रा ने बुधवार को विधानसभा में भरतपुर विकास प्राधिकरण विधेयक 2025 पर चर्चा के बाद जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में तीव्र गति से विकास होने से रियल एस्टेट में तेजी से विनियोजन हुआ है। इसे देखते हुए बड़े शहरों में शीघ्र विकास की आवश्यकताएं महसूस हुई हैं।

नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि पूर्व में नगर विकास न्यास का क्षेत्रफल 53 राजस्व गांवों (18 हजार 960.95 हैक्टेयर भूमि) तक था। अब प्राधिकरण में भरतपुर शहर, तहसील भरतपुर, कुहेर और ररह के 210 गांवों को शामिल किया गया है। इनका क्षेत्रफल 53 हजार 205.58 हैक्टेयर है। उल्लेखनीय है कि प्राधिकरण में अध्यक्ष सहित 16 सदस्य होंगे।

खर्रा ने कहा कि मुखयमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट 2024-25 में भरतपुर विकास प्राधिकरण बनाने के लिए घोषणा की थीं। इसकी अनुपालना में अध्यादेश लाते हुए अधिसूचना जारी कर प्राधिकरण गठित किया गया है। इससे पहले खर्रा ने विधेयक को सदन में प्रस्तुत किया। सदन में विधेयक को जनमत जानने के लिए परिचालित करने के प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

# भारत-पाक बॉर्डर पर तस्करों ने ड्रोन से गिराई 8 करोड़ की हेरोइन

## श्रीगंगानगर में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर; चलाया सर्च ऑपरेशन



श्री गंगानगर, 14 मार्च (एजेंसियां)। भारत-पाक सीमा की तारबंदी के नजदीक हेरोइन का पैकेट मिलने के बाद सुरक्षा एंजेसियां अलर्ट हो गई। इसके बाद बीएसएफ एवं पुलिस प्रशासन ने इलाके में सर्च अभियान चलाया। खेत में लावारिस हालत में हेरोइन का पैकट मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां ने गहनता से जांच पडताल करनी शुरू कर दी है। खेत के आस-पास पैरों के निशान के साथ-साथ वाहनों की तलाशी अभियान चलाया गया। हेरोइन की अन्तरराष्ट्रीय बाजार में 8 करोड रुपए कीमत बताई जा रही है।

भारतीय सीमा में बुधवार रात किसी समय ड्रोन से हेरोइन का पैकेट गिराने का संदेह जताया जा रहा है। थाना प्रभारी सीर कौर ने बताया कि बीएसएफ को बुधवार रात ड्रोन की आवाज सुनाई दी। जिसके बाद सुबह सुरक्षा एजेंसियों एवं पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया। सीमा सुरक्षा बल की जी ब्रांच के अधिकारी देवीलाल और सीआईए के अधिकारी हनुमान सिंह ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बॉर्डर से करीब ढाई किलोमीटर अंदर हेरोइन का पैकेट बरामद किया गया। जिसके बाद गजसिंहपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हेरोइन का पैकेट अपने कब्जे में लिया।

ड्रोन की आवाज सुनाई देने के बाद सुबह 6 बजे सर्च अभियान शुरू किया गया। जिसके बाद जौ के खेतों में तलाशी लेने के बाद पिल्लर संख्या 333/1 एस के पास स्थित 4 एफडी चेक पोस्ट के नजदीक एक संदिग्ध पैकेट बरामद हुआ। जिसका वजन करने पर पैकेट का वजन 1 किलो 600 ग्राम था।

इलाके में आस पास के खेतों में और भी हेरोइन के पैकेट मिलने की संभावना को लेकर सुरक्षा एजेंसियों व पुलिस ने सर्च अभियान चलाया। पुलिस ने इलाके की नाकाबंदी कर वाहनों की सघन तलाशी ली गई। थानाधिकारी ने बताया कि सुरक्षा एजेसिंयों को कुछ संदिग्ध फुटप्रिंट नजर आए थे। जिसके बाद साक्ष्य एकत्रित करने के लिए मौके पर डॉग स्क्वायड टीम को भी बुलाया गया। लेकिन खेतों की तरफ जाने वाले रास्ते पर निशान अधिक होने के कारण कुछ जानकारी नहीं मिल पाई।

ग्रामीण रणदीप सिंह, अवतार सिंह मान, बलकरण सिंह ने बताया कि पाकिस्तान की ओर से नशे की खेप युवा पीढी के लिए खतरनाक साबित हो रही है। हालांकि अगर कोई संदिग्ध नजर आता है तो इसकी सूचना वे तुरन्त बीएसएफ एवं पुलिस को देते हैं। वहीं, बीएसएफ अधिकारियों ने भी ग्रामीणों और किसानों से संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की तत्काल सूचना देने का आग्रह किया है।

# होली पर बारिश के साथ गिरे ओले

## 14 से 16 तक कई जिलों में होगी बारिश!




जयपुर, 14 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान में होली के त्योहार पर मौसम में बदलाव देखने को मिला। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से राज्य के कई जिलों में बारिश का दौर शुरू हो गया, वहीं कहीं ओले भी गिरे। मौसम केंद्र के अनुसार जयपुर ग्रामीण इलाकों करौली, दौसा, धौलपुर, भरतपुर में बारिश का दौर चला। इससे दिन के तापमान में 3 से 4 डिग्री तक की गिरावट आई।

वहीं, जयपुर में कुछ जगह छींटे पड़े। अलवर में बारिश के कारण मंडियों में रखा अनाज भीग गया। दहन के लिए तैयार होलिका भी भीग गईं।

जयपुर मौसम केन्द्र के अनुसार 13 से 16 मार्च के बीच एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहेगा। 14 और 15 मार्च को भी बारिश और ओले गिरने की संभावना है। वहीं, 15 मार्च को अलवर, भरतपुर, दौसा, धौलपुर, जयपुर, झुंझुनूं, करौली, सीकर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, जोधपुर, नागौर और श्रीगंगानगर में मेघगर्जन और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान बीकानेर, जयपुर, भरतपुर संभाग और जोधपुर क्षेत्र में दोपहर बाद हल्की बारिश की संभावना है।

# अक्टूबर-नवबर तक मिलेंगे नए अफसर

## 21 अप्रैल से शुरू होंगे साक्षात्कार

जयपुर, 14 मार्च (एजेंसियां)। आरएएस एवं अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2023 में भर्ती प्रक्रिया में विलंब हो रहा है। भर्ती अभ्यर्थना के बाद 19 माह बीत चुके हैं। इस दौरान प्रारंभिक और मेंस दोनों ही परीक्षा के नतीजे जारी हो चुके हैं। अब 21 अप्रेल से साक्षात्कार शुरू होंगे। नए अफसर अक्टूबर-नवबर तक ही मिल सकेंगे।

**972 पदों पर होनी है भर्ती**

आयोग ने 972 पदों पर भर्ती के लिए 28 जून 2023 को अधिसूचना जारी की थी। 20 अक्टूबर को प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम जारी करने के बाद पिछले साल 20 और 21 जुलाई को आरएएस मेंस परीक्षा का आयोजन कर इस साल 2 जनवरी को नतीजा जारी किया गया। विज्ञापित पदों के विरुद्ध 2168 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए उत्तीर्ण किया है।

राजस्थान वाणिज्यिक कर अधीनस्थ सेवा के विभागीय वर्ग के लिए 19 अभ्यर्थियों को भी साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया है। आरएएस 2023 की भर्ती अधिसूचना के बाद से 20 माह बीत चुके हैं। प्रारंभिक परीक्षा 1 अक्टूबर 2023 को हुई थी। इसका परिणाम 20 अक्टूबर 2023 को जारी किया गया था। इसके बाद मेंस परीक्षा सात माह बाद हुई। मेंस परीक्षा के परिणाम घोषित करने में छह महीने बीत गए। इससे भर्ती प्रक्रिया में विलंब हो रहा है। आयोग अप्रेल में साक्षात्कार शुरू करेगा। अगस्त-सितबर तक साक्षात्कार चलेंगे।

# पार्षद ही कर रहे अवैध निर्माण, मंत्री की फटकार के बाद हरकत में आया निगम; 12 इमारत सील



जयपुर, 14 मार्च (एजेंसियां)। हेरिटेज नगर निगम के आदर्श नगर जोन में पार्षद ही अवैध इमारतों को खड़ा करवा रहे हैं। राजनीतिक रसूख के चलते निगम कार्रवाई करने से डरता रहा, जब स्थानीय लोगों ने लगातार विरोध किया और मामला नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा तक पहुंचा और मंत्री की फटकार के बाद निगम की टीम दौड़ी। आदर्श नगर जोन उपायुक्त युगांतर शर्मा ने कार्रवाई करते हुए 12 अवैध इमारतों को सील किया।

नोटिस देता रहा निगम, कार्रवाई की हिम्मत नहीं जुटा पायाः पार्षद घनश्याम चंदलानी की ओर से सिंधी कॉलोनी के भूखंड संख्या 717 में फ्लैट का निर्माण करवाया जा रहा था। पहली बार मार्च, 2024 में नोटिस जारी किया गया। इसके बाद जून और दिसंबर, इस वर्ष मार्च में भी निगम ने नोटिस जारी किया। इसी तरह सिंधी कॉलोनी के भूखंड संख्या 17-ए में हो रहे अवैध निर्माण को लेकर भी निगम ने चार नोटिस दिए। ये भूखंड भी पार्षद का ही है।

**निर्माण अवैध तो कार्रवाई में देरी क्यों?**

एक वर्ष से निगम लगातार नोटिस दे रहा था था, लेकिन जब कार्रवाई की तो ज्यादातर के निर्माण पूरे हो चुके थे। कुछ फ्लैट में तो लोग भी रह रहे हैं। ऐसे में सवाल ये भी खड़ा होता है कि जब निर्माण अवैध था तो कार्रवाई करने में देरी क्यों? क्या निगम के अधिकारी निर्माण पूरा होने का इंतजार कर रहे थे। आपको बता दें कि 12 सील की गई इमारतों में सात व्यावसायिक और पांच आवासीय हैं।

# ससुराल में युवक की संदिग्ध मौत

## सुसाइड नोट में लगाए गंभीर आरोप, परिजनों ने जताया हत्या का संदेह

बालोतरा, 14 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान के बालोतरा जिले के सिणधरी सणपा गांव में एक युवक की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि ससुराल पक्ष ने उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया, जिससे उसकी जान चली गई। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें उसने अपनी पत्नी, ससुराल वालों और एक अन्य व्यक्ति पर लगातार परेशान करने का आरोप लगाया है। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय देवी सिंह पुत्र नेन सिंह पिछले दो दिनों से अपनी ससुराल में रह रहा था। बुधवार को अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने की सूचना मिली, जिसके बाद उसे सिणधरी अस्पताल ले जाया गया। वहां से डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बालोतरा के नाहटा अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जैसे ही पुलिस को सूचना मिली, सिणधरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव की जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस को मृतक के पास से दो पन्नों का एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें उसने अपने ससुराल पक्ष पर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। मृतक के भाई हुकम सिंह पुत्र भंवर सिंह ने पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया कि 11 मार्च को देवी सिंह ने उसे कुछ वीडियो भेजे थे, जिनमें उसने अपनी ससुराल वालों द्वारा मारपीट करने और परेशान करने की बात कही थी। वीडियो मिलने के बाद हुकम सिंह और उनके साथी प्रेम सिंह ने तुरंत देवी सिंह की ससुराल जाकर इस मामले में बातचीत की। जब उन्होंने वीडियो के बारे में सवाल किया, तो देवी सिंह ने अपनी पत्नी खुशबू कंवर, सास प्रेम कंवर, ससुर रूप सिंह, नानी सास और बाबू सिंह भाटी पर लगातार प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। परिजनों के अनुसार, जब उन्होंने ससुराल पक्ष से इस बारे में बात की, तो उन्होंने अपनी गलती स्वीकार की और दोबारा ऐसी घटना न होने की बात कही। इतना ही नहीं, ससुराल पक्ष ने देवी सिंह की पत्नी खुशबू कंवर को उसके साथ भेजने का वादा किया था।

मृतक के परिजनों को फोन आया कि देवीसिंह की तबीयत अचानक खराब हो गई और उसे अस्पताल ले जाया जा रहा है। जब वे बालोतरा के नाहटा अस्पताल पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि देवी सिंह की मौत हो चुकी है। परिजनों ने आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने ही उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया, जिससे उसकी जान चली गई। परिजनों ने यह भी बताया कि आटे-साटे के तहत देवी सिंह की शादी हुई थी।

इस प्रथा के तहत देवी सिंह की बहन की शादी भी इसी परिवार में हुई थी, लेकिन कुछ समय पहले उसकी बहन की भी मौत हो चुकी थी। इसके बाद से ही देवी सिंह की पत्नी खुशबू कंवर अपने मायके में ही रह रही थी और ससुराल नहीं आ रही थी। जब भी देवी सिंह उसे वापस लाने की कोशिश करता, तो ससुराल पक्ष की ओर से उसे बार-बार पैसे देने की मांग की जाती थी।

# होली के दिन 2 नाबालिगों ने 15 साल की लड़की से किया रेप

## फिर गला दबाकर मार डाला

भरतपुर, 14 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान के डीग जिले में होली के दिन इंसानियत को शर्मसार करने देने वाला मामला सामने आया है। यहां दो नाबालिग लड़कों ने पहले 15 साल की लड़की के साथ रेप किया और फिर गला दबाकर उसकी निर्मम हत्या कर दी। होली के दिन हुए हत्याकांड से पूरे जिले में सनसनी फैल गई।

इस मामले में लड़की के दादा ने दो नाबालिगों पर रेप व हत्या का आरोप लगाते हुए खोह पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक होली के दिन घर से 500 मीटर की दूरी पर कीर्तन कार्यक्रम चल रहा था। जहां पर पूरा परिवार गया हुआ था। इस दौरान लड़की घर पर अकेली थी।

मौके पर फायदा उठाकर दो लड़के घर में घुसे और नाबालिग के साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया। पकड़े जाने के कारण से दोनों आरोपियों ने गला दबाकर लड़की की हत्या कर दी और मौके से भाग छूटे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जहां पर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लड़की के गले पर निशान मिले है। ऐसे में माना जा रहा है कि गला दबाकर लड़की की हत्या की गई है। वहीं,

# कार से 1.932 किलोग्राम अफीम जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

सिरोही, 14 मार्च (एजेंसियां)। सिरोही में पिंडवाड़ा पुलिस और डीएसटी टीम द्वारा एक स्विफ्ट डिजायर कार से 1.932 किलोग्राम अफीम का दूध जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त किए गए अफीम के दूध की कीमत 9.32 लाख रुपये बताई गई है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट में मामला दर्ज कर अग्रिम जांच की जा रही है।

सिरोही पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवाराम चौधरी सिरोही व पिंडवाड़ा वृत उपाधीक्षक भंवरलाल चौधरी के सुपरविजन में पिंडवाड़ा थानाधिकारी भवानी सिंह राजावत की अगुवाई में पुलिस एवं डीएसटी टीम द्वारा उदयपुर-पिंडवाड़ा फोरलेन पर ढांगा रेलवे पुलिया पिण्डवाडा हाइवे रोड पर नाकाबंदी की गई थी। उस दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा उदयपुर की ओर से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार को रुकवाकर तलाशी ली गई तो उसमें छिपाया गया 1.932 किलोग्राम अफीम का दूध पाया गया। इसे अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था।

पूछताछ के दौरान कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाने पर अफीम का दूध एवं कार को जब्त कर लिया गया। इस मामले में पाल का खेड़ा, पुलिस थाना बस्सी, जिला चित्तौड़गढ़ निवासी बालूलाल गुर्जर पुत्र देवीलाल गुर्जर एवं पाल का खेड़ा, पुलिस थाना बस्सी, जिला चित्तौड़गढ़ निवासी भोजराज पुत्र छोगाराम गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट में मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल, पुलिस इस बात की भी जांच की जा रही है कि ये अफीम का दूध कहां से लाया जा रहा था तथा इसे कहां ले जाया जा रहा था। इस फोरलेन पर लगातार मादक पदार्थों की तस्करी का ग्राफ बढ़ता जा रहा है।

**कार्रवाई में ये पुलिसकर्मी रहे सम्मिलित**

पुलिस के अनुसार, कार्रवाई में पिंडवाड़ा थानाधिकारी भवानी सिंह राजावत, डीएसटी टीम प्रभारी अमराराम, उपनिरीक्षक अमराराम, कांस्टेबल मुकेश कुमार, अभय सिंह, शैतानराम और सवाराम सम्मिलित रहे।

# हिरासत में मौत पर परिवार ने लगाया यातना का आरोप

## पुलिस ने आरोप को बताया निराधार

हैदराबाद, 14 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के निजामाबाद शहर में पुलिस हिरासत में संपत नामक एक व्यक्ति की मौत से तनाव पैदा हो गया है। पीड़ित के परिवार का आरोप है कि उसकी मौत पुलिस की यातना के कारण हुई है। पूछताछ के लिए लाए गए संपत कुमार की गुरुवार रात साइबर क्राइम पुलिस की हिरासत में मौत हो गई। संपत के मौत की खबर मिलते ही परिजन न्याय की मांग करते हुए सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। संपत कुमार के परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि पुलिस हिरासत में उसे प्रताड़ित किया गया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। उन्होंने घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। श्रीराम इंटरनेशनल मैनपावर में काम करने वाले संपत कुमार को हाल ही में एक अन्य व्यक्ति के साथ गिरफ्तार किया गया था, जब खाड़ी देशों में गए दो लोगों ने मैनपावर एजेंसी के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। साइबर क्राइम पुलिस ने गुरुवार को संपत को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया।संपत को मामले में पैसे की वसूली के लिए जगतियाल शहर ले जाया गया और गुरुवार रात को वापस साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन लाया गया। उन्होंने कथित तौर पर अपने बाएं हाथ में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें सरकारी अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सहायक पुलिस आयुक्त राजा वेंकट रेड्डी ने मीडियाकर्मियों को बताया कि जब उन्हें अस्पताल ले जाया गया तो संपत ठीक थे। उन्होंने कहा, वह बेहोश हो गए और डॉक्टरों की मौजूदगी में अस्पताल में उनकी मौत हो गई।पुलिस ने संपत के परिवार को उनकी मौत की सूचना दी। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि तीन डॉक्टरों की एक टीम पोस्टमार्टम करेगी।एसीपी ने कहा कि उन्होंने संपत की मौत से संबंधित मामला दर्ज कर लिया है। मृतक के परिजनों के आरोपों पर उन्होंने कहा कि मामले की न्यायिक मजिस्ट्रेट जांच करेंगे।

## तेलुगू राज्यों में पारा चढ़ा

हैदराबाद, 14 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। पिछले कुछ दिनों से राज्य में भीषण गर्मी पड़ रही है। पूरे राज्य में अकेले मार्च में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर दर्ज किया जा रहा है, जो सामान्य से 3.3 डिग्री अधिक है। हैदराबाद मौसम विज्ञान केंद्र के अधिकारियों ने कहा कि तेलंगाना के उत्तरी जिलों में गर्मी की गंभीरता विशेष रूप से अधिक है और उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री से अधिक होने की संभावना है। आदिलाबाद, कुमुरम भीम, मंचेरियल और जगित्याल जिलों में गर्म हवाओं के साथ गर्मी का प्रभाव काफी अधिक होगा। इन जिलों में पहले ही पीली चेतावनी जारी की जा चुकी है। शनिवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक पहुंचने की संभावना के कारण, शनिवार से सात और जिलों में भी पीली चेतावनी लागू हो जाएगी। मौसम विभाग के अधिकारी ने बताया कि राज्य की राजधानी और आसपास के इलाकों में तापमान 39 डिग्री तक दर्ज किया जा रहा है। दूसरी ओर, अगले 48 घंटों के दौरान पड़ोसी आंध्र प्रदेश के तटीय आंध्र प्रदेश यनम और रायलसीमा क्षेत्रों में लू की स्थिति बनी रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र ने शुक्रवार को कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश यनम और रायलसीमा में अधिकतम तापमान धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ेगा।

# बीआरएस ने पुलिस से सीएम रेवंत के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया

